राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस
क्रांति समय दैनिक समाचार में
प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रकाशित

सुरत-गुजरात,संस्करण शुक्रवार,18 नवंबर 2022 वर्ष-5,अंक-291 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# उत्तर भारत में बढ़ी ठंड

## कई शहरों में गिरा तापमान, जानें दिल्ली से यूपी तक के मौसम का हाल



नई दिल्ली। देश में लगातार बन रहे पश्चिमी विक्षोभ के चलते पहाड़ों पर बर्फबारी शुरू हो गई है जिससे उत्तर भारत के कई शहरों के तापमान में गिरावट आई है। इस बर्फबारी का असर कश्मीर से लेकर यूपी तक देखने को मिल रहा है।हिमाचल, उत्तराखंड और कश्मीर के पहाड़ों पर हल्की बर्फबारी भी शुरू हो गई है। वहीं दिल्ली, हरियाणा, यूपी, बिहार, राजस्थान, मप्र समेत समूचे उत्तर पश्चिमी व उत्तर पूर्वी राज्यों में ठंड बढ़ने लगी है। उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हिमाचल में सुबह व शाम के समय धुंध भी देखने को मिल रही है। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में आज यानी 17 नवंबर को न्यूनतम तापमान 16 डिग्री और अधिकतम तापमान 27 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। वहीं उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की बात करें तो यहां न्यूनतम तापमान 13 डिग्री तो अधिकतम तापमान 27 डिग्री है। हिमाचल की राजधानी शिमला की बात करें तो यहां न्यूनतम तापमान एक डिग्री तो अधिकतम तापमान 13 डिग्री है। वहीं उत्तराखंड की राजधानी देहरादून की बात करें तो यहां का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री तो अधिकतम 22 डिग्री है। आईएमडी ने भविष्यवाणी की है कि 18 और 19 नवंबर, 2022 को भी जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, गिलगित बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद क्षेत्र के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश में छिटपुट, हल्की से मध्यम बर्फबारी होने की संभावना है।

बीते 24 घंटे में तमिलनाडु में भारी से बहुत भारी वर्षा हुई है और केरल और निकोबार द्वीप समूह में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा हुई है। वहीं, आज तमिलनाडु, पुडुचेरी और



कराईकल, लक्षद्वीप, केरल के अलग-अलग हिस्सों में बिजली कड़कने और गरज के साथ हल्की बारिश के आसार हैं। फिलहाल, यूपी-बिहार समेत उत्तर-पूर्व के राज्यों में बारिश के असार नहीं हैं।

## संक्षिप्त

### हंसिका-सोहेल की शादी से पहले होगी खास पूजा



**मुम्बई।** एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी जल्द शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। अब उनकी शादी को लेकर कुछ नए अपडेट सामने आए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी शादी की शुरूआत माता की चौकी से होगी। ये पूजा अगले हफ्ते एक्ट्रेस के मुंबई वाले घर में होगी। हंसिका से जुड़े सूत्र ने खुलासा किया कि इस पूजा में उनके खास दोस्त और फैमिली मेंबर्स ही शामिल होंगे। पूजा के बाद जयपुर रवाना होंगी हंसिका इस पूजा के बाद मोटवानी परिवार और कथूरिया परिवार शादी के लिए जयपुर रवाना होगा। दरअसल हंसिका मोटवानी मुंबई से दूर जयपुर में डेस्टिनेशन वेडिंग करने जा रही है। इसके लिए उन्होंने जयपुर का 450 साल पुराना किला फाइनल किया है। रिपोर्ट्स की मानें तो 2 दिसंबर से प्री वेडिंग फंक्शन्स की शुरूआत होगी, जिसमें हल्दी की रस्म उसी दिन सुबह और फिर शाम को सूफी नाइट होगी। अगले दिन यानी 3 दिसंबर को हंसिका की मेहंदी और संगीत होगा। वहीं 4 दिसंबर को शादी होगी। इसके अलावा, शादी के बाद एक पोलो मैच और एक कैसीनो की भी प्लानिंग की जा रही है। हंसिका के लाइफ पार्टनर को लेकर अभी तक ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। मिली जानकारी के अनुसार उनका नाम सोहेल कथुरिया है और वो एक बिजनेसमैन हैं।

### सपा प्रत्याशी आसिम राजा ने दाखिल किया नामांकन

**रामपुर।** विधानसभा सीट पर आगामी उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की तरफ से आसिम रजा को प्रत्याशी बनाया गया है। उन्होंने गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ सपा नेता आजम खां भी मौजूद रहे। रामपुर विधानसभा सीट पर उप-चुनाव के लिए पांच दिसंबर को मतदान होंगे जबकि आठ दिसंबर को मतगणना की जाएगी। वहीं रामपुर में भाजपा ने एक बार फिर आकाश सक्सेना को प्रत्याशी बनाया है। सपा के पूर्व विधायक आजम खां के खिलाफ आकाश सक्सेना ने ही संघर्ष किया है। पार्टी ने विधानसभा चुनाव में भी आकाश को प्रत्याशी बनाया था लेकिन वह चुनाव हार गए थे। इस सीट पर दूसरी बार विधानसभा का चुनाव कराए जाने का एलान कर दिया गया है। सपा नेता आजम खां को 27 अक्तूबर को रामपुर की एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) कोर्ट ने नफरती भाषण देने के मामले में दोषी करार देते हुए तीन साल की कैद और छह हजार रुपये जुमार्ना अदा करने की सजा सुनाई थी।

# ज्ञानवापी: मुस्लिम पक्ष को एक और झटका

## कोर्ट ने मामला सुनवाई योग्य माना

वाराणसी। ज्ञानवापी परिसर हिंदुओं को सौंपने सहित तीन मांगों से संबंधित याचिका पर आज भी कोर्ट का आदेश आ गया। सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट महेंद्र कुमार पांडेय की अदालत ने किरन सिंह की याचिका को सुनवाई योग्य माना है। अब इस पर सुनवाई दो दिसंबर को होगी। इस मामले में बीते 15 अक्तूबर को ही अदालत में दोनों पक्षों की दलीलें पूरी हो गई थीं। तभी से आदेश में पत्रावली लंबित थी। इस प्रकरण में वादिनी किरन सिंह की तरफ से मुस्लिमों का प्रवेश वर्जित करने, परिसर हिंदुओं को सौंपने और शिवलिंग की पूजा पाठ राग भोग की अनुमति मांगी गई थी। अब इस मामले को कोर्ट ने सुनवाई योग्य माना है।



अदालत ने सुनवाई के लिए अगली तिथि दो दिसंबर निर्धारित की गई है। अगली तारीख पर तत्काल पूजा वाले प्रार्थना पत्र पर सुनवाई होगी। गुरुवार को कोर्ट के आदेश मद्देनजर अदालत परिसर में जबरदस्त सुरक्षा व्यवस्था रही। विश्व वैदिक सनातन संघ ने कोर्ट के इस आदेश का स्वागत किया है। वादिनी किरन सिंह के अधिवक्ताओं ने दलील में कहा था कि वाद सुनवाई योग्य है या नहीं, इस मुद्दे पर अंजुमन इंतजामिया की तरफ से जो आपत्ति उठाई गई है, वह साक्ष्य व ट्रायल का विषय है। ज्ञानवापी का गुंबद छोड़कर सब कुछ मंदिर का है जब ट्रायल होगा तभी पता चलेगा कि वह मस्जिद है या मंदिर। दीन मोहम्मद के फैसले के जिक्र पर कहा कि कोई हिंदू पक्षकार उस मुकदमे में नहीं था इसलिए हिंदू पक्ष पर लागू नहीं होता है। यह भी दलील दी कि विशेष धर्म स्थल विधेयक 1991 इस वाद में प्रभावी नहीं है। स्ट्रक्चर का पता नहीं कि मंदिर है या मस्जिद। जिसके ट्रायल का अधिकार सिविल कोर्ट को है। कहा कि यह ऐतिहासिक तथ्य है कि औरंगजेब ने मंदिर तोड़ने और मस्जिद बनवाने का आदेश दिया था। वक्फ एक्ट हिन्दू पक्ष पर लागू नहीं होता है। ऐसे में यह वाद सुनवाई योग्य है और अन्जुमन की तरफ से पोषणीयता के बिंदु पर दिया गया आवेदन खारिज होने योग्य है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं ने दलीलें रखी थी कि राइट टू प्रॉपर्टी के तहत देवता को अपनी प्रॉपर्टी पाने का मौलिक अधिकार है।

# अमृतसर पुलिस ने 2 आतंकी गिरफ्तार किए

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में स्थानीय पुलिस ने 3 हैंड ग्रेनेड के साथ दो आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। यह दोनों ही फिरोजपुर के रहने वाले हैं और अपनी कार में हैंड ग्रेनेड लेकर अमृतसर में घूम रहे थे। सूचना के आधार पर पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया और दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि फिरोजपुर के गांव बारेके निवासी प्रकाश सिंह और गांव अलीके निवासी अंग्रेज सिंह कार में दबुर्जी के पास ग्रीन फील्ड व गार्डन एनक्लेव में एक सफेद रंग की ब्रेजा कार नंबर पीबी05 एएन 1855 में घूम रहे हैं। सूचना थी कि दोनों के पास विस्फोटक हैं और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी कर रहे हैं। जिसके बाद पुलिस ने ग्रीन फील्ड व गार्डन ऐनक्लेव में सर्च अभियान चलाया। दोनों आरोपियों से तलाशी के दौरान 3 हैंड ग्रेनेड बरामद कर लिए। आरोपियों से 1 लाख रुपए भी जब्त



किए गए हैं। पुलिस ने फिलहाल दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। सूचना है कि यह दोनों आरोपी ग्रेनेड को पाकिस्तान से मिली लोकेशन से उठाकर लाए थे। पुलिस जल्द ही आरोपियों को कोर्ट में पेश करेगी और रिमांड हासिल करेगी। फिलहाल आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट 1959 सेक्शन 25, द एक्सप्लोसिव सबस्टांस एक्ट 3,4,5,6 के अंतर्गत दोनों के खिलाफ थाना मकबूलपुरा में मामला दर्ज कर लिया है। उधर, फिरोजपुर से पहुंची अंग्रेज सिंह की पत्नी परमजीत कौर ने बताया कि उसका पति गोल्डन टेंपल माथा टेकने पहुंचा था। कल रात पुलिस ने फोन करके बताया कि अंग्रेज सिंह व प्रकाश सिंह को पकड़ लिया गया है।

# वणक्कम काशी का हुआ आगाज

## एक महीने चलेगा समागम, 19 को आएंगे मोदी, नॉर्थ से जुड़ेगा साउथ

वाराणसी। काशी-तमिल संगमम का शुभारंभ हो रहा है। दो दिन तक काशी में तमिल गीत-संगीत के कार्यक्रम होंगे। खुद पीएम मोदी 19 नवंबर को काशी में मौजूद रहेंगे। इस आयोजन के लिए 13 ट्रेनों से 2592 डेलीगेट्स तमिलनाडु से काशी बुलाए गए हैं। साथ में तमिलनाडु के 10 हजार लोग काशी आ रहे हैं। कह सकते हैं कि अगले 30 दिन काशी की जमीन पर दक्षिण भारत के रंग बिखरने वाले हैं। वाराणसी के उद्ट एस. राजलिंगम ने बताया कि पीएम करीब 2 घंटे तक यहां पर रहेंगे। IIT मद्रास से चयनित 210 तमिल मेधावियों से प्रधानमंत्री बातचीत करेंगे। वहीं, शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम और लोक नृत्य की प्रस्तुतियां देखेंगे। पीएम 75 स्टालों की प्रदर्शनी देखेंगे।

इसके बाद कार्यक्रम पूरे एक महीने तक लगातार चलेगा। तमिलनाडु के 2592 डेलीगेट्स यूपी के ब्रांड अंबेसडर बनकर अपने घर लौटेंगे। काशी और उत्तर प्रदेश की ब्रांडिंग करेंगे। ये इस आयोजन की एक और खास बात है। कल रामेश्वरम से एक ट्रेन इन सभी छात्रों को लेकर काशी की



ओर चल चुकी है। इसमें ट्रेन में 216 प्रतिनिधि सवार हैं। इस ट्रेन में रामेश्वरम से 35, तिरुच्चिरापल्ली से 103 और चेन्नई एगमोर से 78 डेलीगेट्स सवार हैं। भारतीय भाषा समिति के अध्यक्ष और कार्यक्रम के आयोजक पंडित कृष्ण चमू शास्त्री ने कहा कि तमिल के लोग पूरे एक महीने तक काशी को फिजिकली यानी कि यहां पर उपस्थित होकर महसूस करेंगे। वहीं, काशी के लोग तमिलनाडु को एग्जीबिशन में देखेंगे। काशी तमिल संगमम भारत के इतिहास में हिंदी और तमिल भाषाई लोगों के मेल-मिलाप का सबसे बड़ा महोत्सव है। 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक चार अलग-अलग सप्ताह में 12 ट्रेनों से ढाई हजार तमिल डेलीगेट्स वाराणसी आएंगे। हर डेलीगेट दो दिन काशी-तमिल संगमम में रुकेगा। यहां पर BHU के छात्रों, रिसर्चरों और एकेडमिक लोगों के साथ संगोष्ठियां होंगी। वहीं, यहां पर सजे 75 स्टालों पर तमिलनाडु का कल्चर, परिधान, व्यंजन, हस्तकला, हथकरघा, हेरिटेज, वास्तुकला, मंदिर, त्योहार, खानपान, खेल, मौसम, शिक्षा और राजनीतिक जानकारियां दी जाएंगी। वे लोग वाराणसी के मंदिर, घाट, सारनाथ, हेरिटेज घूमेंगे। वहीं यहां से प्रयागराज संगम और अयोध्या में निमार्णाधीन राम मंदिर का दर्शन करके सभी लोग वापस काशी आएंगे। यहां से वे तमिलनाडु लौट जाएंगे। BHU का एंफीथिएटर ग्राउंड टेंट सिटी की तरह से सज गया है। रंग-बिरंगी लाइट्स और झालर लगा दिए गए हैं। पंडाल में भरपूर रोशनी रहे, इसके लिए ट्रासपेरेंट छत ढाली गई है।

# हरियाणा को मिले 3 नए हाइवे: पानीपत, हिसार और अंबाला में बनेंगे, चंडीगढ़ से दिल्ली सिर्फ ढाई घंटे लगेंगे

नई दिल्ली। हरियाणा को जल्द ही 3 और नए हाईवे मिलने जा रहे हैं। यह तीनों नए हाईवे भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बनाए जाएंगे। पानीपत से चौटाला गांव, हिसार से रेवाड़ी और अंबाला से दिल्ली के बीच इन हाईवे का निर्माण किया जाएगा। केंद्र ने इन तीनों नेशनल हाईवे के प्रस्ताव को मंजूर कर लिया है। अब जीटी रोड पर ट्रैफिक का बोझ कम होने में मदद मिलेगी। अंबाला से दिल्ली के बीच यमुना किनारे नया हाईवे बनने पर चंडीगढ़ से दिल्ली के बीच की दूरी 2 से ढाई घंटे तय की जा सकेगी। इसके साथ यमुना के किनारे बनने वाले हाईवे से जीटी रोड पर वाहनों का दबाव कम हो सकेगी। दिल्ली से हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, हिमाचल व जम्मू कश्मीर के बीच आने जाने के लिए नए हाईवे का प्रयोग होगा। नई दिल्ली से अक्षरधाम शुरू होकर नया हाईवे अंबाला तक बनाया जाएगा। इसे पंचकूला से यमुनानगर तक बनाए गए एक्सप्रेस वे के साथ भी जोड़ा जाएगा। पानीपत से चौटाला गांव तक नया ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे बनेगा। इससे बीकानेर से सीधे मेरठ तक की कनेक्टिविटी होगी।

# राहुल बोले: सावरकर ने अंग्रेजों की मदद की, उद्धव का जवाब- कांग्रेस नेता का बयान स्वीकार्य नहीं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी विनायक दामोदर सावरकर के अंग्रेजों की मदद करने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि वीर सावरकर ने अंग्रेजों की मदद की। राहुल ने महाराष्ट्र सरकार को भारत जोड़ो यात्रा को रोकने की चुनौती भी दी। इससे पहले महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना के एक धड़े के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस नेता टिप्पणी से पल्ला झाड़ लिया। उद्धव ने कहा कि उनकी पार्टी वीडी सावरकर का बहुत इज्जत करती है और वह स्वतंत्रता सेनानी पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी को स्वीकार नहीं करते



हैं। हमारे मन में स्वतंत्र वीर सावरकर के लिए बहुत सम्मान और विश्वास है और इसे मिटाया नहीं जा सकता। लोगों से बात करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक पत्र को पढ़ा। दावा किया कि वह वीर सावरकर ने अंग्रेजों को लिखा था। राहुल ने पत्र को पढ़कर सुनाया कि सर, मैं आपके सबसे आज्ञाकारी सेवक बने रहने की विनती करता हूं। उस पर हस्ताक्षर भी किए गए थे। सावरकर ने अंग्रेजों की मदद की। उन्होंने डर के मारे पत्र पर हस्ताक्षर करके महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल जैसे नेताओं को धोखा दिया। इससे पहले वाशिम जिले में मंगलवार को अपनी भारत जोड़ो यात्रा के तहत आयोजित एक रैली के दौरान राहुल गांधी ने कहा था कि सावरकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रतीक हैं। सावरकर ने खुद पर एक अलग नाम से एक किताब लिखी थी और बताया था कि वह कितने बहादुर थे।

# डेंगू का प्रकोप: यूपी सरकार ने केंद्र को पत्र लिखकर मांगा 55 हजार लीटर मिट्टी का तेल, छिड़काव के लिए है जरूरी

लखनऊ। डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए राशन की दुकानों पर केरोसिन वितरण की मांग तेजी से उठ रही है। उधर खाद्य एवं रसद विभाग ने कहा है कि उसके पास केवल बचा हुआ और रिजर्व में रखा स्टॉक ही है। इस पर प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार से 55 हजार लीटर मिट्टी का तेल मांगा है। इस समय मच्छर जनित बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा है। खास तौर पर डेंगू और मलेरिया से लोग परेशान हैं। ऐसे में लोगों को मच्छर और उसका लार्वा मारने की सलाह दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग भी कह रहा है कि यदि घर के आसपास जहां भी पानी जमा देखें वहां केरोसिन यानी मिट्टी का तेल छिड़क दें। इस मौसम में कूलर के इस्तेमाल से भी बचना चाहिए। केरोसिन मच्छर और इसके लार्वा दोनों को ही मार डालता है। चूंकि अब राशन की दुकानों पर मिट्टी का तेल मिलना बंद हो गया है तो लोग मांग कर रहे हैं कि इसका वितरण फिर से शुरू किया जाए। उधर राशन विक्रेता भी इस बाबत



दिल्ली तक जाकर मांग कर चुके हैं। उनका कहना है कि इस सीजन में मिट्टी का तेल बंटना चाहिए। केंद्र सरकार को इसकी मंजूरी देते हुए कोटा जारी करना चाहिए। उधर, खाद्य एवं रसद विभाग रिजर्व में रखे केरोसिन को बेचने की तैयारी कर रहा है। वर्ष 2021 का बचा हुआ केरोसिन भी कुछ जिलों में ही रखा है। इसे भी बेचा जाएगा लेकिन केवल मलेरिया विभाग को। वह भी व्यावसायिक दर पर। ऐसे में आम लोगों को इसका कोई खास लाभ होने वाला नहीं है। मलेरिया विभाग इसमें पैराथम मिलाकर छिड़काव करता है। अब खाद्य एवं रसद विभाग के विशेष सचिव दिव्य प्रकाश ने पेट्रोलियम एवं गैस मंत्रालय को पत्र लिखकर 55 हजार लीटर मिट्टी का तेल उपलब्ध कराने को कहा है।

## संपादकीय

# कब तक पराया धन

इसमें दो राय नहीं कि 21वीं सदी का भारत लैंगिक समानता के नये सोपान तय कर रहा है। आजादी के बाद देश में प्रधानमंत्री से लेकर राष्ट्रपति तक के शीर्ष पद महिलाएं बखूबी संभाल चुकी हैं। आज उनके वीरता व साहस के हौसले देखकर ही सेना ने भी उनके लिये दरवाजे खोल दिये हैं। इसके बावजूद रूढ़िवादिता, अशिक्षा तथा पितृसत्तात्मक सोच के चलते कुछ गिने-चुने स्थानों में बेटियों से भेद होता नजर आता है तो यह सुनना कष्टकारी होता है। सवाल उठता है कि जब लोकतंत्र की सबसे छोटी इकाई से लेकर बड़ी जनप्रतिनिधि संस्थाओं में भी महिलाओं की पर्याप्त निर्णायक भूमिका है तो फिर लिंगभेद की सोच क्यों? ऐसी ही एक व्यथित करने वाली खबर प्रगति के आयाम रच रहे हरियाणा के हिसार से आई। बताया गया कि 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के नये मतदाताओं में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों के मुकाबले चिंताजनक स्तर तक कम रही है। जो कुल 16,699 नये मतदाता जुड़े, उसमें बड़ी संख्या पुरुष मतदाताओं की रही। जो करीब 11,869 थी। इन नये मतदाताओं में केवल 5030 महिला मतदाता थीं। बताया गया कि नये मतदाताओं में लिंगानुपात महज 423 रह गया है। अधिकारियों ने इसकी वजह यह बतायी कि अभिभावक बेटियों की शादी के मद्देनजर उनका वोट नहीं बनवाते। निस्संदेह, यह हमारे समाज के एक तबके में रूढ़िवादी सोच का परिचायक है जो कि बेटियों को नये वोटर बनाने से परहेज करता रहा है। निस्संदेह ऐसा तंग नजरिया बेटियों के लोकतांत्रिक अधिकार का हनन करता है। विश्वास किया जा रहा था कि साक्षरता के प्रसार और सूचना विस्फोट के युग में बेटियों के प्रति ऐसी भेदभाव वाली सोच पर अंकुश लगेगा, लेकिन कुछ इलाकों में रूढ़िवादिता बरकरार है। खासकर राष्ट्रीय राजधानी से निकट स्थित राज्य में, जहां बेटियां आज खेलों से लेकर साहसिक अभियानों तक में पूरी दुनिया में सफलता का परचम लहरा रही हैं। कहीं न कहीं यह हमारे सत्ताधीशों की भी असफलता है कि वे समाज में अंतिम व्यक्ति तक प्रगतिशील सोच विकसित करने की मुहिम युद्ध स्तर पर नहीं चला पाये हैं।

निस्संदेह, दिल्ली को तीन तरफ से घेरने वाले राज्य में विकास व प्रगतिशीलता की बयार अब तक बहुत कुछ बदल चुकी है। शहरों में तो स्थिति कमोबेश काफी सुखद है। कभी बुरे लिंगानुपात के लिये पहचान बनाने वाले हरियाणा में स्थितियों में काफी सुधार हुआ है। राज्य में खाप पंचायतों के भी कई प्रगतिशील फैसले देखने में आये हैं। साक्षरता का स्तर बढ़ा है और प्रति व्यक्ति आय देश के शेष राज्यों से बेहतर स्थिति में है। ऐसे में सदियों पुरानी रूढ़िवादिता के अवशेष मिटाने के लिये अतिरिक्त प्रयास करने की जरूरत है। यहां जरूरत इस बात की है कि इस सोच का प्रतिकार करने के लिये सरकार के अलावा सामाजिक संगठन भी आगे आयें। विडंबना ही है कि हाल-फिलहाल समाज में रचनात्मक चेतना जगाने वाले स्वयंसेवी संगठनों की सक्रियता में कमी आई है। एक समय नुक्कड़ नाटकों, सूचना व संस्कृति आदि विभागों की ओर से प्रगतिशील सोच विकसित करने के प्रयास किये जाते रहे हैं। कई राष्ट्रीय कार्यक्रमों को इनके जरिये आशातीत सफलता मिली भी है। आज 21वीं सदी में किसी भी तरह का लैंगिक भेदभाव अस्वीकार्य है। भारतीय चुनाव आयोग की ओर से भी तंग सोच का प्रतिकार करने के लिये राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जाना चाहिए। कमोबेश ऐसी स्थिति केवल हरियाणा में ही नहीं है। कई संकीर्ण विचारधारा वाले वर्गों में भी ऐसी सोच पायी जाती है कि बेटी तो पराया धन है। वह तो घर में कुछ वर्षों की मेहमान है। दरअसल, यह समय कन्यादान को नये सिरे से परिभाषित करने की मांग करता है। नये दौर में समझना चाहिए कि बेटी यदि जागरूक होगी, लोकतंत्र में सक्रिय होगी तो कल वह कहीं भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। यह उसके सर्वांगीण विकास के लिये भी जरूरी है और अपनी आने वाली पीढ़ियों को भी लोकतांत्रिक रूप से सचेत बनाने के लिये महत्वपूर्ण है। निस्संदेह, बेटी मायके से जितनी मजबूत और आत्मनिर्भर बनकर निकलेगी, ससुराल और समाज में वह उतनी मजबूती से अपने दायित्वों को निभा सकेगी। साथ ही किसी भी तरह के अन्याय का प्रतिकार कर सकेगी।

# कूटनीति में समाधान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस-यूक्रेन विवाद को सुलझाने के लिए 'युद्ध विराम और कूटनीति' के रास्ते पर लौटने का आह्वान किया है। बाली में हो रहे वार्षिक जी-20 शिखर सम्मेलन के एक सत्र को मंगलवार को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, वैश्विक महामारी कोविड-19 और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण उत्पन्न वैश्विक चुनौतियों ने दुनिया में तबाही मचा दी है। इंडोनेशिया के बाली में हो रहे जी-20 शिखर सम्मेलन का यह सत्र खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा विषय पर विचार के लिए बुलाया गया था, जिसमें तमाम प्रतिभागियों ने खाद्य और ऊर्जा संबंधी वैश्विक समस्याओं के असर को रेखांकित किया। मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि पूरी दुनिया में आवश्यक वस्तुओं का संकट पैदा हो गया है, और हर देश के गरीब नागरिकों के लिए चुनौतियां खास तौर पर विक राल हो चली हैं। भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा का मुद्दा इसलिए खास है कि भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है, और ऊर्जा बाजार में स्थिरता उसके हित में है। रूस कच्चे तेल का सबसे बड़ा उत्पादक है, और भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए उससे कच्चा तेल खरीदता है। लेकिन पश्चिमी देश और अमेरिका रूस से तेल एवं गैस खरीद पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान कर रहे हैं। लेकिन भारत समेत तमाम विकासशील देशों का का हित इसमें है कि समावेशी ऊर्जा परिवर्तन के लिए उन्हें समयबद्ध व किफायती वित्त और प्रौद्योगिकी की सतत आपूर्ति जारी रहे। गौरतलब है कि भारत 2023 तक अपनी जरूरत की आधी बिजली का उत्पादन नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से करने लगेगा। जब तक ऊर्जा जरूरतों के लिए कच्चे तेल और गैस पर उसकी निर्भरता बनी रहेगी। ऐसे में कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति लाइन में बाधा भारत के हितों के लिए नुकसानदेह होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने इसलिए रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध विराम और कूटनीति के रास्ते पर लौटने पर जोर दिया है। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री याद दिलाते हैं कि द्वितीय विश्व युद्ध ने किस कदर दुनिया पर कहर बरपाया था। इसलिए यह मंच मौका था कि रूस की ऊर्जा आपूर्ति को प्रतिबंधित करने में जुटे अमेरिका और पश्चिमी देशों को दोटूक संदेश दिया जाए कि इस तरह के प्रतिबंध उचित नहीं हैं। बेहतर तो यह होगा कि विश्व की सप्लाई लाइन बनाए रखने के लिए तमाम देश परस्पर सहमति बनाएं ताकि विश्व की परेशानी बढ़ने न पाएं।




## चिंतन-मनन

# आहार का असर

आदमी बीमार हो गया। रक्त चढ़ाने की जरूरत हुई। डॉक्टर रक्त चढ़ाता है, तो पहले वह ग्रुप मिलाता है। किस ग्रुप का रक्त है? ठीक मिलेगा या नहीं? सेठ को रक्त चढ़ाना था- एक कंजूस आदमी का रक्त ठीक मिला, चढ़ाया गया। सेठ को पता चला कि उसको कंजूस का रक्त चढ़ाया जा रहा है। सेठ बड़ा उदार था। अपने मुनीम को कहा, 'उसको तीन हजार रूपए दे दो।' भाग्य की बात, दूसरी बार फिर खून चढ़ाने की जरूरत हुई। उसी कंजूस का रक्त। सेठ ने कहा, 'उसे सौ रूपए दे दो।' तीसरी बार जरूरत हुई तो सेठ ने एक कागज लिया और उस पर लिखा साधुवाद, धन्यवाद!

ऐसा क्यों हुआ? सेठ तो उदार था, किन्तु जिसका रक्त चढ़ाया जा रहा था, वह कंजूस था। उसका इतना प्रभाव हुआ कि जब तक रक्त का पूरा प्रभाव नहीं हुआ तो तीन हजार रूपए दिए, थोड़ा प्रभाव हुआ तो सौ रूपए और पूरा प्रभाव हुआ तो धन्यवाद दिया।

कहने का अर्थ यह कि चाहे रक्त हो, चाहे कोई दूसरी वस्तु हो, हमारे शरीर में बाहर के जो परमाणु प्रवेश पाते हैं, वे परमाणु जिस प्रकार के होते हैं, अपना प्रभाव डाले बिना नहीं रहते। इसलिए यह विषय हमारे लिए इतना महत्व का है कि बाहर से क्या आ रहा है, हम पूरा विवेक करें, पूरी छानबीन करें, तब ही किसी बात को स्वीकार करें। हम इस बात को अस्वीकार नहीं करेंगे कि भोजन के परमाणुओं में अनेक तत्व विद्यमान होते हैं, अनेक संस्कार मिले होते हैं। उन संस्कारों का असर हमारे जीवन के दैनिक क्रियाकलापों पर पड़ता है। इससे हम अछूते नहीं रह सकते।

# सेना की नाराजगी के बीच इमरान के मंसूबे

पाकिस्तान में सेना में टकराव के मूड में डटे इमरान खान के लिये आने वाले दिनों में चुनौतियां बढ़ने वाली हैं। मौजूदा थल सेनाध्यक्ष की नवंबर के अंत तक विदाई होनी है। ऐसे में शरीफ परिवार की कोशिश होगी कि इमरान खान का पसंदीदा व्यक्ति सेनाध्यक्ष न बने। इसके बावजूद इमरान की लोकप्रियता चरम पर हैं।

जी. पार्थसारथी

पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी कराची और राष्ट्रीय राजधानी इस्लामाबाद में रहने के बाद कोई भी महसूस कर सकता है कि वहां चुने हुए प्रतिनिधि जो भी करते हैं, उससे समाज के लगभग तमाम वर्गों को फर्क पड़ता है। सबसे अहम, साफ दिखाई देता है कि असली ताकत सर्वशक्तिमान सेना के हाथों में है। कराची में भारतीय उच्चायुक्त की रिहायश, जो कभी भारतीय राजदूत का निवास हुआ करती थी, शहर के सबसे संभ्रांत इलाके क्लिफटन में थी, इसके ऐन सामने भुट्टो परिवार का पुश्तैनी घर है। मेरे वक्त में बेनज़ीर भुट्टो घर में नज़रबंद थीं, लेकिन उनकी मां नुसरत भुट्टो को कहीं भी आने-जाने की छूट थी। तत्कालीन सैनिक तानाशाह जिआ-उल-हक को लगता था कि बेनज़ीर को आजाद रखने से कहीं अधिक गंभीर समस्याएं खड़ी होंगी। चूंकि सेना नुसरत भुट्टो को अपनी बेटी की बनिस्बत खास खतरा नहीं मानती थी, लिहाजा उन्हें जल्द ही आजाद घूमने की इज़ाजत मिल गई, पर बेनज़ीर की नज़रबंदी बरकरार रखी गई। कुछ ऐसा ही हाल कारगिल युद्ध की परिणति में नवाज़ शरीफ़ परिवार का रहा था, लेकिन मुशर्रफ प्रशासन पर सऊदी अरब के दबाव के कारण उन्हें जल्द रिहाई मिली और पहले वे सऊदी अरब में, तो फिर लंदन स्थित अपने पारिवारिक घर में निर्वासित जीवन व्यतीत करने लगे।

सऊदी शाही परिवार और नवाज़ शरीफ खानदान के पुराने व्यावसायिक और निजी रिश्ते रहे हैं और नवाज़ शरीफ़ की वहां काफी पूछ और हैसियत है। लेकिन सऊदी अरब में जनरल मुशर्रफ शरीफ परिवार जितने न तो लोकप्रिय थे न ही पसंद किए जाते थे। अलबत्ता सेवानिवृत्ति उपरांत मुशर्रफ को लंदन और अबू धाबी में घर बनाने में सेना ने मदद की थी। किसी ने यह सवाल नहीं पूछा कि आखिर पाकिस्तान के एक सेवानिवृत्त सेना अधिकारी के पास इतना धन कहां से आया कि वह लंदन और यूएई में शानोशौकत भरे घर कैसे बना पाया। बंटवारे के बाद पाकिस्तान के सिंध प्रांत में बसे अधिकांश मुहाजिरों के कराची स्थित नेता अल्ताफ हुसैन भी सालों से लंदन में आरामदायक जिंदगी व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने मुजाहिरों को और ज्यादा हको-हकूक देने की मांगों को लेकर चले कई आंदोलनों का नेतृत्व किया था। वे भारत के साथ रिश्ते बेहतर बनाने का भी अनुरोध किया करते थे। जैसा कि पूर्वानुमान था, उन पर लंबे समय तक पाकिस्तान में भारतीय हितों को पोषित करने का आरोप लगता रहा। हालांकि अल्ताफ हुसैन और नवाज़ शरीफ जैसे पाकिस्तान के स्व-निर्वासित नेताओं को किसी ने नहीं पूछा कि उनकी शानो-शौकत भरी जिंदगी के लिए पैसा कहां से आता है।



नवाज़ शरीफ़ और उनका परिवार सऊदी अरब के पसंदीदा रहे हैं, इसलिए मुशर्रफ द्वारा तख्तापलट किए जाने के फौरन बाद उन्हें वहां सुरक्षित पनाह मिली। नवाज़ शरीफ को लंदन में रहना अधिक आसान लगा तो वहां के शानदार घर में रहने लगे। अन्य बहुत से लोगों की तरह नवाज़ शरीफ खानदान भी पाकिस्तान की बजाय लंदन को अधिक महफूज़ मानता है। सालों से लंदन में रहने वाले अन्य नामी हस्तियों में जनरल परवेज़ मुशर्रफ़ एक हैं, जो खुद नवाज़ शरीफ़ के निर्वासन के जिम्मेवार हैं। लेकिन हाल-फिलहाल लंदन में रह रहे पाकिस्तानी नेताओं में नवाज़ शरीफ सबसे प्रभावशाली हैं, जिनकी पाकिस्तान वापसी जल्द होने की उम्मीद है। यहां तक कि अब जनरल बाजवा के नेतृत्व वाली सेना को भी लगने लगा है कि देश में, खासकर पंजाब प्रांत में, नवाज़ शरीफ़ की मौजूदगी जरूरी है। 3 नवंबर को एक बंदूकधारी की गोली से जख्मी हुए इमरान खान की लोकप्रियता में भारी इज़ाफा होने के कारण यह भावना और बलवती हो गई है।

इमरान खान की तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के महासचिव असद उमर ने हाल ही में चौंकाने वाला बयान दिया है, जिसमें प्रधानमंत्री शाहबाज़ शरीफ़ और गृहमंत्री राणा सनाउल्लाह और प्रति-खुफिया विभाग के महानिदेशक मेजर जनरल फैज़ल नसीर पर 3 नवम्बर को इमरान पर हमले की रूपरेखा तैयार करने का इल्जाम लगाया है। गोली लगने के बाद अस्पताल में भरती होने से पहले इमरान खान आम चुनाव जल्द करवाने की मांग को लेकर आयोजित रैली का नेतृत्व कर रहे थे। इस गंभीर स्थिति को सामने पाकर, आईएसआई के महानिदेशक ले. जनरल नदीम अंजुम ने इमरान खान पर पाकिस्तानी सेना के गुट से समर्थन पाने का आरोप मढ़ा। इसके पीछे तथ्य है भी, क्योंकि पाकिस्तानी सेना का युवा तबका इमरान समर्थक है, और इमरान खान को यकीन है कि उन्हें मारने की साजिश सेना ने बनाई थी।

28 नवम्बर को जनरल बाजवा विधिवत? सेवानिवृत्त होने को हैं, नए सेनाध्यक्ष की तलाश जारी है। विदेशी मामलों में बाजवा द्वारा महत्ती भूमिका निभाना उनकी आलोचना का और अधिक कारक बना। उनके और इमरान के बीच में प्यार कभी कम नहीं हुआ और यह महसूस करना न्यायोचित बन गया जब बाजवा भी अमेरिका के नज़दीक होने लगे। दिवालिया होने की कगार पर पहुंचे पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से फौरी राहत दिलवाने के लिए जनरल बाजवा ने सक्रिय होते हुए बाइडेन प्रशासन के साथ मध्यस्थ की भूमिका निभाई। कायदे से 28 नवम्बर को उनकी सेवानिवृत्ति लंबित है, शरीफ़ खानदान और बाजवा नहीं चाहेंगे कि इमरान खान के पसंदीदा ले. जनरल फैय्याज़ हमीद - जिन्हें इमरान के प्रधानमंत्री काल में आईएसआई मुखिया बनाया गया था, पर जनरल बाजवा ने अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया था- वह अगले सेनाध्यक्ष बनें। वैसे भी वरीयता सूची में उनसे ऊपर चार जनरल हैं। इसलिए लगता नहीं कि सेना द्वारा प्रधानमंत्री को भेजी जानी वाली सूची में उनका नाम शामिल होगा।

पाकिस्तान उथल-पुथल वाले वक्त की ओर अग्रसर है। यह समस्याएं निरंतर होने वाली हैं, क्योंकि देशभर में बढ़ी लोकप्रियता के बूते इमरान खान और आक्रामक होते जाएंगे। हाल-फिलहाल इमरान खान पाकिस्तान में सबसे लोकप्रिय राजनेता हैं, इसमें कोई शक नहीं, यहां तक कि, बाकी देश के अलावा सबसे अधिक जनसंख्या वाले पंजाब सूबे में भी उनकी लोकप्रियता सिर चढ़कर बोल रही है, हालिया उपचुनाव की जीत इसकी गवाही भरती है। जनरल बाजवा की तरह नवाज़ शरीफ़ भी इमरान खान को सत्ता से दूर रखना चाहेंगे। इसलिए लगता है, नवाज़ शरीफ पर चल रहे कानूनी मुकदमे वापस लिए जाने के बाद वे जल्द पाकिस्तान वापसी करेंगे। हालांकि उनके अनुज और वर्तमान प्रधानमंत्री शाहबाज़ शरीफ़ एक काबिल प्रशासक हैं लेकिन उनमें राजनीतिक कौशल, छवि और नेतृत्व क्षमता की कमी है, जो कि आक्रामक हुए इमरान खान का सामना करने को बहुत जरूरी है। चूंकि वरिष्ठता सूची में इमरान के चहेते जनरल से ऊपर चार अफसर हैं और इनमें एक अगला सेनाध्यक्ष होगा, इसलिए अनुमोदन सूची में उसका नाम शामिल होने की संभावना कम ही है। संकेत हैं कि इस मामले पर शाहबाज़ शरीफ़ ने अग्रज नवाज़ शरीफ से विस्तृत चर्चा की है, जब वे हाल ही में लंदन में उनसे मिले थे।

लेखक पूर्व वरिष्ठ राजनयिक हैं।

## विचार मंथन

# बंदूक की नोक पर उम्मीदवारी वापस, नोट लेकर टिकट देने का आरोप

सनज जैन

गुजरात में विधानसभा के चुनाव हो रहे हैं। वहीं दिल्ली में एमसीडी के चुनाव हो रहे हैं। इन दोनों चुनाव की देश में इस समय सबसे ज्यादा चर्चा भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी की हो रही हैं। भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी पर पैसे लेकर टिकट देने का आरोप लगाया है। आम आदमी पार्टी के विधायक पर यह आरोप लगा है। इस केस में एंटी करप्शन ब्रांच ने मॉडल टाउन से आप विधायक त्रिपाठी उनके साले ओम सिंह प्रिंस रघुवंशी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भाजपा ने इसे अरविंद केजरीवाल का लूट मॉडल बताया है। टिकट के लिए पैसे देने वाले शोभा खारी ने कमलानगर के वार्ड क्रमांक 69 से पार्षद की टिकट मांगी थी। उसके बदले में आप विधायक ने 90 लाख रुपए मांगे थे। शिकायतकर्ता ने 55 लाख रुपए एडवांस दे दिए थे। एसीबी ने तीनों आरोपियों को टिकट के बदले ली गई रकम, जब वह वापिस करने उसके घर गये थे। समय गिरफ्तार किया गया है।

आम आदमी पार्टी ने सूरत में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कंचन जरीवाला के अपहरण और गन प्वाइंट पर लेकर, नाम वापस कराए जाने के आरोप भारतीय जनता पार्टी पर लगाए हैं। इसके लिए आम आदमी पार्टी के नेता प्रदेश और केंद्रीय चुनाव आयोग के दफ्तरों में पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। धरना भी दिया। गुजरात और दिल्ली के चुनाव में जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी एक दूसरे के खिलाफ आरोप लगा रहे हैं। उससे लोकतांत्रिक व्यवस्था, चुनाव आयोग, जांच एजेंसी की भूमिका को लेकर चर्चायें होने लगी है।



देश में यह स्थिति पहली बार देखने को मिल रही है। जब विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार का अपहरण कर 24 घंटे के बाद पुलिस की सुरक्षा में ले जाकर नाम वापस करा लिया जाता है। इसी तरह की स्थिति चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े करता है।

नगर निगम की टिकट लेने के लिए 90 लाख में सौदा हुआ, उसमें 55 लाख रूपया एडवांस देने वाले टिकटार्थी को, टिकट नहीं मिलने पर विधायक रकम लौटाने के लिए आरोपी के घर जाए। वहीं पर एसीबी की टीम पैसा वापस करते समय रंगे हाथों विधायक और साथियों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर ले। इस तरह का मामला इसके पूर्व कभी सामने नहीं आया।

बहरहाल भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ जिस तरह से आम आदमी पार्टी ने गुजरात में मोर्चा खोला है। भारतीय जनता पार्टी को अपने निशाने पर लिया है। दिल्ली मॉडल के नाम पर भारतीय जनता पार्टी को गुजरात में मुसीबत में डालने का काम किया है। गुजरात चुनाव की घोषणा के साथ ही दिल्ली नगर निगम के चुनाव की घोषणा होना। आम आदमी पार्टी के नेताओं को गुजरात से हराकर दिल्ली के चुनाव में व्यस्त कर देना भाजपा की रणनीति है। गुजरात और दिल्ली में सत्ता के अधिकार और जांच एजेंसियां भाजपा के नियंत्रण में है। उससे आम आदमी पार्टी कहीं ना कहीं साजिश के रूप में आम आदमी पार्टी के आरोप से, मतदाता भी गंभीर नहीं दिख रहा है। आम आदमी पार्टी ने जिस मुखरता के साथ भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोला है। उससे एक बात तो जरूर देखने में आ रही है। अब लोग भाजपा के खिलाफ मुखर होने लगे हैं। मंहगाई, बेरोजगारी को लेकर भाजपा के खिलाफ आम आदमी विरोध में अपनी बात कहने लगा है। जो कुछ माह पहले तक संभव नहीं था। इससे भाजपा की मुश्किलें बढ़ रही है। भाजपा और आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा जिस तरह से एक दूसरे के उपर साजिश और भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे है। उससे राजनेताओं के प्रति जो सम्मान और विश्वास लोगों में होता था। वह बड़ी तेजी के साथ खत्म होता जा रहा है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में यह सबसे बड़ी चिंता का विषय है।

## केरल

# मनमानी पर उतरी विजयन सरकार

के. विक्रम राव

जिस निर्लज्जता से केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन ने सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेश की अवमानना की है, वह अत्यंत गंभीर संवैधानिक गलती है।

केरल उच्च न्यायालय के निर्णय को निरस्त करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने 21 अक्टूबर, 2022 को राज्य शासन द्वारा नामित एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर डॉ. एम. एस. राजश्री की नियुक्ति को अवैध करार दिया था। न्यायाधीश-द्वय मुकेश कुमार रसिकभाई शाह तथा चुडलाटी थेवन रवि कुमार ने अपने आदेश में कहा कि केरल शासन का निर्णय त्रुटिपूर्ण है, और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मान्य नियमों का उल्लंघन करता है। आयोग के अनुसार कुलपति के चयन के लिए खोज समिति बनती है जो कुछ नामों को अग्रसारित करती है। मगर डॉ. राजश्री का अकेला नाम सूची में था। वैकल्पिक नामांकन नहीं था। अतः वह रद्द कर दिया गया।

मगर माकपा शासन ने इस आदेश को क्रियान्वित नहीं किया। इसी तरह केरल उच्च न्यायालय ने केरल मत्स्य पालन एवं महासागर अध्ययन विश्वविद्यालय (केयूएफओएस) के कुलपति की नियुक्ति को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि उनकी नियुक्ति भी यूजीसी के मानदंडों के खिलाफ है। मुख्य न्यायाधीश एस. मणिकुमार और शाजी पाल चाली की खंड पीठ ने कहा कि डॉ. के. रीजि जॉन को केयूएफओएस का कुलपति नियुक्त करने के दौरान यूजीसी के उस नियम का पालन नहीं किया गया जिसके तहत कुलाधिपति को तीन या उससे अधिक दावेदारों की सूची भेजना अनिवार्य है। पीठ ने कहा कि नये कुलपति के लिए कुलाधिपति एक चयन कमेटी गठित कर सकते हैं। स्पष्ट किया कि कुलपति के चयन में यूजीसी के मानदंडों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। उच्च न्यायालय का यह फैसला डॉ. जॉन की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आया है।



यह फैसला राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान द्वारा जॉन का इस्तीफा मांगे जाने के कदम को जायज ठहराता है। खान ने इस आधार पर जॉन का इस्तीफा मांगा था कि उच्चतम न्यायालय ने ऐसे ही एक मामले में कहा था कि यूजीसी के मानदंडों के अनुसार राज्य सरकार द्वारा गठित चयन कमेटी को कम से कम तीन उपयुक्त दावेदारों के नामों की सिफारिश करनी चाहिए थी। राज्यपाल चाहते हैं कि कुलपति का नामांकन आयोग की नियमावली के मुताबिक हो। पिनरायी विजयन अपने चहेतों को पदासीन कराना चाहते हैं। यही मूलभूत मसला है कि शासन नियमों पर चलेगा या पार्टी हित में? आरिफ मोहम्मद खान के विरुद्ध अभियान की वजह क्या है? मुख्यमंत्री विजयन के निजी सचिव हैं केके रागेश। उनकी पत्नी को कन्नूर विश्वविद्यालय कुलपति तथा गोपीनाथ रवीन्द्रन को मलयालम भाषा विभाग में एसो. प्रोफेसर नियुक्त कर दिया गया है। चयन समिति के समक्ष छह प्रत्याशी पेश हुए थे।

सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी के अनुसार डॉ. प्रिया का शोध स्कोर मात्र 156 था। द्वितीय स्थान पर नामित हुए प्रत्याशी को 651 अंक मिले थे। इंटरव्यू में द्वितीय आए उम्मीदवार को कुल 50 में से 32 अंक मिले जबकि प्रिया को पचास में से मात्र 30 अंक। राज्यपाल आरिफ को सूचना मिली कि प्रिया के पति रागेश माकपा के छात्र संगठन एसएफआई के प्रमुख थे और माकपा के पूर्व सांसद। इस बीच केरल हाई कोर्ट ने प्रिया की नियुक्ति पर रोक भी लगा दी। यूजीसी को नोटिस भी जारी कर दिया।

इसके अतिरिक्त केरल में एक और शासकीय कुप्रथा है। इससे राज्य कोष पर अनावश्यक बोझ पड़ता है। केरल के मंत्रियों को अधिकार है कि वे बीस-बीस व्यक्तियों को अपने निजी स्टाफ में नियुक्त कर सकते हैं। स्वाभाविक है कि सभी राजनीतिक कार्यकर्ता होंगे। ढाई साल की नौकरी के बाद सभी को कानूनन आजीवन पेंशन भी मिलती है। क्या पार्टीबाजी है? राज्यपाल ने इस पर ऐतराज जताया तो माकपा मुख्यमंत्री नाराज हो गए। माकपा ने राज्यपाल के पद ही को खत्म करने की मांग कर दी। एक अन्य अत्यंत गंभीर आरोप भी राज्यपाल का है कि मुख्यमंत्री राज्यपाल को शासकीय विषयों तथा सूचनाओं से वंचित रखते हैं। राज्यपाल को आतंकित करने में सारे हथकंडे अपनाते हैं।




## बैंक हड़ताल 19 नवंबर को

**नई दिल्ली ।** ऑल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन ने अपनी मांगों के संबंध में 19 नवंबर को हड़ताल का आहवान किया है और तीसरा शनिवार होने की वजह से बैंक में छुट्टी भी नहीं है। बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि एसोसिएशन के महासचिव ने इंडियन बैंक एसोसिएशन को हड़ताल के संबंध में नोटिस भेजा है। इसके मुताबिक, शनिवार को बैंक हड़ताल प्रस्तावित है। हड़ताल से बैंकिंग सेवाओं में रुकावट आ सकती है। ऑल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन ने बैंकों के निजीकरण के खिलाफ और बैंक कर्मियों की सुरक्षा को लेकर अपनी मांगों के संबंध में हड़ताल का ऐलान किया है। अपने बैंकों से जुड़े काम इन दो दिनों में निपटाना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि शनिवार के बाद रविवार को बैंकों में सासाहिक अवकाश रहेगा। यानी दो दिन बैंक में कामकाज प्रभावित रहेगा। देशव्यापी हड़ताल के दौरान विभिन्न बैंक के एटीएम में नकदी की कमी देखने को मिल सकती है। हालांकि, हर बैंक अपने ग्राहकों को परेशानी से बचाने के लिए प्रयास कर रही है।

## सरकार ने कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स बढ़ाया

**- कम होगा तेल कंपनियों का मुनाफा**

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स बढ़ा दिया है जबकि डीजल के निर्यात पर टैक्स को कम कर दिया है। एक आधिकारिक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। इसके अनुसार सरकार के स्वामित्व वाली ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) जैसी कंपनियों द्वारा उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 17 नवंबर से 9,500 रुपए प्रति टन से बढ़ाकर 10,200 रुपए प्रति टन कर दिया गया है। वहीं विंडफॉल टैक्स के पाक्षिक संशोधन में सरकार ने डीजल के निर्यात पर दर को 13 रुपए प्रति लीटर से घटाकर 10.5 रुपए प्रति लीटर कर दिया है। डीजल पर लगने वाले शुल्क में 1.50 रुपए प्रति लीटर रोड इंफ्रास्ट्रक्चर सेस शामिल है। जेट ईंधन या एटीएफ पर निर्यात कर में कोई बदलाव नहीं किया गया है जिसे एक नवंबर को पिछली समीक्षा में पांच रुपये प्रति लीटर निर्धारित किया गया था। बता दें कि सरकार हर 15 दिन में विंडफॉल टैक्स की समीक्षा करती है। सबसे पहले 1 जुलाई को पेट्रोल और एटीएफ पर 6 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 13 रुपए प्रति लीटर एवे सपोर्ट ड्यूटी लगाई गई थी। इसके अलावा कच्चे तेल के घरेलू उत्पादन पर 23250 रुपए प्रति टन का विंडफॉल टैक्स लगाया गया था। विंडफॉल टैक्स ऐसी कंपनियों पर लगाया जाता है, जिन्हें किसी विशेष परिस्थितियों में बड़ा लाभ होता है।

## कैट ने आईआईएफटी की कड़ी आलोचना की

**नई दिल्ली ।** कारोबारियों के संगठन कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने फ्लिपकार्ट द्वारा वित्तपोषित एक शोध रिपोर्ट में एमएसएमई क्षेत्र के आकलन को लेकर भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) जो कि वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के प्रशासनिक क्षेत्र के तहत एक स्वायत्त निकाय है, की कड़ी आलोचना की है। ई-कॉमर्स मेजर, एसएसआई रिटेलर्स एंड इंडियन इकनॉमी शीर्षक वाली शोध रिपोर्ट में कहा गया है कि ई-कॉमर्स क्षेत्र को भारतीय खुदरा एमएसएमई क्षेत्र की धीमी वृद्धि के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता है, जैसा कि देश के व्यापारियों के संघों ने बताया है। कैट के महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा` कि यह अजीब बात है कि वाणिज्य मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय एक ऐसी कंपनी से धन ले रहा है जिस पर विभिन्न सरकारी संस्थानों द्वारा कदाचार का आरोप लगाया गया है। उन्होंने कहा` कि ज़ाहिर है कि निकाय उस कंपनी की ही वकालत करेगी जिसने अनुसंधान और रिपोर्ट को वित्तपोषित किया है। ऐसा लगता है कि रिपोर्ट और कुछ नहीं बल्कि फ्लिपकार्ट को क्लीन चिट देने के लिए एक सुनियोजित दस्तावेज है, क्योंकि रिपोर्ट का वित्तपोषण फ्लिपकार्ट ने किया है।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

**मुंबई ।**

मुम्बई शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बाजार में बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 230.12 अंक या 0.37 फीसदी नीचे आकर 61,750.60 पर बंद हुआ। कारोबार में यह 337.45 अंक या 0.54 फीसदी तक गिर गया था। वहीं दूसरी ओर 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 65.75 अंक या 0.36 फीसदी नीचे आकर 18,343.90 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, एचडीएफसी, डॉ रेड्डीज, बजाज फिनसर्व, इन्फोसिस और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट रही। वहीं लार्सन एंड टुब्रो, पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक और भारती एयरटेल बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर अन्य एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ ही नीचे आये। इसके अलावा यूरोपीय बाजार में दोपहर के सत्र में गिरावट हावी रही। वॉल स्ट्रीट भी गत दिवस गिरकर पर बंद हुआ था। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.46 फीसदी की गिरावट के साथ ही 92.43 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था।




## ट्विटर के लिए नया बोस ढूंढ रहे एलन मस्क

**नई दिल्ली ।** अरबपति बिजनेसमैन एलन मस्क ने कहा है कि ट्विटर को जल्द ही नया बॉस मिलेगा, क्योंकि वे कंपनी में अपना समय अब कम करेंगे। एलन मस्क ने कहा अब वे ट्विटर को चलाने के लिए एक नया लीडर ढूंढ रहे हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार एलन मस्क ने कहा कि अधिग्रहण के बाद कंपनी को पुनर्गठित करने नए सिरे से गतिविधियों की शुरुआत करने की जरूरत है लेकिन मैं ट्विटर पर अपना समय कम चाहता हूं। मस्क ने यह भी स्वीकार किया कि कुछ टेस्ला इंजीनियर ट्विटर की इंजीनियरिंग टीमों की मदद कर रहे थे। एलन मस्क ने कहा कि वह जल्द ही ट्विटर में नए सिरे से ऑर्गेनाइजेशन का पुनर्गठन पूरा करने की उम्मीद कर रहे हैं। दरअसल अधिग्रहण के तुरंत बाद मस्क ने कंपनी के पिछले सीईओ और अन्य सीनियर अधिकारियों को नौकरी से निकाल दिया था। वहीं कंपनी के बढ़ते खर्चों और लागत को कम के चलते 3700 कर्मचारियों की भी कंपनी से छुट्टी कर दी थी।

## ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने शुरू की कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली ।** दुनिया की सबसे बड़ी ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने भी अब छंटनी शुरू कर दी है। कंपनी ने छंटनी की शुरुआत कॉरपोरेट स्तर के अधिकारियों से की है। अमेरिका स्थित कंपनी के कार्यालय से बड़ी संखे या में लोग निकाले जा रहे हैं। कंपनी ने यह कदम कोरोनाकाल और उसके बाद लगातार घटते राजस्व को देखते हुए उठाया है। इसके अलावा अमेरिकी कंपनियां मंदी की आशंका में भी छंटनी कर रही हैं। अमेजन के हार्डवेयर चीफ डेव लिम्प ने कहा कि काफी गहनता से समीक्षा करने के बाद यह तय किया गया है कि कुछ टीम का रोल खत्म किया जाएगा। बदलते माहौल में यह देखा गया है कि कुछ रोल की अब कंपनी को जरूरत नहीं रह गई है। कंपनी निकाले जाने वाले कर्मचारियों को नोटिफाई करेगी और उनके साथ संपर्क कर सभी तरह की मदद का भरोसा देगी। साथ ही हम नए रोल की तलाश भी करेंगे। कंपनी ने बताया है कि मौजूदा ओ र्थिक पे रिस्थिति को देखते हुए कॉरपोरेट रैंक के कई अधिकारियों को बाहर किया गया है। कैलिफोर्निया की स्थानीय अथॉरिटी को दी जानकारी में कंपनी ने बताया कि डाटा साइंटिस्ट, सॉफ्टवेयर इंजीनियर और अन्य कॉरपोरेट वर्कर्स से जुड़े करीब 260 कर्मचारियों को निकाला जाएगा। इन कर्मचारियों का टर्मिनेशन 17 जनवरी, 2023 से प्रभावी होगा।




# भारत में जॉनसन एंड जॉनसन बेबी पाउडर बन सकेगी, लेकिन उसकी ब्रिकी नहीं कर सकेगी

**मुंबई ।**

अमेरिकी फार्मा कंपनी जॉनसन एंड जॉनसन की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। बंबई उच्च न्यायालय ने कंपनी के बेबी पाउडर के नमूनों की नए सिरे से जांच का आदेश दिया। इसके साथ ही अदालत ने कंपनी को उत्पाद (बेबी पाउडर) बनाने की अनुमति दी, लेकिन पाउडर को बेचा नहीं जा सकेगा। कंपनी ने राज्य सरकार के दो आदेशों को चुनौती देकर एक याचिका दायर की थी। इनमें से 15 सितंबर के आदेश में लाइसेंस रद्द करने और 20 सितंबर के आदेश में कंपनी के बेबी पाउडर का उत्पादन और बिक्री को तुरंद बंद करने के लिए कहा गया था। ये आदेश राज्य खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) के संयुक्त आयुक्त और लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने जारी किए थे। न्यायमूर्ति एस वी गंगापुरवाला और न्यायमूर्ति एस जी डिगे की खंडपीठ ने एफडीए को निर्देश दिया कि वह तीन दिनों के भीतर मुंबई के मुलुंड इलाके में कंपनी के कारखाने से नए नमूने ले।

इसके बाद नमूनों को तीन प्रयोगशालाओं में परीक्षण के लिए भेजा जाए। इसमें दो सरकारी और एक निजी लैब होगी। अदालत ने कहा कि नमूने केंद्रीय दवा परीक्षण प्रयोगशाला (पश्चिमी क्षेत्र), एफडीए लैब और इंटरटेक लैबोरेटरी को जांच के लिए भेजे जाएंगे। इसके बाद इन प्रयोगशालाओं को एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट देनी होगी। कंपनी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील रवि कदम ने मांग की कि अदालत तब तक कंपनी को कम से कम उत्पाद के विनिर्माण की अनुमति दे। पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता को सरकार ने बेबी पाउडर की बिक्री या वितरण से रोक दिया है। कंपनी को इस आदेश का पालन करना होगा। अगर कंपनी उत्पाद का निर्माण करती है, तब यह उसके अपने जोखिम पर होगा। मामले की अगली सुनवाई 30 नवंबर को होगी। जॉनसन एंड जॉनसन भारत में काफी पुराने समय से अपने प्रोडक्ट बेच रही है। देश में अमेरिकी कंपनी के बेबी प्रोडक्ट्स काफी पसंद भी किए जाते हैं। भारत के ज्यादातर घरों में शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए बड़े पैमाने पर इस कंपनी के ही प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल होता आया है।




भारत में जॉनसन एंड जॉनसन के बेबी पाउडर के अलावा बेबी शैम्पू, बेबी सोप और बेबी ऑयल भी बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जाता है।जॉनसन एंड जॉनसन ने अगस्त 2022 में कहा था कि साल 2023 से वह टैल्कम पाउडर का उत्पादन बंद कर देगी। कंपनी का कहना है कि वह इसके उत्पादन के कारण होने वाले मुकदमों से परेशान हो चुकी है, इसकारण यह फैसला लिया है। कंपनी ने अमेरिका और कनाडा में टैल्कम पाउडर का उत्पादन पहले ही बंद कर दिया है। बीते कुछ वर्षों में कंपनी के बेबी पाउडर से कैंसर होने के आरोप लग चुके हैं।

# ब्रेजा एसयूवी भी लांच होगी सीएनजी के साथ

**- ब्रेजा सीएनजी के मॉडल में नहीं होगा खास बदलाव**

**नई दिल्ली ।** मारुति सुजुकी कंपनी अब ग्रैंड विटारा के अलावा, मारुति ब्रेजा एसयूवी को भी सीएनजी के साथ लॉन्च करेगी। हालांकि, यह भारत में सीएनजी वर्जन के साथ आने वाली पहली एसयूवी नहीं होगी। टोयोटा ने पहले ही सीएनजी किट के साथ अर्बन क्रूजर हायर को लॉन्च करने की घोषणा कर दी है। नई जनरेशन की ब्रेजा को इस साल की शुरुआत में 7.99 लाख लाख रुपये (एक्स-शोरूम) की शुरुआती कीमत पर लॉन्च किया गया था। यह भारतीय बाजार में टाटा नेक्सन और हुंडई वेन्यू से मुकाबला करती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मारुति सुजुकी वर्तमान में उपलब्ध ब्रेजा के सभी वेरिएंट में सीएनजी पावरट्रेन की पेशकश करेगी, जो वर्तमान में भारत में बिकने वाली सभी सीएनजी कारों में पहली है। इसमें नई पीढ़ी के ब्रेजा के एलएक्सआई, वीएक्सआई, झेडएक्सआई और झेडएक्सआई+ वेरिएंट शामिल हैं।जहां तक डिजाइन का सवाल है ब्रेजा सीएनजी के मॉडल में कोई खास बदलाव नहीं होगा। एकमात्र बड़ा बदलाव बूट स्पेस में होगा, जहां सीएनजी किट लगाई जाएगी, जिससे एसयूवी का लगेज एरिया कम हो जाएगा। साथ ही सीएनजी मोड में परफॉर्मेंस आउटपुट इससे थोड़ा कम रहने की उम्मीद है। मारुति सुजुकी ब्रेजा के सीएनजी मॉडल में पेट्रोल के मुकाबले माइलेज काफी बढ़ जाएगा। उम्मीद की जा रही है कि ब्रेजा सीएनजी में 30 किमी प्रति किग्रा तक का माइलेज मिल सकता है, जो किसी एसयूवी के लिए काफी अच्छा है। मारुति ब्रेज़ा सीएनजी वेरिएंट की कीमत सिर्फ 9 लाख रुपये से शुरू होने की उम्मीद है।



लॉन्च होने पर यह बाजार में सबसे सस्ती सीएनजी एसयूवी होने की उम्मीद है। अभी तक इसके सेगमेंट में इसका कोई सीधा प्रतिद्वंदी होने की संभावना नहीं है।सीएनजी किट के बारे में ज्यादा जानकारी तभी पता चलेगी, जब मारुति सुजुकी आने वाले दिनों में एसयूवी को औपचारिक रूप से लॉन्च करेगी। इसमें समान आकार की सीएनजी किट मिलने की उम्मीद है, जो लगभग 60 लीटर की क्षमता वाली एर्टिगा या एक्सएल6 के लिए उपयोग की जाती है।

## अगले सप्ताह नए एफटीए पर बातचीत शुरू करेगा भारत: गोयल

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत अगले सप्ताह एक और क्षेत्र के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत शुरू करेगा। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, कनाडा और इजराइल समेत कई देशों के साथ एफटीए को लेकर बातचीत चल रही है।



गोयल ने यहां उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स के एक समारोह में कहा` कि अगले सप्ताह हम एक और बहुत महत्वपूर्ण एफटीए पेश करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने हालांकि किसी क्षेत्र का खुलासा नहीं किया लेकिन ऐसी संभावना है कि इस दिशा में वार्ता खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के साथ शुरू हो सकती है क्योंकि यह क्षेत्र भारत के साथ आर्थिक जुड़ाव बढ़ाने का इच्छुक है। जीसीसी दरअसल खाड़ी क्षेत्र के छह देशों सऊदी अरब, यूएई, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन का एक संघ है।

# शेयर ब्रोकरों के लिए साइबर सुरक्षा नियम लाएगा सेबी

**नई दिल्ली ।**

पूंजी बाजार नियामक सेबी शेयर ब्रोकरों के लिए साइबर सुरक्षा नियम लाने की तैयारी में है। इससे साइबर धोखाधड़ी, आंकड़ों की चोरी और ट्रेडिंग खातों की हैकिंग के जोखिम की आशंका कम होगी। एसोसिएशन ऑफ नेशनल एक्सचेंजेज मेम्बर्स ऑफ इंडिया (एएनएमआई) के अध्यक्ष कमलेश शाह ने कहा कि साइबर सुरक्षा को लेकर विधान का मकसद शेयर ब्रोकर के साथ-साथ उनके ग्राहकों के हितों की रक्षा करना है। इसमें वे उपाय, प्रक्रियाएं और उपकरण शामिल हो सकते हैं, जो साइबर हमले को रोकने और साइबर मजबूती के मामले में सुधार को लेकर मददगार हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) का यह कदम निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए किए जा रहे उपायों का हिस्सा है। सेबी ने दिशानिर्देश तैयार करने के लिए एक समिति बनायी है, जिसमें नियामक, शेयर बाजार और एएनएमआई के प्रतिनिधि शामिल हैं। प्रतिभूति बाजार में तेजी से हो रहे तकनीकी विकास से आंकड़ों की सुरक्षा और निजता बनाए रखने की एक चुनौती है। इसको देखते हुए शेयर ब्रोकरों के लिए एक मजबूत साइबर सुरक्षा और साइबर मजबूती की जरूरत है। शाह ने कहा शेयर ब्रोकर के पास निवेशकों के बहुत सारे महत्वपूर्ण आंकड़े होते हैं और यह उनकी जिम्मेदारी है कि वे ऐसी सूचना को साइबर धोखाधड़ी तथा ट्रेडिंग खातों की हैकिंग के जोखिम से बचाएं ताकि निवेशकों को इसके कारण नुकसान उठाना नहीं पड़े। उन्होंने कहा कि समिति दिसंबर के अंत तक दिशानिर्देश का मसौदा सेबी को दे सकती है लेकिन अंतिम रूप से नियमों के क्रियान्वयन में कम-से-कम एक साल का समय लग सकता है।



## बैंक उभरती वृहत आर्थिक स्थिति को लेकर सतर्क रहें: शक्तिकांत दास



**मुंबई ।**

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बैंक अधिकारियों से उभरती वृहत आर्थिक स्थिति को लेकर सतर्क रहने और से क्रिय रहने को कहा ताकि इससे उनके बही-खातों पर पड़ने वाले प्रभाव को कम किया जा सके। उन्होंने यह बात वैश्विक स्तर पर जारी चुनौतियों के बीच कही है। दास ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों तथा कुछ निजी क्षेत्र के बैंकों के प्रबंध निदेशकों और मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ बैठक में कहा कि वाणिज्यिक बैंक महामारी के बाद से उत्पन्न कठिन हालात और मौजूदा चुनौतियों के बीच आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बैंक अधिकारियों से वैश्विक चुनौतियों के प्रभाव समेत उभरती वृहत आर्थिक स्थिति को लेकर सतर्क रहने और सक्रियता के साथ उससे निपटने के उपाय करने को कहा ताकि उनके बही-खातों पर उसका प्रभाव कम हो तथा वित्तीय स्थिरता को लेकर जोखिम को काबू में रखा जा सके। दास ने कहा कि चुनौतियों के बावजूद देश का बैंक क्षेत्र मजबूत बना हुआ है और विभिन्न प्रदर्शन मानदंडों पर निरंतर सुधार हुआ है। केंद्रीय बैंक के बयान के अनुसार बैठक में सार्वजनिक और कुछ निजी क्षेत्र के बैंकों के प्रबंध निदेशक और सीईओ समेत आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एमके जैन समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए।

## स्मार्टफोन वायओ2 एस भारत में जल्द होगा लांच

**अभी दूसरे बाज़ारों में किया गया लॉन्च**




**नई दिल्ली ।**

वीवो इंडिया ने अपने नए बजट स्मार्टफोन वायओ2 एस को भारत छोड़ कर बाकी दूसरे बाज़ारों में लॉन्च किया गया। दूसरी तरफ मालूम हुआ है कि कंपनी अपने वायओ2 को भारत में जल्द पेश कर सकती है। जानकारी के मुताबिक वीवो वायओ2 को दो कलर ऑप्शन ऑर्किड ब्लू और कॉस्मिक ग्रे में उपलब्ध कराया जाएगा।

फोन हेलियो पी22 के साथ आएगा, और इसमें 2जीबी,32जीबी की स्टोरेज मिलेगी।खबरों के मुताबिक वीवो वायओ2 में 6.51 इंच का हालो फुल व्यू आईपीएस एलसीडी डिस्प्ले दिया जाएगा, जो कि आई प्रोटेक्शन मोड के साथ आएगा। फोन में मीडियाटेक हेलियो पी22 एसओसी मिल सकता है। फोन में पावर के लिए 5000 एमएएच की बैटरी दी जाएगी, और कैमरे के तौर पर फोन में 8 मेगापिक्सल का प्राइमेरी कैमरा और 5 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा होने की बात सामने आई है।कीमत की बात करें तो कहा जा रहा है कि वीवो वायओ2 को 8,499 रुपये की कीमत में पेश किया जा सकता है। हालांकि बता दें कि फिलहाल भारतीय बाज़ार में वीवो वायओ 2 के लॉन्चिंग को लेकर कोई जानकारी नहीं मिली है। ये फोन वीवो वायओ1 का सक्सेसर फोन है। फोन में प्रोसेसर के तौर पर मीडियाटेक हेलियो पी35 एसओसी होगा, और इसमें 3जीबी की रैम और डुअल सिम जैसे फीचर्स दिए जाएंगे। ये फोन एंड्रॉयड 12 पर बेस्ड फनटच ओएस 12 पर काम करेगा।खास बात ये है कि लॉन्चिंग से पहले फोन के फीचर्स सामने आ गए हैं। वीवो वायओ2एस में 6.51 इंच का हालो फुल व्यू आईपीएस एलसीडी डिस्प्ले दिया जाएगा. इसमें आई प्रोटेक्शन मोड और 20:9 का अस्पेक्ट रेशियो दिया जाएगा।

## पांच ऑडिट कंपनियों की ऑडिट गुणवत्ता का निरीक्षण करेगा एनएफआरए



**नई दिल्ली ।**

राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) 5 ऑडिट कंपनियों की ऑडिट गुणवत्ता का निरीक्षण करेगा। इन कंपनियों का ऑनसाइट निरीक्षण अगले महीने किए जाने की उम्मीद है। एनएफआरए के चेयरमैन अजय भूषण प्रसाद पांडेय ने कहा ऑडिट गुणवत्ता निरीक्षण ऑडिट कंपनियों के साथ नियामक के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी होगा। यह एनएफआरए जैसे एक स्वतंत्र नियामक को प्रतिक्रिया प्राप्त करने और ऑडिट क्षेत्र में सुधार में भी मदद करेगा। उन्होंने कहा कि शुरुआत में नियामक पांच ऑडिट कंपनियों का निरीक्षण करेगा। इसमें चार बड़ी नेटवर्क कंपनिया डेलॉयट, हास्किन्स एंड सेल्स एलएलपी, बीएसआर एंड कंपनी एलएलपी, एएसआरबीसी एंड कंपनी एलएलपी और प्राइसवाटरहॉउस चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एलएलपी और वॉकर चंडियोक एंड कंपनी एलएलपी शामिल हैं। निरीक्षण प्रक्रिया के तहत ऑडिट कंपनियां पहले एनएफआरए के समक्ष प्रस्तुतीकरण देंगी।

पांडेय ने कहा ऑडिट कंपनियों के प्रशासन/प्रबंधन ढांचे, नीति नियमावली को समझने के बाद नियामक गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली की समीक्षा करेगा। निरीक्षकों की बड़े पैमाने पर ऑनसाइट निरीक्षण करने की योजना है। जिन जगहों और कार्यालयों का दौरा किया जाना है, उसके बारे में बाद में फैसला किया जाएगा। पांडेय के अनुसार, इन कंपनियों का दिसंबर में ऑनसाइट निरीक्षण किए जाने की उम्मीद है।

# पांड्या की कप्तानी में जीत से शुरुआत करने उतरेगी भारतीय टीम , न्यूजीलैंड से पहला टी20 आज

**वेलिंगटन (एजेंसी)।** हार्दिक पांड्या की कप्तानी में भारतीय टीम शुक्रवार को यहां मेजबान न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज का पहला मैच जीतकर एक नई शुरुआत करने के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम को हाल में एशिया कप और टी20 विश्वकप में हार का सामना करना पड़ा हैं जिससे टीम का मनोबल कमजोर हुआ है। ऐसे में युवा भारतीय टीम का लक्ष्य जीत के साथ ही टीम में उत्साह भरना रहेगा। भारतीय टीम को इस सीरीज में तीन मैच खेलने हैं। टीम के लिए सकारात्मक बात यह है कि उसके पास युवा खिलाड़ी हैं जो अपने को साबित करना चाहेंगे। इससे टीम एक बार फिर जीत की राह पर लौटना चाहेगी।

इसके लिए हार्दिक कौर उनकी टीम का लक्ष्य आक्रामक रुख अपना रहेगा।

अगला टी20 विश्व कप अभी दो साल दूर है और ऐसे में भारतीय टीम के खिलाड़ियों के पास अभी लय हासिल करने का अच्छा अवसर है।

अगले टी20 विश्व कप में टीम के संभावित कप्तान हार्दिक पंड्या नियमित कप्तान रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में टीम की अगुआई कर रहे हैं। वहीं कार्यवाहक मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण ने भी संकेत दिया है कि आधुनिक खेल की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रबंधन सिर्फ टी20 विशेषज्ञों को ही शामिल करना चाहता है उन्होंने इसके साथ ही बिना किसी डर के खेलने की जरुरत पर बल दिया है।

अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया में शानदार फॉर्म में थे पर पावरप्ले में रोहित और लोकेश राहुल की कमजोर बल्लेबाजी के कारण भारतीय टीम बड़े स्कोर नहीं बना पायी। ऐसे में इस तरह की संभावना है कि ये तीनों अगले टी20 विश्वकप में नहीं खेलेंगे। इसलिए इस सीरीज में खेल रहे युवाओं पर प्रबंधन की नजरें रहेंगी। इस पहले मैच में इशान किशन और शुभमन गिल पारी सकते हैं हालांकि प्रबंधन शीर्ष क्रम में ऋषभ पंत को भी अवसर दे सकता है।

भारत न्यूजीलैंड में दूसरे दर्जे की टीम उतार रहा है पर इसके बाद भी टीम के खिलाड़ियों के पास पर्याप्त अंतरराष्ट्रीय अनुभव है। चार साल पहले न्यूजीलैंड में हुए अंडर-19 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले शुभमन यहां टी20 प्रारूप में पदार्पण करेंगे। वहीं पिछले एक साल में किशन भी नियमित तौर पर शीर्ष क्रम में खेलते रहे हैं। इस श्रृंखला में उनके पास सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी जगह पक्की करने का अवसर रहेगा। इसके अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को भी सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतारा जा सकता है। ऑलराउंडर

वाशिंगटन सुंदर भी इस सीरीज से टीम में वापसी करेंगे और वह भी बेहतर प्रदर्शन कर अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे। टी20 विश्वकप में अनुभवी स्पिनर आर अशिवन नाकाम रहे थे। ऐसे में एक बार फिर न्यूजीलैंड के होने वाली श्रृंखला में कलाई के स्पिनरों कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल को अवसर मिल रहा है।

भारतीय टीम ने इस सीरीज में एक बार फिर तेज गेंदबाज इसके लिए उमरान मलिक को अवसर दिया है। उमरान ने आईपीएल में अपनी रफ्तार से सबका ध्यान खींचा था। इसके बाद आयरलैंड और इंग्लैंड के अपने पहले दौरे पर उमरान को काफी सफलता नहीं मिली जिससे वह टीम से बाहर हो गये थे। भुवनेश्वर कुमार और अर्शदीप सिंह के नई गेंद साझा करने की उम्मीद है। वहीं विश्व कप के दौरान बेंच पर बैठे रहे हर्षल पटेल और




मोहम्मद सिराज को भी इस सीरीज में अवसर मिल सकता है। वहीं दूसरी ओर न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन की टीम को भी विश्वकप में हार का समना करना पड़ा था। ऐसे में उसकी हालत भी भारतीय टीम की तरह ही है। मेजबान टीम भी घरेलू मैदान और दर्शकों के बीच अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेगी। टीम के कप्तान विलियमसन और सभी खिलाड़ी अपना खोया फार्म भी हासिल करना चाहेंगे। मेजबान टीम अनुभवी ट्रेंट बोल्ट की गैरमौजूदगी में अन्य तेज गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। सलामी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल भी इस सीरीज में नहीं खेलेंगे। ऐसे में पारी की शुरुआत डेवोन कॉनवे और फिन एलेन करेंगे।

# नोवाक जोकोविच के लिए बड़ी खुशखबरी, ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले वीजा प्रतिबंध हटा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कैनबरा – ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच के देश में प्रवेश पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया है जिससे उनका ऑस्ट्रेलियन ओपन में हिस्सा लेने का रास्ता साफ हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, आव्रजन मंत्री एंड्रयू जाइल्स ने गुरुवार को पुष्टि की कि जोकोविच को देश में प्रवेश करने के लिए अस्थायी वीजा दिया गया है।

कोविड-19 टीकाकरण के बिना देश में प्रवेश करने का प्रयास करने के लिए ग्रैंड स्लैम की पूर्व संध्या पर मेलबर्न में हिरासत में लिए जाने के लगभग 10 महीने बाद उनका वीजा प्रतिबंध हटाया गया है। कानूनी लड़ाई के बाद जोकोविच को निर्वासित कर दिया गया और स्वचालित रूप से तीन साल के लिए ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। हालांकि जाइल्स का फैसला उस प्रतिबंध को पलट देगा जो जोकोविच पर लगा था। एक बयान में उन्होंने कहा कि देश में गैर-नागरिकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने वाले सख्त सीमा प्रतिबंध हटा दिए गए हैं। उन्होंने कहा, 'जनवरी 2022 में जोकोविच के वीजा को रद्द करने के बाद से जैव सुरक्षा अधिनियम 2015 के तहत सभी कोविड-19-संबंधित ऑस्ट्रेलियाई सीमा प्रतिबंध हटा दिए गए हैं, जिसमें ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करने के लिए कोविड-19 टीकाकरण की स्थिति का प्रमाण प्रदान करने की आवश्यकता भी शामिल है।

एटीपी फाइनल्स में ट्यूरिन में बोलते हुए जोकोविच ने कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया लौटकर 'बहुत खुश' थे। उन्होंने कहा, 'इस टूर्नामेंट के दौरान भी मुझे इससे बेहतर खबर नहीं मिल सकती थी। ऑस्ट्रेलियन ओपन मेरा सबसे सफल ग्रैंड स्लैम रहा है। मैंने वहां कुछ बेहतरीन यादें बनाईं।' 2023 ऑस्ट्रेलियन ओपन 16-29 जनवरी तक खेला जाएगा।

# शाहिद अफरीदी ने आजम को टी20 की कप्तानी छोड़ने कहा

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने टीम के कप्तान बाबर आजम की आलोचना करते हुए कहा है कि उन्हें टी20 टीम की कप्तानी छोड़ देनी चाहिये। अफरीदी ने कहा कि शादाब खान, मोहम्मद रिजवान हैं और शान मसूद टी20 प्रारुप में बेहतर कप्तानी कर सकते हैं। वहीं पाक के कुछ अन्य क्रिकेटरों की भी यही राय है। इनका



मानना है कि बाबर को टी20 फॉर्मेट में सलामी बल्लेबाजी नहीं करनी चाहिए क्योंकि उनका धीमा खेल टीम को परेशानी में डाल देता है। अफरीदी का मानना है कि बाबर को स्वयं इस बारे में फैसला करना चाहिए। बाबर जो भी निर्णय लेते हैं वह उनकी अपनी कप्तानी और टी20 के हवाले से होना चाहिए। मैं समझता हूं कि बाबर को बल्लेबाजी पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। मेरा मानना है कि वह टेस्ट और एकदिवसीय क्रिकेट में ही टीम की कमान संभालें। अफरीदी ने कहा कि मेरा मानना है कि टी20 प्रारुप में एक कप्तान के तौर पर किसी और को मौका दिया जाना चाहिए। मैं बाबर का काफी सम्मान करता हूं और एक खिलाड़ी के तौर पर वह मुझे काफी पसंद हैं हालांकि, मैं चाहता हूं कि बाबर पर कम से कम दबाव हो। आजम की कप्तानी में पाकिस्तान को लगातार हार का सामना करना पड़ रहा है। एशिया कप और इंग्लैंड की खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज में भी पाकिस्तान को शिकस्त का सामना करना पड़ा था। टी20 विश्वकप में वह सात मैचों में केवल 124 रन ही बना पाये।

# वर्ल्ड चैंपियन टीम इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया ने दी मात, वॉर्नर और स्मिथ ने खेली तूफानी पारी

**एडिलेड (एजेंसी)।** अनुभवी डेविड वॉर्नर और स्टीव स्मिथ की बड़ी अर्धशतकीय पारियों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने डाविड मलान के शतक पर पानी फेरते हुए इंग्लैंड को पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में गुरुवार को यहां छह विकेट से हराया। मलान ने 128 गेंदों पर 134 रन की आकर्षक पारी खेली जिसमें 12 चौके और चार छक्के शामिल हैं।

उनको हालांकि दूसरे छोर से मदद नहीं मिली जिसके कारण इंग्लैंड पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने पर नौ विकेट पर 287 रन ही बना पाया। ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों डेविड वॉर्नर (86), ट्रेविस हेड (69) और स्टीव स्मिथ (नाबाद 80) के अर्धशतकों की मदद से 46.5 ओवर में चार विकेट पर 291 रन बनाकर तीन मैचों की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की। आरोन फिंच के संन्यास लेने के बाद पैट कमिंस की अगुवाई में पहला वनडे मैच खेल रही ऑस्ट्रेलियाई टीम को वॉर्नर और हेड ने अच्छी शुरुआत दिलाई। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 147 रन की साझेदारी करके मजबूत नींव रखी।

बाद में स्मिथ ने बखूबी जिम्मेदारी संभाली। वॉर्नर और हेड ने अपनी पारियों में समान 10 चौके और एक छक्का लगाया जबकि स्मिथ की पारी में नौ चौके और एक छक्का शामिल है। इससे पहले इंग्लैंड की पारी मलान के इर्द-गिर्द घूमती रही। उसने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए जिससे वह 300 रन तक पहुंचने में नाकाम रहा। मलान के बाद दूसरा सर्वोच्च स्कोर नौवें नंबर के बल्लेबाज डेविड विली (नाबाद 34) का रहा। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से तेज गेंदबाज कमिंस और स्पिनर एडम जंपा ने तीन-तीन विकेट लिए।




# पांच साल बाद दिल्ली में होगा टेस्ट मैच

मुम्बई ।अब दिल्ली के क्रिकेट प्रशंसकों के लिए एक अच्छी खबर है। दिल्ली में पांच साल के बाद कोई टेस्ट मैच खेला जाएगा। अगले साल ऑस्ट्रेलियाई टीम के फरवरी–मार्च में भारत दौरे पर दिल्ली इस मैच की मेजबानी करेगी। वहीं बाकी तीन टेस्ट मैच अहमदाबाद, धर्मशाला और चेन्नई में खेले जाएंगे। भारतीय टीम के लिए यह सीरीज बेहद अहम है क्योंकि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंतिम 4 मैच इस दौरान खेले जाएंगे। भारतीय टीम को चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिए ऑस्ट्रेलिया को 4–0 से हराना होगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पारंपरिक रूप से 4 टेस्ट मैचों की सीरीज होती रही है पर साल 2024 से शुरू होने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अगले भविष्य के दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) में इसे पांच मैचों की सीरीज बनाया गया है। बीसीसीआई के अनुसार दिल्ली को टेस्ट मैच की मेजबानी मिलना तय है। इससे पहले दिल्ली में अंतिम बार टेस्ट मैच श्रीलंका के खिलाफ दिसंबर 2017 में खेला गया था। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, दिल्ली को 4 टेस्ट मैचों में से दूसरे टेस्ट मैच की मेजबानी मिल सकती है। दौरा एवं कार्यक्रम समिति की बैठक के बाद मैचों का कार्यक्रम सामने आ जाएगा।

# पंड्या की नेतृत्व क्षमता अच्छी : लक्ष्मण



वेलिंगटन ।भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण ने टी20 कप्तान हार्दिक पंड्या की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है वह एक शानदार खिलाड़ी हैं जो मैदान पर हमेशा शांत रहते हैं। इस दौरे में कप्तान रोहित शर्मा को और अन्य अनुभवी खिलाड़ियों को आराम दिये जाने के कारण पंड्या को कप्तानी मिली है। पंड्या ने इससे पहले आयरलैंड दौरे पर भी अनुशवी खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी संभाली थी। पंड्या आईपीएल में अपनी टीम गुजरात टाइटंस को पहली बार में ही जी दिलाकर सबकी नजरों में आये थे। हार्दिक की इसी नेतृत्व क्षमता की लक्ष्मण ने भी सराहना की है। लक्ष्मण ने कहा कि हार्दिक तकनीकी रूप से अच्छे खिलाड़ी हैं और वह मैदान पर शांत रहते हैं। लक्ष्मण ने कहा कि टी20 सीरीज में भारतीय खिलाड़ियों को निडरता से खेलने की जरूरत होगी। गौरतलब है कि राहुल द्रविड़ की अनुपस्थिति में लक्ष्मण इस दौरे पर मुख्य कोच हैं। लक्ष्मण ने कहा, 'हार्दिक पंड्या एक बेहतरीन कप्तान हैं। हमने देखा है कि उन्होंने आईपीएल में गुजरात टाइटन्स के लिए क्या किया है। मैंने आयरलैंड सीरीज में उनके साथ समय बिताया है। वे न केवल तकनीकी रूप से अच्छे खिलाड़ी हैं बल्कि मैदान पर काफी शांत भी रहते हैं जो बहुत अहम है।'

# ऋषभ पंत के लिए सबसे अच्छी जगह शीर्ष क्रम है, आगामी टी20 सीरीज से पहले पूर्व क्रिकेटर का बयान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया 18 नवंबर से वेलिंगटन में शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज में प्रतिद्वंद्वी न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। कप्तान रोहित शर्मा की गैर मौजूदगी में टीम की कमान हार्दिक पांड्या के हाथों में सौंपी गई है। भारत के पूर्व क्रिकेटर वसीम जाफर ने व्यक्त कहा कि वह शुभमन गिल के साथ विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को टी20 इंटरनेशनल मैच में सलामी बल्लेबाज के रूप में देखना चाहेंगे। जाफर ने आगे अपनी प्लेइंग इलेवन के बारे में भी खुलासा किया।



एक वेबसाइट से बातचीत में उन्होंने कहा, 'मेरे प्लेइंग इलेवन में ऋषभ पंत के साथ शुभमन गिल (ओपनिंग) होंगे, मुझे नहीं पता कि वह नंबर 4 पर बल्लेबाजी करेंगे या नहीं। क्योंकि मेरे पास अय्यर (श्रेयस अय्यर) तीन पर, सूर्यकुमार यादव चार पर, हार्दिक (पांड्या) कप्तान के रूप में पांच पर हैं और इसके साथ ही मुझे नहीं लगता कि पंत नंबर 6 पर बल्लेबाजी करेंगे। इसलिए मुझे लगता है कि उसके लिए सबसे अच्छी जगह शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करना है।

उन्होंने कहा, दीपक हुड्डा नंबर 6 स्थान पर, वाशिंगटन सुंदर सातवें स्थान पर, हर्षल पटेल आठवें स्थान पर खेलेंगे। नौ नंबर पर आप कुलदीप यादव या युजवेंद्र चहल में से किसी एक को चुन सकते हैं। मैं कुलदीप को तरजीह दूंगा लेकिन आप दोनों में से किसी को भी चुन सकते हैं, सिराज विश्व कप से पहले खेले थे इसलिए वह अगला स्थान ले सकते थे और अर्शदीप सिंह नंबर 11 पर होंगे।

पूर्व क्रिकेटर ने आगे ऋषभ पंत पर पारी की शुरुआत करने पर जोर दिया क्योंकि वह मध्य क्रम को खेलने के बजाय शीर्ष क्रम में आने वाले खतरे को कम कर सकते हैं। पूर्व क्रिकेटर ने कहा, 'उन्होंने हमेशा भारत और दिल्ली कैपिटल्स के लिए नंबर चार और पांच पर बल्लेबाजी की है और कभी-कभी मुझे लगता है कि उनके लिए सबसे अच्छी जगह ओपनिंग होगी। क्योंकि जब वह पारी की शुरुआत में चलते हैं तो ऋषभ पंत खतरनाक होते हैं। एक बार जब उसे शुरुआत मिल जाती है और वह पावरप्ले में 20-30 नॉट आउट हो जाता है, तो वह खतरनाक होता है।'

# अन्वेशा गौड़ा ऑस्ट्रेलियाई ओपन से बाहर, भारतीय चुनौती समाप्त

सिडनी। भारत की अन्वेशा गौड़ा को गुरुवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में हार का सामना करना पड़ा। अन्वेशा को मलेशिया की जिन वेई गोह ने सीधे गेम में 21–7, 21–13 से हराया। दिल्ली की 14 साल की अन्वेशा ने इस साल छह जूनियर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाते हुए चार खिताब जीते हैं। इस साल इबेरड्रोला स्पेनिश जूनियर अंतरराष्ट्रीय, फेरो गेम्स जूनियर अंतरराष्ट्रीय, एफजेड फोर्जा स्टॉकहोम जूनियर और अमोत इस्राइल जूनियर का खिताब जीतने वाली अन्वेशा बुल्गारिया और डेनमार्क में भी जूनियर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के फाइनल में पहुंची। इसी महीने चोट के कारण हाइलो ओपन के पहले दौर के मुकाबले के बीच से हटने वाले भारत के शीर्ष पुरुष खिलाड़ी समीर वर्मा टूर्नामेंट से हट गए हैं। सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर की जोड़ी भी प्रतियोगिता से हट गई जबकि रुतपर्णा पांडा और स्वेतापर्णा पांडा की महिला युगल जोड़ी ली चिया सिन और तेंग चुन सुन की चीनी ताइपे की जोड़ी के खिलाफ 16–21 14–21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई।



# इरफान पठान ने कहा रुख के साथ ही ये बदलाव करे टीम इंडिया

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने कहा है कि भारतीय टीम को जीत की लय हासिल करने के लिए कुछ बदलाव करने होंगे। भारतीय टीम को टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ करारी हार का सामना करना पड़ा था। वहीं पिछले विश्वकप मे में भी भारतीय टीम इसी प्रकार हारी थी। पठान ने कहा कि टीम के पास निडर सलामी बल्लेबाज होने चाहये जो विकेट बचाने की जगह आक्रामक होकर विरोधी बल्लेबाजों की पिटाई कर दें। इस प्रकार के बल्लेबाजों के पास किसी भी गेंदबाजी क्रम को धवस्त करने की क्षमता होनी चाहिये। जिससे कि टीम शुरुआत में तेजी से रन बना सके। भारतीय टीम के बल्लेबाज विश्वकप के पावर प्ले में नाकाम रहे थे। इसके अलावा गेंदबाजी में कलाई के स्पिनर को रखें। यह आक्रामक रुख वाले स्पिनर होने चाहिये जो टीम के लिए विकेट ले सकें। पठान ने साथ ही कहा भारतीय टीम के पास तेज गेंदबाज तो हैं लेकिन ऐसे नहीं जो विरोधी बल्लेबाजों को शुरुआत में ही बेबस कर दें। हमें ऐसा तेज तेज गेंदबाजी आक्रमण जो विकेट निकाल सके। इसके अलावा कहा कि कप्तान बदलने से परिणाम नहीं बदलेंगे। इसलिए उसमें बदलाव करने की जगह टीम को अपना रवैया बदलना होगा।



# राष्ट्रीय चैंपियनशिप : निशानेबाज को राइफल के साथ विमान में चढ़ने से रोका

नई दिल्ली। निशानेबाज दिशांत डे को गुरुवार को एक बड़ी एयरलाइन ने परेशान किया जिसने उन्हें राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए तिरुवनंतपुरम जाते समय अपने साथ राइफल ले जाने की अनुमति नहीं दी। राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप प्रतियोगिताओं के तहत राइफल स्पर्धाओं का आयोजन 20 नवंबर से 9 दिसंबर तक तिरुवनंतपुरम के वट्टियूरकावु निशानेबाजी रेंज में होगा। दिशांत ने इंडिगो एयरलाइन का टिकट खरीदा था। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने ट्वीट किया, 'इंडिगो ने गुवाहाटी हवाई अड्डे पर साफ तौर पर उत्पीड़न किया। ट्वीट में आगे कहा गया, 'दिशांत डे 65वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए उड़ान संख्या 6ई5226 से त्रिवेंद्रम की यात्रा करने की कोशिश कर रहे हैं और अपने साथ एयर राइफल ले जाने के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज होने के बावजूद एयरलाइन अनुमति देने से इनकार कर रही है।' निशानेबाज का समर्थन करते हुए देश में निशानेबाजी की संचालन संस्था ने कहा, 'एक खेल करियर को बचाएं। खिलाड़ी और उसकी मां हवाई अड्डे पर हैं और कोई मदद नहीं मिल रही है।'



# अर्शदीप सिंह में बेजोड़ क्षमता पर अकरम से तुलना करने से दबाव में आएगा: जोंटी रोड्स

**वेलिंगटन (एजेंसी)।** नयी दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्टार क्रिकेटर जोंटी रोड्स का मानना है कि अर्शदीप सिंह ने क्रिकेटर के रूप में जबर्दस्त प्रगति की है और उनमें बेजोड़ क्षमता है लेकिन महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम के साथ तुलना करने से उस पर दबाव बनेगा। भारत के 23 साल के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप ने टी20 विश्व कप में भारत के अभियान के दौरान प्रभावित किया जहां भारत को अंततः चैंपियन बने इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। गेंद को दोनों ओर स्विंग कराने में सक्षम अर्शदीप टी20 विश्व कप में भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे।

उन्होंने छह मैच में 10 विकेट चटकाए और इस दौरान 7.80 रन प्रति ओवर की गति से रन दिए। रोड्स ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से कहा, ''मुझे लगता है कि स्विंग के सुल्तान महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम से तुलना से वह काफी दबाव में आ जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''अर्शदीप ने निश्चित तौर पर पिछले दो साल में प्रगति की है और अन्य भारतीय तेज गेंदबाजों के साथ भी ऐसा ही है। आप बुमराह को देखिए और उसने इतनी तेजी से प्रगति की और अर्शदीप ने भी ऐसा की किया, वह युवा तेज गेंदबाज है। वह सीखने और आपकी बातें सुनने को तैयार रहता है और कड़ी मेहनत करना है।'' दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, ''वह गेंद को स्विंग कराता है और डेथ ओवरों में उसने शानदार गेंदबाजी की है। वह पावरप्ले में अच्छी गेंदबाजी करता है, गेंद पर उसका अच्छा नियंत्रण है और वसीम अकरम की तरह अराउंड द विकेट गेंदबाजी प्रभावी तरीके से कर सकता है।'' इंडियन प्रीमियर लीग टीम पंजाब किंग्स के क्षेत्ररक्षण कोच के रूप में अर्शदीप के साथ काम कर चुके रोड्स का मानना है कि इस युवा तेज गेंदबाज में काफी क्षमता है।

लगातार दो टी20 विश्व कप में निराशा के बाद भारतीय टीम में युवा खिलाड़ियों के सीनियर खिलाड़ियों की जगह लेने की उम्मीद है। यह पूछने पर कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को किन खिलाड़ियों पर निवेश करना चाहिए, रोड्स ने कहा, ''न्यूजीलैंड गई टीम के खिलाड़ी काफी युवा हैं जिन पर बीसीसीआई को निवेश करना चाहिए। इसके अलावा कुछ और शानदार खिलाड़ी मौके मिलने का इंतजार कर रहे हैं।'' शुक्रवार से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए कई सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है जबकि शुभमन गिल, उमरान मलिक, इशान किशन और संजू सैमसन जैसे खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिलेगा। रोड्स ने कहा कि इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों को आईपीएल में खेलने का काफी फायदा मिला है। उन्होंने साथ ही टी10 प्रारूप का पक्ष लेते हुए कहा कि यह ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलों जैसी बहु खेल प्रतियोगिताओं के लिए अच्छा प्रारूप है।




# पंजाब किंग्स के बल्लेबाजी कोच बने जाफर

मुम्बई ।आईपीएल फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स ने पूर्व क्रिकेटर वसीम जाफर को टीम का नया बल्लेबाजी कोच बनाया है। वहीं इससे पहले टीम ने ट्रेवर बेलिस को टीम का नया मुख्य कोच और ब्रैड हैडिन को सहायक कोच बनाया था। इसके अलाव चार्ल लैंगवेल्ट को तेज गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारी दी गयी है। वहीं मयंक अग्रवाल की जगह पर सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को कप्तान बनाया है। पंजाब किंग्स ने ये बदलाव पिछले सत्र में टीम के खराब प्रदर्शन को देखते हुए किये हैं। आईपीएल 2022 में पंजाब किंग्स 8वीं बार प्लेऑफ में जगह नहीं बना पायी थी। टीम प्रबंधन ने शिखर धवन और जॉनी बेयरस्टो को सलामी बल्लेबाज के तौर पर तैयार किया है। जाफर बांग्लादेश अंडर–19 के भी कोच रहे थे। उन्होंने इसके लिए ओडिशा रणजी टीम का कोच पद छोड़ा था। उन्होंने हाल ही में बांग्लादेश अंडर–19 टीम के साथ पाकिस्तान का दौरा भी किया था। जाफर ने 23 टी20 मैचों में 616 रन बनाए थे। उन्होंने अपना आखिरी टी 20 मार्च 2012 में खेला था।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# शरबती आंखों की कैसे करें सुरक्षा



**आधुनिकता के बढ़ते दौर के कारण आज रोज-मर्रा की जिंदगी में कई मशीनों ने जगह बना ली है और इन सबमें सबसे आम है कम्प्यूटर। आज अधिकांश लोग दिन के 24 घंटों में से 10-12 घंटे कम्प्यूटर के सामने ही बिता रहे हैं।**



**दिनभर** ऑफिस में काम करते हुए तो कम्प्यूटर स्क्रीन आंखों के सामने रहती ही है और घर में इसका स्थान टीवी ले लेती है। ऑफिस जाने वाले लोगों की तो मजबूरी है कि उन्हें इतने समय कम्प्यूटर पर काम करना पड़ता है क्योंकि आज अधिकांश कार्यालयों में बिना कम्प्यूटर के काम ही नहीं होता, लेकिन स्कूल, कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों के लिए तो यह इतना अहम हो गया है कि इसके बिना वे अपने आप को असहाय महसूस करने लगते हैं। अगर वे कम्प्यूटर से हटते तो मोबाइल में लग जाते।

स्वभाविक सी बात है कि इतना समय कम्प्यूटर, टीवी, मोबाइल के सामने बिताना आपकी आंखों के लिए अच्छा नहीं है। आपकी आंखों पर इसका बुरा असर पड़ना लाजमी है। लेकिन अपनी आदतों में सुधार कर आप आंखों को इसके प्रभावों से बचा सकते हैं। नीचे दिए कुछ उपयोगी टिप्स अपनाएं और आंखों को स्वस्थ रखें।

- आपकी आंखों की सेहत के लिए जरूरी है कि आपके कम्प्यूटर की जमावट सही हो। मॉनीटर, कीबोर्ड का सही जगह होना बेहद जरूरी है। ध्यान रहे मॉनीटर की आपकी आंखों से दूरी एक हाथ बराबर हो और वह आंखों के लेवल से 20 डिग्री नीचे हो। कीबोर्ड भी ऐसी जगह होना जाहिए जहां आपको टाइप करने में कोई भी दुविधा न हो।
- आप जहां बैठे हैं उस कमरे का प्रकाश फैला हुआ होना चाहिए। आपके सिस्टम पर प्रकाश सीधे नहीं पड़ना चाहिए। अपने सिस्टम के कलर, कंट्रास और ब्राइटनेस को अपने अनुसार सेट करें जो आपकी आंखों के लिए सहज हो।
- आप अपने चश्मे के लेंस पर एंटी-रिफ्लेक्टिव पर्त लगवा सकते हैं जो आपकी आंखों को कम्प्यूटर से निकलने वाली हानिकारक किरणों से बचाएगा। इसके अलावा आप आंखों के डॉक्टर से कन्सल्ट कर एक खास चश्मा बनवा सकते हैं जो विशेषकर उन लोगों के लिए बनाया जाता है जो कम्प्यूटर का अधिक इस्तेमाल करते हैं।
- हमेशा 20-20-20 नियम याद रखें। इन तीन स्टेप्स को अपनाकर आप आंखों की हिफाजत बखूबी कर सकते हैं।
  - कम्प्यूटर पर काम करते हुए हर 20 मिनिट बाद अपने सिर को घुमाएं और ऐसी किसी वस्तु पर नजर डालें जो कम से कम आप से 20 फीट दूर हो। ऐसा करने से आपकी आंखों की फोकस दूरी बदलेगी जो आंखों को स्वस्थ रखने में मदद करेगी।
  - छोटा-सा ब्रेक लें और उसमें अपनी पलकों को लगातार 20 बार झपकाए। ऐसा करने से आंखों की नमी बरकरार रहेगी।
  - एक ही पोजीशन में बैठे रहने से अच्छा है कि आप हर 20 मिनिट में उठकर 20 कदम चलें। ऐसा करना आपकी आंखों के साथ-साथ पूरे शरीर के लिए लाभप्रद है। इससे आपके पूरे शरीर में रक्त का प्रवाह आसानी से होगा। अन्यथा एक ही जगह बैठे रहने से रक्त प्रवाह में रुकावट आ जाती है।
- हम औसतन एक मिनिट में 12 बार पलक झपकाते हैं, लेकिन क्या आपको पता है जब हम कम्प्यूटर पर काम करते हैं तो एक मिनिट में सिर्फ 5 बार ही पलकें झपकती हैं। जिस कारण हमारी आंखों की नमी कम हो जाती है। और यही कमी हमारी असहजता का कारण बन जाती है। इससे बचने के लिए जरूरी है कि आप पलक झपकाना न भूलें और आंखों को नम बनाए रखने के लिए जेल या कृत्रिम आंसुओं का उपयोग करें।
- काम करते समय हमेशा तनकर बैठे ताकि आपका मेरूदंड सीधा रहे। अपनी हथेलियां आपस में तब तक रगड़ें जब तक कि वे थोड़ी गर्म न हो जाएं। हथेलियों की यह गर्माहट आपक?ी थकी हुई आंखों को आराम पहुंचाएगी। अपनी इन गर्म हथेलियों को हल्के से आंखों पर रखें और 60 सेकेण्ड तक आराम करें। अपने मन में ये 60 सेकेण्ड गिनें और जब भी आपकी आंखे थक जाएं तब कम से कम दो से तीन बार इस एक्सरसाइज को करें।
- ब्रेक के दौरान अपने चेहरे और आंखों को सादे पानी से धोएं। ऐसा करने से आप फ्रेश फील करेंगे।
- सुबह ऑफिस आने से पहले उपयोग किए गए दो टी-बैग्स फ्रिज में रखना न भूलें और जब आप घर जाएं तो इन टी-बैग्स को आंखों पर कुछ मिनिटों के लिए रखें। यह आपकी थकी हुई आंखों को आराम देने के साथ-साथ उनकी सूजन भी कम करेगा।
- आंखों को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है उचित खान-पान। अपने रोजाना के खाने में विटामिन ए, सी और ई से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करें। हरी पत्तेदार सब्जियां, टमाटर, चिकन और दुग्ध उत्पादों को भी अपने आहार में शामिल करें। अगर आप अपनी आंखों को स्वस्थ रखना चाहते हैं तो इन टिप्स को अपनाने के साथ समय-समय पर आंखों की जांच कराना न भूलें।

## सर्द मौसम में महिलाएं रखें सावधानी

**बदलते** मौसम का अर्थ ढेरों बीमारियों को बुलावा। ऐसे में महिलाओं को अपना विशेष ध्यान रखना होता है। महिलाओं को कई प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बीमारी उन्हें जब तक पूरी तरह से न पकड़ ले, वे चिकित्सक के पास जाना पसंद नहीं करती हैं। लापरवाही के कारण कभी-कभी बीमारियां इतनी गंभीर हो जाती हैं कि इलाज असंभव हो जाता है। पहले महिलाएं अज्ञानता के चलते ऐसा करती थीं। आज महिलाएं शिक्षित और समझदार हैं लेकिन आज भी सिर्फ ध्यान न देने की वजह से बीमारियां ने गंभीर रूप ले लेती हैं। महिलाओं को चाहिए कि अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखें और समय-समय पर डॉक्टरी परामर्श लेते रहें। * व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें। व्यायाम ज्यादा पकाऊ न हो, इसके लिए रोज कुछ नया करने का प्रयास करें। जैसे सोमवार को सैर, मंगलवार को योग, बुधवार को एक्सरसाइज आदि। *व्यायाम करते समय अपनी पसंद का म्यूजिक सुनना बहुत जरूरी होता है। इससे मन प्रसन्न होता है, और शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। * खाने में हरी सब्जी, फल, सलाद और जूस का नियमित सेवन करें। तेल-घी का ज्यादा उपयोग न करें। महिलाएं एक गिलास दूध प्रतिदिन पिएं। कैल्शियम और सोयायुक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें। * बदलते मौसम में मॉइश्चराइजर का उपयोग करें। त्वचा को स्वस्थ रखने के लिए एलोवेरा का उपयोग भी कर सकते हैं। दिनभर में लगभग 18 से 20 गिलास पानी पीने से आधी से ज्यादा बीमारियां दूर रहती हैं। * विटामिन, एंटीऑक्सीडेंट दवाइयों का सेवन करें। महिलाएं ब्रेस्ट कैंसर और बच्चादानी के कैंसर की समय-समय पर जांच कराती रहें। साथ ही अन्य चेकअप भी कराती रहें। * जो भी खाएं और पकाएं, हमेशा धोकर खाएं। कफ कोल्ड वाले इंसानों से दूर रहें। जितना हो सके बीमारियों से बचकर रहें।



## ठंड से बचाएं अपने नन्हे से दिल को

**जाड़े** की दस्तक के साथ ही मौज-मस्ती का सिलसिला शुरू हो रहा है। क्रिसमस से लेकर पूरे जनवरी महीने तक बेफिक्री का आलम रहेगा। रंग में भंग डालने की मेरी कोई मंशा नहीं है लेकिन मौज-मस्ती के अपने धांसू आइडिया के साथ अपने दिल की खैरियत के खयाल की गठरी भी बांध लें तो बेहतर होगा। इस दौरान दिल की तरफ से बेतकल्लुफ हो जाना खतरे से खाली नहीं है। ब्रिटेन के चर्चित कवि टीएस इलियट की तर्ज पर कहें तो दिल की परवाह नहीं की तो ये महीने सबसे निर्दयी साबित हो सकते हैं। खाने-पीने का दौर ही नहीं, जाड़े की ठिठुरन भी घातक साबित होती है। सीधे कहें तो इन महीनों में दिल के दौरे का खतरा बहुत बढ़ जाता है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोग तो खास खयाल रखें। हदय रोगों के लिए ये महीने सबसे घातक होते हैं। ठंडे मौसम का हृदय रोगों से गहरा संबंध होता है। हृदय एवं रक्त संचार कई तरह से प्रभावित होते हैं। गाढ़ा हो जाने से रक्त का लसलसापन बढ़ जाता है। पतली रक्त नलिकाएं और संकरी हो जाती हैं। इससे रक्त का दबाव बढ़ जाता है, दिल की धड़कन बढ़ जाती है। यह स्थिति दिल के मरीजों के लिए तो ठीक नहीं ही है, उनके दिलों के लिए भी घातक हैं जो मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा एवं कोलेस्ट्रॉल जैसे जोखिम कारकों से लैस हैं। इस मौसम में श्वसन से संबंधित बीमारियां होती हैं जो दिल पर बुरा असर डालती हैं।

जाड़े में लोग शराब का अधिक सेवन करते हैं। उच्च रक्तचाप एवं खून को पतला करने सहित अन्य जरूरी दवाइयों से बचते हैं। मस्ती के दौरान उन लक्षणों को गंभीरता से नहीं लेते जो दिल के दौरे की तरफ इंगित करते हैं। छाती के दर्द तक को गैस या अपच के कारण हुआ समझने की भूल करते हैं। जाड़े में अधिक समय तक ठंड में रहने और खुली जगह में शारीरिक मेहनत करने से बचें तभी आपके दिल की गर्मजोशी बरकार रहेगी।

## आहार जो दे आपको सर्दियों में गर्मी

**सर्दी को** हमारे यहां सेहत बनाने का मौसम माना जाता है। खूब सारे फल आते हैं, पाचन-शक्ति अच्छी होती है और खूब भूख भी लगती है। कहा जाता है कि इस मौसम में पत्थर भी पचाए जा सकते हैं। ऐसे में जो लोग जिम जाकर बॉडी बनाना चाहते हैं, उनके लिए भी यह मौसम बड़े काम का है।



इस मौसम में स्वस्थ रहने और सर्दी से बचने के लिए बाहरी उपायों के अतिरिक्त हमारे यहां खान-पान पर भी जोर दिया जाता है। इस मौसम में सर्दी-जुकाम होने की आशंका ज्यादा रहती है, ऐसे में अपने शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए एक्सपर्ट अपने खाने में नेचुरल एंटीऑक्सीडेंट्स को शामिल करने का सुझाव देते हैं। ठंड के मौसम में अपने खाने में आंवले को शामिल करें। सीधे नहीं खा सकते हैं तो या तो मुरब्बे के तौर पर या फिर किसी और तरह से हर दिन के खान-पान में इस्तेमाल करें। यदि आप डाइट चार्ट का पालन कर रहे हैं तो फिर आंवला मुरब्बा लेने की बजाय किसी और रूप में लें। इसके साथ ही अजवाइन भी शरीर को गर्मी देने का अच्छा स्रोत है। इससे भी आप कोल्ड एंड फ्लू से बचाव कर सकते हैं। गुड़ और शहद भी सर्दियों के दिनों में अच्छा माना जाता है। तिल्ली और गुड़ के लड्डू सर्दी से बचाव के लिए बेहतरीन उपाय माना जाता है। ठंड के मौसम में सूखे मेवे, बादाम आदि का सेवन भी लाभदायक होता है। या तो इन्हें भिगोकर खाएं या दूध में मिलाकर या फिर सूखे मेवों का दरदरा पावडर-सा बना लें और इसे दूध में मिलाकर प्रोटीन शेक-सा बना लें। पारंपरिक तौर पर सर्दियों के लिए मेवे के लड्डू बनाए जाते हैं। आटे, बेसन या फिर उड़द या मूंग की दाल के आटे से लड्डू बनाए जाते हैं। गुजरात में उड़द की दाल के आटे से बने लड्डुओं को अड़दिया कहा जाता है, जबकि पंजाब में इन्हें दाल की पिन्नियों के नाम से जाना जाता है। डाइट एक्सपर्ट यह मानते हैं कि सर्दियों में देशी घी का उपयोग किया जाना चाहिए। यदि आप किसी डाइट चार्ट को फालो नहीं कर रहे हैं तो घी इस मौसम में अच्छा रोग प्रतिरोधक माना जाता है। यदि आप शक्कर और घी से परहेज करते हैं तो मौसमी फलों का सेवन करें। ताजी सब्जियों और मौसम के फलों के साथ गर्म दूध भी सर्दियों के लिए अच्छा माना जाता है।

## सूर्य-किरण थेरेपी क्या है?



**वैज्ञानिकों** की मान्यता है कि विविध रंगों का मानव के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर बड़ा प्रभाव पड़ता है और प्रत्येक रंग के अपने विशेष आरोग्यकारक गुण होते है। रंग असंतुलन अर्थात रंगों की कमी या अधिकता के कारण मनुष्य के शरीर में कई प्रकार के रोग उत्पन्न हो जाते हैं। सामान्य रूप से देखने पर सूर्य का प्रकाश सफेद ही दिखाई देता है पर वास्तव में वह सात रंगों का मिश्रण होता है। कांच के त्रिपार्श्व से सूर्य की किरणों को गुजारने पर दूसरी ओर इन सात रंगों को स्पष्ट देखा जा सकता है। किसी विशेष रंग की कांच की बोतल में साधारण पानी, चीनी, मिश्री, घी, ग्लिसरीन आदि तीन-चौथाई भरकर सूर्य की किरणें दिखाने से या धूप में रखने से उस कांच द्वारा सूर्य के प्रकाश से उसी रंग की किरणों को ग्रहण किया जाता है और उसी रंग का तत्व और गुण पानी आदि वस्तु में उत्पन्न हो जाता है और वह सूर्यतप्त (सूर्य किरणों द्वारा चार्ज की गई वस्तु रोग-निवारण गुणों और स्वास्थ्यवर्धक तत्वों से युक्त हो जाती है। इन सूर्यतापित वस्तुओं के उचित भीतरी और बाहरी प्रयोग से मनुष्य के शरीर में रंगों का संतुलन कायम रखा जा सकता है और अनेक प्रकार के रोगों को सहज ही दूर किया जा सकता है। यही सूर्य किरण चिकित्सा है। सूर्य की किरणों में सर्वरोगनाशक अद्भुत शक्ति है, यह बात हमारे ऋषि-मनीषी हजारों साल पहले अच्छी तरह जानते थे, परन्तु आधुनिक युग में सूर्य किरण चिकित्सा और रंग-चिकित्सा का अनुसंधान और विकास कार्य विदेशों में हुआ। अब सूर्य-किरण-चिकित्सा भारत में भी निरंतर लोकप्रिय होती जा रही है।



## श्रीलंकाई नौसेना ने कथित समुद्री सीमा उल्लंघन के लिए 14 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार, हमले में एक के आंख में लगी चोट

तमिलनाडु के कराइक्कल, पुडुकोट्टई और नागापट्टिनम जिलों के 14 भारतीय मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने 16 नवंबर की सुबह अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने के लिए हिरासत में लिया। मछुआरे तड़के कोट्टुचेरीमेडु के आर. सेल्वमनी की नाव में सवार होकर समुद्र में गए थे। मछुआरे नेदुनथीवू में आईएमबीएल के पास मछली पकड़ रहे थे, तभी उन्हें श्रीलंकाई नौसेना ने हिरासत में ले लिया। तमिलनाडु तटीय पुलिस के सूत्रों ने बताया कि श्रीलंकाई नौसेना आईएमबीएल के पास गश्त कर रही थी और उन्होंने 16 नवंबर सुबह समुद्र में गए मछुआरों को हिरासत में ले लिया। जब श्रीलंकाई नौसैनिकों ने उस पर हमला किया तो उसकी आंख में चोट लग गई थी। ये ध्यान देने योग्य बात है कि श्रीलंकाई नौसेना द्वारा तमिलनाडु के कई भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था और उनकी महंगी मशीनीकृत नौकाओं को जब्त कर लिया गया था। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा स्थानीय श्रीलंकाई समाचार पत्रों में भारतीय मछुआरों से जब्त की गई मशीनीकृत नौकाओं की बिक्री की घोषणा करने वाले विज्ञापन दिए गए थे। बता दें कि 25 मार्च 2022 में विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने लोकसभा में बंदी बनाए गए भारतीय मछुआरों को लेकर किए गए सवाल का जवाब दिया था। उन्होंने कहा था कि श्रीलंका ने तमिलनाडू के मछुआरों को हिरासत में लिया है। सरकार श्रीलंका की सरकार से बात कर रही है। श्रीलंका ने 2020 में 74 मछुआरों को गिरफ्तार किया. 2022 में 96 मछुआरों को गिरफ्तार किया गया।

## नाइजीरियाई नौसेना ने तेल चोरी के आरोप में विदेशी जहाज पकड़ा, चालक दल में 16 भारतीय भी

अबुजा। नाइजीरिया की नौसेना ने अपने जल क्षेत्र में अवैध रूप से संचालन और बिना मंजूरी के कच्चे तेल का निर्यात करने के प्रयास के आरोप में एक विदेशी जहाज को जब्त कर लिया है और 16 भारतीयों सहित 27 विदेशियों को हिरासत में लिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को एसोसिएटेड प्रेस को यह जानकारी दी। नाइजीरियाई नौसेना के प्रवक्ता कमोडोर एडेडोटुन अयो-वॉन के अनुसार, तेल समृद्ध नाइजर डेल्टा क्षेत्र में एक स्थानीय अदालत में दोषारोपण के बाद विदेशियों को अदालत के आदेश पर रखा जा रहा है। अयो-वॉन ने कहा कि कुछ विदेशियों को मंगलवार को 'बिना लाइसेंस या प्राधिकरण के कच्चे तेल के निर्यात का सौदा करने के प्रयास' के लिए आरोपित किया गया था। उनमें 16 भारतीयों के अलावा श्रीलंका और पोलैंड सहित पांच अन्य देशों के नागरिक शामिल है। नाइजीरिया के समुद्री क्षेत्र में अवैध रूप से काम करने के आरोपी विदेशियों को अतीत में गिरफ्तार किया गया है और विश्लेषकों का कहना है कि वे अक्सर स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर काम करते हैं।

## वेनेजुएला में आई बाढ़, 1200 से ज्यादा लोग फंसे

### – कीचड़ में परिजनों के शव ढूंढ रहे लोग

वेनेजुएला। दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में दो महीने की भारी बारिश ने तबाही मचा दी। बारिश के कारण छोटी-छोटी नदियां उफान पर आ गईं जिसके कारण भीषण बाढ़ में बेहद दर्दनाक मंजर देखने को मिला। यहां आई बाढ़ ने 1200 से ज्यादा लोगों को प्रभावित किया। पहाड़ी बस्तियों को अलग-थलग कर दिया। भारी बारिश की वजह से सड़कें खराब हो गईं। भारी बारिश के कारण आई बाढ़ में 90 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों लोग लापता हो गए। बारिश के कारण आई इस तबाही में कई परिवार बिछड़ गए, कई मासूमों की मौत हो गई। वेनेजुएला में आई बाढ़ के कारण कई घर बाढ़ में बह गए। लापता लोगों के परिवार के विभिन्न सदस्य उन्हें ढूंढ रहे हैं। लोग लापता रिश्तेदारों के शव तलाश रहे हैं। बाढ़ स्थलों का मंजर बेहद दर्दनाक है। कई लापता लोग मृत अवस्था में पाए जा रहे हैं। लोग कीचड़ों में सने हुए हैं फिर भी लापता परिजनों को लगातार ढूंढ रहे। बारिश अभी भी रुकने का नाम नहीं ले रही। लगातार 4 से 5 घंटों तक बारिश होती रहती है। सभी नदियां उफान पर हैं। करीब 12 मीटर ऊपर तक कीचड़ का ढेर है। कैरासिओलो नगर पालिका के मेयर ने बताया कि यहां करीब 900 से 1200 लोग प्रभावित हुए हैं। ऊंचे इलाकों में कोई नहीं पहुंच पा रहा है। लोग पैदल भी नहीं जा सकते क्योंकि नदी पहाड़ों की ओर बह रही है। वेनेजुएला के एंडियन क्षेत्र में एक मां और बेटे की मौत हो गई। काराकास से लगभग 670 किलोमीटर पश्चिम में मेरिडा राज्य के कैरीआसिओलो नगर पालिका में भी भारी बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन हुआ है। यहां भी कई परिवार प्रभावित हुए हैं। कई लोगों की मौत हुई है।

## आस्ट्रेलियाई अर्थशास्त्री सहित 6 हजार लोग जेल से रिहा

नाएप्यीडॉ। म्यांमार के सैन्य नेताओं ने आस्ट्रेलियाई अर्थशास्त्री समेत 6,000 अन्य लोगों को माफी के तहत जेल से रिहा कर दिया है, जिसमें चार विदेशी और 11 मशहूर हस्तियां थीं। इस लिस्ट में लोकतंत्र आइकन आंग सान सू की के पूर्व सलाहकार सीन टर्नेल भी शामिल हैं। टर्नेल पर राज्य गोपनीयता कानून का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया था। वहीं एक पूर्व ब्रिटिश दूत विक्की बोमन और एक जापानी फिल्म निर्माता टोरू कुबोता भी रिहा किए गए हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसा बोमन पर आप्रवासन उल्लंघन और कुबोटा पर राजद्रोह और संचार कानून का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया था। बोमन को उनके पति, प्रमुख बर्मी कलाकार हेटिन लिन के साथ कैद कर लिया गया था। 1 फरवरी, 2021 को सुबह के छापे में आंग सान सू की सहित नागरिक नेताओं को गिरफ्तार करके पिछले साल सैन्य तख्तापलट के बाद से म्यांमार राजनीतिक उथल-पुथल में है। एक स्थानीय अखबार ने सैन्य परिषद का हवाला देते हुए कहा कि म्यांमार राष्ट्रीय दिवस के वजह से क्षमा प्रदान की गई। रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय दिवस पर सैन्य परिषद ने घोषणा की कि लगभग 6,000 कैदियों को रिहा कर दिया गया है। उनमें से चार विदेशी और 11 मशहूर हस्तियां थीं।

## चीनी जासूस को अमेरिका में सुनाई 20 साल की सजा

### – पिछले साल तक आरोपी ने कई अमेरिकी विमानन और एयरोस्पेस कंपनियों से व्यापार रहस्य चुराने की साजिश रची थी

वॉशिंगटन। अमेरिका के सिनसिनाटी में एक अमेरिकी संघीय अदालत ने एक चीनी जासूस को 20 साल की जेल की सजा सुनाई है। न्याय विभाग के अनुसार आरोप है कि पिछले साल तक उसने कई अमेरिकी विमानन और एयरोस्पेस कंपनियों से व्यापार रहस्य चुराने की साजिश रची थी। एक रिपोर्ट के अनुसार 42 वर्षीय जू यंजुन को 2018 में बेल्जियम में संघीय जांच ब्यूरो द्वारा जांच के बाद हिरासत में लिया गया था। यू को पिछले साल नवंबर 2021 में एक संघीय जूरी द्वारा साजिश रचने और आर्थिक जासूसी और व्यापार रहस्य चोरी करने का प्रयास करने का दोषी ठहराया गया था। अभियोजकों ने इसी तरह की कार्रवाइयों के खिलाफ निवारक के रूप में कार्य करने के लिए 25 साल की सजा मांगी थी, लेकिन जू के वकीलों ने पहले के अदालती दाखिलों में कहा था कि यह अधिक है। अमेरिकी अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने कहा कि आज की सजा उन अपराधों की गंभीरता और चीनी सरकार, या किसी विदेशी शक्ति द्वारा हमारी आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने के प्रयासों की जांच और मुकदमा चलाने के लिए न्याय विभाग के दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित करती है। साल 2013 और 2018 के बीच जनरल इलेक्ट्रिक कंपनी की इकाई जीई एविएशन सहित कई अमेरिकी विमानन और एयरोस्पेस कंपनियों को निशाना बनाने के लिए उपनाम और फ्रंट कंपनियों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया था। वाशिंगटन में चीन के दूतावास ने सजा पर कोई जवाब नहीं दिया। पिछले साल, चीन के विदेश मंत्रालय ने जू के खिलाफ आरोपों को मनगढ़ंत करार दिया था.अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि चीनी सरकार अमेरिकी आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा दीर्घकालिक खतरा है और अमेरिकी व्यवसायों और शोधकर्ताओं से महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी चोरी करने के लिए अभूतपूर्व प्रयास कर रही है। संघीय जांच ब्यूरो के निदेशक क्रिस्टोफर रे ने कहा है कि उनकी एजेंसी दिन में लगभग दो बार चीन से संबंधित अपराध का मामला खोलती है।




पेरिस के एक डिपार्टमेंटल स्टोर में बिक्री के लिए रखा हुआ एक बड़ा सा क्रिसकस ट्री हालांकि सरकार ने देश में उर्जा संकट को देखते हुए बिजली बचाने के संकेत दिये हैं।

## भारत व अन्य देशों ने अफगानिस्तान की सरजमीं से आतंकवाद खत्म करने का आह्वान किया

नयी दिल्ली। भारत और कई अन्य देशों ने बुधवार को काबुल में ''सच्चे मायनों में समावेशी'' सरकार बनाने तथा अफगानिस्तान की सरजमीं से आतंकवाद खत्म करने का आह्वान किया। उन्होंने अफगानिस्तान की स्थिति पर मॉस्को प्रारूप के तहत विचार विमर्श के दौरान यह टिप्पणी की। रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वार्ता के



मॉस्को प्रारूप के तहत हुई चौथी बैठक में रूस, भारत, चीन, पाकिस्तान, ईरान, कजाखस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के विशेष प्रतिनिधि तथा वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि बैठक में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों ने अमेरिका द्वारा अफगानिस्तान की संपत्ति की कुर्की को पूरी तरह से हटाने की मांग की। रूसी विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक संयुक्त बयान के अनुसार कतर, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और तुर्किये के प्रतिनिधि भी अतिथि के तौर पर बैठक में शामिल हुए।

# रिपब्लिकन पार्टी को सदन में मिला बहुमत

## – जो बाइडेन की बढेगी मुश्किलें

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के पूर्व प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप की पार्टी रिपब्लिकन को सदन में बहुमत हासिल हो गया है। इससे वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन की मुश्किलें बढने वाली है। रिपब्लिकन पार्टी ने सदन को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक 218 सीटों पर जीत हासिल की। यह सीट भविष्यवाणी वाली सीट से कम है। बता दें कि जीओपी नेताओं के लिए कई चुनौतियां पेश करेगा और शासन करने में कई मुश्किलें भी खड़ी करेगा। इस जीत से राष्ट्रपति जो बाइडेन की भी मुसीबतें बढ़ गई हैं, क्योंकि रिपब्लिकन प्रमुख समितियों पर नियंत्रण रखेंगे, जिससे उनके परिवार और प्रशासन की जांच शुरू करने में आसानी मिलेगी।



एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, चुनाव दिवस के एक हफ्ते से अधिक समय बाद भी वोटों की गिनती जारी है। अभी तक स्पष्ट रूप से ये नहीं कह सकते कि बहुमत का आकड़ा किसने पार किया, इसे फाइनल होने में कई और दिन या हफ्ते लग सकते हैं। फिलहाल तो रिपब्लिकन ने डेमोक्रेटिक नियंत्रण से सदन को पलटने के लिए आवश्यक 218 सीटों को हासिल किया है।रिपब्लिकन ने मध्यावधि चुनाव अभियानों के दौरान मतदाताओं को दो मुख्य मुद्दों द्वारा विपरीत दिशाओं में खींचे गए थे। पहला महंगाई और दूसरा गर्भपात। पार्टी ने उच्च मुद्रास्फीति दर से उदारवादियों को निशाने पर लिया। मतदाताओं के मन से बाइडेन की लोकप्रियता भी घटने लगी थी, जब मासिक किराना, गैसोलीन और किराए के बिलों में उन्होंने तेज वृद्धि को देखना शुरू किया।

बता दें कि साल 2001 में पार्टी के पास 221-212, दो निर्दलीय उम्मीदवारों के साथ सिर्फ नौ सीटों का बहुमत था। अमेरिका के मध्यावधि चुनाव में 218 सीटें रिपब्लिकन की बड़ी जीत की भविष्यवाणी से बहुत कम है।रिपोर्ट के अनुसार, वहीं बाइडेन की पार्टी डेमोक्रेटिक द्वारा वर्जीनिया से मिनेसोटा और कान्सास तक उपनगरीय जिलों पर कब्जा कर लिया गया है, जिससे जीओपी नेता केविन मैक्कार्थी के स्पीकर बनने प्लान मुश्किल में पड़ सकता है, क्योंकि कंजरवेटिव सदस्यों ने उन्हें समर्थन करने को लेकर कई सवाल किए हैं। यह रिपब्लिकन का 21 वीं सदी में बहुमत का सबसे कम आकड़ा है।

## अनजाने में उच्चतम न्यायालय के आदेश का उल्लंघन हुआ : इमरान खान

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि इस साल मई में अपनी पार्टी के लॉन्ग मार्च को उच्च सुरक्षा वाले रेड जोन से सटे इस्लामाबाद के डी-चौक क्षेत्र में प्रवेश करने से रोकने के न्यायालय के आदेश का उनसे अनजाने में उल्लंघन हुआ। शीर्ष अदालत ने 25 मई के अपने आदेश में खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) को अपना आजादी मार्चइस्लामाबाद में पेशावर मोड़ के निकट एच-9 और जी-9 क्षेत्रों के बीचआयोजित करने के स्पष्ट निर्देश जारी किए थे।



हालांकि, खान और प्रदर्शनकारी डी-चौक की ओर मुड़ गए थे, जिससे सरकार को राजधानी के रेड जोन की सुरक्षा के लिए सेना बुलानी पड़ी थी। खान ने अपने वकील सलमान अकरम राजा के माध्यम से अदालत की अवमानना मामले में अपना जवाब दाखिल किया, जिसमें कहा गया है कि उन्हें 25 मई के शीर्ष अदालत के आदेश के बारे में सूचित नहीं किया गया था।

पीटीआई के प्रमुख ने कहा कि जैमर लगे हुए थे, इसलिए संचार में गड़बड़ी के कारण उन्हें अदालत के सटीक निर्देशों से अवगत नहीं कराया गया। खान (70) ने अदालत से कहा, 'अनजाने में सीमा पार करने के लिए खेद है'।

## ब्रिटेन-भारत की नयी वीजा नीति का उद्योग जगत, छात्र समूहों ने स्वागत किया




**लंदन (एजेंसी)।** लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक द्वारा बुधवार को वीजा के लिए शुरू की गई 'न्यू यूके-इंडिया यंग प्रोफेशनल्स' योजना का ब्रिटेन में उद्योग और छात्र समूहों द्वारा बड़े कदम के रूप में स्वागत किया गया है। यह योजना अगले साल की शुरुआत से चालू हो जाएगी और 18 से 30 वर्ष की आयु के भारतीय छात्रों और पेशेवरों को 24 महीने के लिए ब्रिटेन में रहने और काम करने को लेकर सालाना 3,000 वीजा की पेशकश की जाएगी।

ब्रिटिश नागरिकों के लिए भी भारत में इसी तरह की पेशकश होगी। लंदन के लॉर्ड मेयर ने बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन के इतर इस संबंध में हुई घोषणा का स्वागत किया और अन्य क्षेत्रों में भी दोनों देशों के बीच आदान-प्रदान बढ़ाने का आह्वान किया। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने नयी योजना को दोनों देशों के युवा पेशेवरों के लिए ''बड़ा अवसर'' करार दिया और पिछले साल यूके-इंडिया माइग्रेशन एंड मोबिलिटी पार्टनरशिप (एमएमपी) की मजबूती का संकेत दिया। ब्रिटेन में अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए सुगम अभियान की वकालत करने वाला संगठन नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड अलुमनाई यूनियन (एनआईएसएयू) यूके ने भी इस घोषणा का स्वागत किया।

## उत्तर कोरिया ने समुद्र की तरफ बैलिस्टिक मिसाइल दागी, जापान की सुरक्षा का उठा मुद्दा



**सियोल (एजेंसी)।** उत्तर कोरिया ने बृहस्पतिवार को अपने पूर्वी समुद्री तट की ओर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी। उसने कहा कि उत्तर कोरिया ने अमेरिका द्वारा क्षेत्र में अपने सहयोगियों-दक्षिण कोरिया और जापान की सुरक्षा को लेकर दृढ़ प्रतिबद्धता जताने के जवाब में ''कड़ी'' सैन्य कार्रवाई शुरू करने की धमकी देने के कुछ घंटों बाद यह कदम उठाया। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने एक संक्षिप्त बयान में बताया कि उन्हें उत्तर कोरिया के एक और मिसाइल का परीक्षण करने की जानकारी मिली है।

हालांकि, उन्होंने मिसाइल ने कितनी दूरी तय की और वह कहां जाकर गिरी इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी। इससे पहले, उत्तर कोरिया के विदेश मंत्री चो सोन ह्यू ने बृहस्पतिवार को चेताया था कि प्योंगयांग के मिसाइल प्रक्षेपणों को लेकर अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान का हालिया शिखर सम्मेलन कोरियाई प्रायद्वीप में व्याप्त तनाव को ''अधिक अप्रत्याशित'' बना देगा। चो का बयान अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के उनके दक्षिण कोरियाई और जापानी समकक्षों के साथ हाल ही में किए गए त्रिपक्षीय सम्मेलन पर उत्तर कोरिया की पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया थी।

सम्मेलन के बाद तीनों नेताओं ने एक संयुक्त बयान जारी करते हुए उत्तर कोरिया के हालिया मिसाइल परीक्षणों की कड़ी निंदा की थी और प्रतिरोध क्षमता को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई थी। बयान में बाइडन ने परमाणु हथियारों सहित अन्य सभी सैन्य उपायों के जरिये दक्षिण कोरिया और जापान की रक्षा करने की अमेरिकी प्रतिबद्धता को दोहराया था।

चो ने कहा, '' अमेरिका अपने सहयोगियों को जितने मदद की पेशकश करेगा और वे कोरियाई प्रायद्वीप में जितनी अधिक उकसावे वाली सैन्य गतिविधियां संचालित करेंगे, उत्तर कोरिया की जवाबी कार्रवाई उतनी ही कड़ी होगी।'' उन्होंने चेताया, '' यह अमेरिका और उसके इशारे पर चलने वाली ताकतों के लिए अधिक गंभीर, यथार्थवादी और अपरिहार्य खतरा पैदा करेगा। '' चो ने यह नहीं बताया कि उत्तर कोरिया क्या कदम उठा सकता है, लेकिन उन्होंने कहा कि '' अमेरिका अच्छी तरह से जानता होगा कि वह ऐसा दांव लगा रहा है, जिसके लिए उसे निश्चित रूप से पछताना पड़ेगा।

# भारत के साथ व्यापार समझौते के लिए प्रतिबद्ध, लेकिन... जी20 समिट में ऋषि सुनक ने बताई अपनी शर्त

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री ऋषि सनक ने कहा कि वह भारत के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बाली में जी20 शिखर सम्मेलन के मौके पर बोलते हुए सुनक ने कहा, 'हम भारत के साथ व्यापार समझौते के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन इसके लिए थोड़ा समय चाहते हैं, जिससे डील को ठीक तरह से किया जाए। ऋषि सुनक ने कहा कि उनका एक ही नजरिया है कि जल्दबाजी के चक्कर में गुणवत्ता की कुर्बानी नहीं दी जा सकती है। हमें इन चीजों को ठीक करने की जररत है। सुनक ने बाली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की। पिछले महीने भारतीय मूल के पहले ब्रिटिश पीएम के पद संभालने के बाद यह उनकी पहली बैठक थी। सुनक ने कहा, ''हमारी सुरक्षा और समृद्धि के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र काफी महत्वपूर्ण है। यह क्षेत्र गतिशील और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं से भरा हुआ है और अगले दशक में इस क्षेत्र में क्या होता है, इसके आधार पर इसे परिभाषित किया जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''मैं भारत के साथ हमारे मजबूत सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों के महत्व के बारे में जानता हूं।'' सुनक ने कहा, ''मुझे खुशी है कि भारत के और भी अधिक मेधावी युवाओं को अब ब्रिटेन में जीवन का वह सब अनुभव करने का अवसर मिलेगा, जो हमारी अर्थव्यवस्थाओं और समाजों को समृद्ध बनाने के लिए मददगार साबित होगा।



पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री सुनक को पद संभालने पर बधाई दी। दोनों नेताओं ने भारत-यूके व्यापक रणनीतिक साझेदारी की स्थिति और भविष्य के संबंधों के लिए रोडमैप 2030 पर प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। दोनों नेताओं ने जी20 और राष्ट्रमंडल सहित द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मंचों में एक साथ काम करने के महत्व की सराहना की। 2021-22 में भारत और यूके के बीच कुल व्यापार 17.5 बिलियन अमरीकी डॉलर था। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने बाली शिखर सम्मेलन के समापन समारोह में भारत को जी20 अध्यक्षता सौंपी। भारत 1 दिसंबर को आधिकारिक रूप से जी20 की अध्यक्षता ग्रहण करेगा।

## धरती पर मौजूद सबसे बड़ा बर्फ का पहाड़ खत्म होने की कगार पर, नासा का खुलासा

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने सैटलाइट तस्वीरों के आधार पर बड़ा खुलासा किया है कि धरती पर मौजूद सबसे बड़ा बर्फ का पहाड़ खत्म होने वाला है। अंटार्कटिका पर मौजूद ए-76ए एक समय में बर्फ के सबसे बड़े पहाड़ों में से एक का आखिरी बचा हुआ हिस्सा है। यह जल्द ही खत्म होने वाला है। अमेरिकी नेशनल आइस सेंटर के मुताबिक यह आइसबर्ग 135 किमी लंबा है और 26 किमी चौड़ा है। यह लंदन के कुल आकार का लगभग दोगुना है।



यह रोडे आइलैंड के आकार के पहाड़ ए-76 का सबसे बड़ा हिस्सा है। यह पहले सबसे बड़ा आइसबर्ग माना जाता था। यह हिस्सा अंटार्कटिका के रोन्ने आइस शेल्फ के पश्चिमी हिस्से से मई 2021 में टूटा था। इसके बाद यह तीन भागों में बंट गया था। ये थे, 76ए, 76बी, और 76सी है। आइसबर्ग संख्या 76 ए इन टुकड़ों में सबसे बड़ा था। यह बर्फ का विशाल टुकड़ा पिछले एक साल से धीरे-धीरे अंटार्कटिका के पास तैर रहा था। हालांकि अब इसके पिघलने की दर काफी बढ़ी है, और यह अब खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है। ए-76ए की तस्वीर को गत 31 अक्टूबर को नासा के टेरा सैटलाइट ने खींची थी। यह उस समय प्रशांत और अटलांटिक महासागर को जोड़ने वाले ड्रेक पैसेज के मुहाने पर स्थित था। यह आइसबर्ग अभी इस समय एलीफैंट द्वीप और साउथ ओर्कने द्वीप समूह के पास दिखाई दे रहा है।

## मधु श्रीवास्तव की दादागिरी, मेरे कार्यकर्ता को किसी ने छुआ तो घर में घुसकर गोली मार दूंगा

वडोदरा । वडोदरा की वाघोडिया सीट से भाजपा विधायक मधु श्रीवास्तव की फिर एक दबंगई सामने आई है। नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले मधु श्रीवास्तव ने कहा कि अगर किसी ने उनके कार्यकर्ता का कॉलर पकड़ा तो घर में घुसकर गोली मार दूंगा। बता दें कि मधु श्रीवास्तव ने आज बतौर निर्दलीय उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल किया है। भाजपा ने अबकी बार मधु श्रीवास्तव को टिकट नहीं दिया है। वडोदरा की केवल वाघोडिया ही नहीं कई सीटों पर भाजपा को बगावत का सामना करना पड़ रहा है। कहीं नाराज नेताओं को मनाने में भाजपा सफल रही है, लेकिन कई जगह टिकट ना मिलने से नाराज विधायकों ने निर्दलीय उम्मीदवारी दर्ज करवा दी है। मधु श्रीवास्तव में भी उनमें से एक हैं। मधु श्रीवास्तव ने नामांकन से पहले आज हनुमानजी की प्रतिमा के साथ शक्ति प्रदर्शन किया। वडोदरा के धीरज सर्कल से तहसीलदार कचहरी तक मधु श्रीवास्तव ने रैली निकाली। मधु श्रीवास्तव के चुनाव कार्यालय पर भी हजारों की संख्या में उनके समर्थक जमा हुए। इस मौके पर मधु श्रीवास्तव ने अपने कार्यकर्ताओं कहा कि उन्हें किसी से डरने की जरूरत नहीं है, यह बाहुबली अभी है। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि अगर किसी ने उनके कार्यकर्ताओं को कॉलर पकड़ा तो घर में घुसकर गोली मार देंगे। साथ ही कहा कि शेर अकेला ही चलता है। गौरतलब है बीते दिन गुजरात प्रदेश भाजपा प्रमुख सीआर पाटील ने मधु श्रीवास्तव को मनाने अंतिम प्रयास किया था। वडोदरा एयरपोर्ट पर पाटील ने श्रीवास्तव के साथ करीब सवा घंटे बैठक की। लेकिन मधु श्रीवास्तव चुनाव मैदान से हटने को राजी नहीं हुए। पाटील के साथ बैठक करने के बाद मधु श्रीवास्तव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सतीश निशाळिया भले गए हों, मैं मधु श्रीवास्तव हूं। मैं निर्दलीय चुनाव लडूंगा और कल नामांकन भी दाखिल करूंगा।

## अचानक बिगड़ी केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की तबीयत, पश्चिम बंगाल में कार्यक्रम में थे मौजूद

सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल)। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। दरअसल, नितिन गडकरी आज पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी दौरे पर थे। यहीं पर एक कार्यक्रम के दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ी। नितिन गडकरी सिलीगुड़ी में एक कार्यक्रम में सड़क के उद्घाटन को लेकर पहुंचे थे। वे चाय पी रहे थे तभी उनकी अचानक तबीयत खराब हो गई। फिलहाल नितिन गडकरी डॉक्टरों की निगरानी में हैं। नितिन गडकरी फिलहाल नेओटिया अस्पताल के जाने-माने डॉक्टर पीबी भूटिया की निगरानी में थे। पीबी भूटिया खुद उनकी तबीयत की देखभाल कर रहे थे। खबर के मुताबिक के बीजेपी के सांसद राजू बिस्टा के आवास पर नितिन गडकरी का इलाज 3 डॉक्टर कर रहे हैं। खबर यह भी आ रही है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने खुद नितिन गडकरी के स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी ली है। ममता बनर्जी ने सिलीगुड़ी कमिश्नर को इसको लेकर कई निर्देश दिए थे। साथ ही साथ बेहतर उपचार की बात कही थी। बताया जा रहा है कि शुगर लेवल कम होने की वजह से नितिन गडकरी की तबीयत अचानक खराब हुई है। फिलहाल नितिन गडकरी की तबीयत ठीक बताई जा रही है। भाजपा के विधायक नीरज जिम्पा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गडकरी की तबीयत बाद में ठीक हो गई और वह अपनी कार में सवार होकर रवाना हो गए। हालांकि यह पहला मौका नहीं है जब नितिन गडकरी की अचानक तबीयत खराब हुई है। इससे पहले भी एक कार्यक्रम के दौरान 2018 में उनकी तबीयत खराब हो गई थी।

## केंद्र सरकार अनिवासी भारतीयों के विदेशी धन को कर योग्य व गैर-कर योग्य आय में विभाजित कर सकती है

नई दिल्ली। केंद्र सरकार का आईटी विभाग अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) के लिए भारत से प्राप्त विदेशी धन का विवरण साझा करना अनिवार्य कर सकता है और अगले वित्तवर्ष में इसे कर योग्य और गैर-कर योग्य आय में विभाजित कर सकता है। सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा, एनआरआई को भी निर्देश दिया जा सकता है कि वे अपने भारतीय व्यापार कनेक्शन का खुलासा करें तथा प्रकृति और यहां तक कि ठिकाने के बारे में विस्तार से बताने के लिए कहा जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आईटी विभाग उस व्यक्ति के मामले में भी विवरण मांग सकता है, जिसने पिछले मालिक से पूंजीगत संपत्ति प्राप्त की थी और जिसे पूंजीगत लाभ से छूट दी गई थी। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि ऐसे मामले में पूंजीगत संपत्ति प्राप्त करने वाले व्यक्ति को पूंजीगत संपत्ति की बिक्री पर पिछले मालिक के विवरण की रिपोर्ट करने के लिए कहा जा सकता है।

## नेताजी ने सदैव सबका सम्मान रखा था, उनकी सोच और विचारों को हम सब आगे लेकर जाएंगे- डिंपल

मैनपुरी । मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी और पूर्व सांसद डिम्पल यादव ने पार्टी की महिला नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, 'ये चुनाव नेताजी के सम्मान का चुनाव है। मुझे उम्मीद है कि आप सब उनका सम्मान रखेंगे। नेताजी ने सदैव सबका सम्मान रखा था, उनकी सोच और विचारों को हम सब आगे लेकर जाएंगे।' ज्ञात रहे कि मैनपुरी लोकसभा सीट 'नेताजी' के नाम से मशहूर रहे सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के कारण रिक्त हुई है। डिंपल उनकी बहू हैं। इस सीट पर उपचुनाव के तहत आगामी पांच दिसंबर को मतदान होगा। डिंपल ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2012 से 2017 तक सत्तारूढ़ रही सपा की सरकार ने गर्भवती महिलाओं के लिए एम्बुलेंस सेवा शुरू कराई थी और कन्या विद्या धन की शुरुआत की थी। लेकिन मौजूदा भाजपा सरकार सिर्फ बड़े-बड़े दावे करती है और जनता को धोखा देती है। उन्होंने कहा, 'देश में महंगाई चरम पर है, रसोई गैस का सिलिंडर 1100 रुपये का हो गया है। एक गृहणी के लिए यह सब बहुत मुश्किल होता है।'

## हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी हुई तेज, ऊंचाई वाले इलाकों में जनजीवन प्रभावित, 100 से ज्यादा सड़कें बंद

शिमला। हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में पिछले तीन दिनों से हो रही बर्फबारी के कारण 100 से अधिक सड़कें बंद हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। आपदा प्रबंधन विभाग के सूत्रों के अनुसार, लाहौल और स्पीति में 90, रोहतांग दर्रे और जालोरी दर्रे पर राष्ट्रीय राजमार्ग तीन और राष्ट्रीय राजमार्ग 305 समेत कुल्लू में छह, कांगड़ा में तीन, चंबा में दो और मंडी में एक सड़क अवरुद्ध है। जनजातीय लाहौल और स्पीति जिले के उदयपुर उपमंडल में टिंडी-पांगी सड़क बुधवार सुबह एक स्थान पर भूस्खलन के बाद अवरुद्ध हो गई। इस घटना में जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। अधिकारी ने कहा कि यातायात बहाली का काम प्रगति पर है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में शीत लहर की स्थिति बनी हुई है। लाहौल और स्पीति में केलांग राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान शून्य से 6.9 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया है।

## योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बने रहने पर सवाल उठाने वाली याचिका हुई खारिज

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने योगी आदित्यनाथ के 25 सितंबर 2022 के बाद उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बने रहने पर सवाल उठाने वाली एक याचिका को खारिज कर दिया। पीठ ने बेकार की याचिका दाखिल कर अदालत का वक्त खराब करने पर याचिकाकर्ता पर 11 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। न्यायमूर्ति ए.आर. मसूदी और न्यायमूर्ति ओ.पी. शुक्ला की पीठ ने डॉ. एम स्माइल फारुकी द्वारा दाखिल याचिका पर यह आदेश पारित किया। यह आदेश 11 नवंबर का है जो बुधवार को उपलब्ध हुआ। याची ने पीठ से आग्रह किया था कि वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 25 सितंबर 2022 के बाद भी पद पर बने रहने के समर्थन में विधिक दस्तावेज पेश करने के आदेश दे।

# 'किसानों की मांग नहीं हुई पूरी', एसकेएम का ऐलान- 26 नवंबर को राज भवनों तक होगा मार्च, 19 नवंबर को मनाएंहे 'फतह दिवस'

**वाशिम (एजेंसी)।** देश में तीन कृषि कानूनों को लेकर लगभग 1 साल तक किसानों का आंदोलन चला था। दिल्ली के अलग-अलग बॉर्डर पर संयुक्त किसान मोर्चा के अंतर्गत विभिन्न राज्यों के किसानों ने आंदोलन किया था। हालांकि, पिछले साल गुरु नानक जयंती के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन कृषि कानूनों को वापस लिए जाने का ऐलान किया था जिसके बाद संयुक्त किसान मोर्चा के रुख में थोड़ी नरमी आई। सरकार ने उनकी मांगों को लेकर आश्वासन भी दिया था। हालांकि, अब किसान मोर्चा का यह दावा है कि आश्वासन मिलने के बाद भी हमारी मांगे पूरी नहीं हुई है। इसी को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा 26 नवंबर को पूरे देश में राज भवन उत्तर मार्ग निकालेगा। इतना ही नहीं, 19 नवंबर को संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से 'फतह दिवस' मनाया जाएगा।

अपने बयान में संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि 19 नवंबर को 'फतह दिवस' के रूप में मनाया जाएगा क्योंकि पिछले साल इसी दिन केन्द्र सरकार ने विवादित कृषि कानूनों को वापस लेने का आदेश दिया था। इसके साथ ही बयान में कहा गया है कि एक से 11 दिसंबर तक सभी राजनीतिक दल के लोकसभा और राज्यसभा सांसदों के कार्यालयों तक मार्च करेंगे। किसान नेता दर्शन पाल ने कहा कि किसान आंदोलन के अगले चरण पर फैसला करने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा की एक बैठक आठ दिसंबर को करनाल में होगी। इससे पहले भी एसकेएम ने बयान जारी कर कहा था कि बैठक में फैसला किया गया कि एसकेएम किसानों के ऐतिहासिक संघर्ष के दो साल पूरे होने के अवसर पर 26 नवंबर को बड़े पैमाने पर राजभवनों तक किसान मार्च निकालेगा।

वहीं, राकेश टिकैत ने कहा था कि आंदोलन को खत्म करने के लिए सरकार की ओर से कई बड़े वादे किए गए थे। लेकिन सरकार ने जो भी वादा किया, वह आज तक पूरा नहीं हो पाया है। यही कारण है कि हम फिर से आंदोलन करने को विवश हुए हैं। इसके लिए संयुक्त किसान मोर्चा किसानों के साथ तैयारी में लगा हुआ है और योजनाओं पर विचार किया जा रहा है। गौरतलब है कि हजारों की संख्या में किसानों ने नवंबर 2020 में केंद्र से वर्ष 2019 में पारित तीन कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग को लेकर दिल्ली का घेराव किया था। इनमें से अधिकतर किसान पंजाब



और हरियाणा के थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने नवंबर 2021 में इन कानूनों को वापस ले लिया था।

# मध्यप्रदेश में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में धमाके की तैयारी

### - सत्ता पक्ष और विपक्ष की राजनीतिक हलचलें बढ़ी

**भोपाल (एजेंसी)।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा मध्यप्रदेश में 23 नवंबर को प्रवेश होगा। भारत जोड़ो यात्रा को लेकर राजनीतिक एवं प्रशासनिक हलकों में सुगबुगाहट तेज हो गई है। अगले वर्ष मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव हैं। भारत जोड़ो यात्रा का असर अगले विधानसभा चुनाव में होना तय माना जा रहा है। इसके लिए सत्तापक्ष और विपक्ष अपने अपने तरीके से भारत जोड़ो यात्रा को लेकर रणनीति बना रहे हैं।

सत्ता पक्ष कोई बड़ा धमाका करने की तैयारी कर रहा है। कांग्रेस के एक दर्जन विधायकों से सत्तापक्ष का संपर्क बना हुआ है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा जब मध्यप्रदेश में होगी। तब उसको प्रचार-प्रसार ना मिले। इसके लिए सत्ता पक्ष द्वारा ऐसा कोई धमाका किया जाएगा। जिससे राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा, मध्य प्रदेश में फ्लॉप हो।

भारत जोड़ो और कांग्रेस तोड़ो की रणनीति विपक्ष और सत्तापक्ष के बीच में बन रही है। सूत्रों के अनुसार सत्ता पक्ष लगभग एक दर्जन विधायकों को इसी दौरान भाजपा में लाकर,भारत जोड़ो यात्रा के उद्देश्य पर तीखा हमला करने की तैयारी कर रही है। कांग्रेस टूटने से बच जाए तब भारत जोड़ने की बात करें।



भाजपा ने इसके लिए अपने युवा और आदिवासी नेताओं को विशेष रुप से जिन्होंने कांग्रेस छोड़कर भाजपा ज्वाइन की थी। उन्हें इस काम में लगाया है। भारत जोड़ो यात्रा की तैयारियों में लगे कांग्रेस नेताओं के ऊपर अपने विधायकों को बचाने का मनोवैज्ञानिक दबाव बना दिया है। कांग्रेस नेताओं को भय है, कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान ऑपरेशन लोटस के तहत कांग्रेस के विधायकों को भाजपा में शामिल कर कांग्रेस को चुनौती देने का काम भाजपा कर सकती है।

भारतीय जनता पार्टी में शामिल कांग्रेस के बागी विधायक जो भाजपा में चले गए हैं। उन सबकोभाजपा ने सक्रिय किया है। 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी पूरी रणनीति तैयार कर ली है। भारत जोड़ो यात्रा जब मध्यप्रदेश में होगी तब कोई बड़ा धमाका भाजपा कर सकती है।

प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथऔर कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को इस तरह की आशंका है। वह कांग्रेस विधायकों के लगातार संपर्क में हैं। भाजपा के भी कुछ विधायक कांग्रेस के संपर्क में बने हुए हैं। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान,भाजपा के कुछ विधायक जिन्हें भाजपा से टिकट मिलने की उम्मीद नहीं है। वह कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। शह और मात का खेल दोनों ओर से खेला जा रहा है। इसको लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही है।

## ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम पक्ष को लगा बड़ा झटका, कोर्ट ने हिंदू पक्ष की अर्जी को सुनवाई के योग्य माना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ज्ञानवापी मामले को लेकर आज एक बार फिर से कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई अब 2 दिसंबर को करने का फैसला लिया है। हालांकि, सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष की एक याचिका को खारिज कर दिया गया। वही, हिंदू पक्ष की अर्जी को कोर्ट में सुनवाई के योग्य माना है। हाालंकि, मुस्लिम पक्ष ने कोर्ट में साफ तौर पर कहा था कि इस मामले में हिंदू पक्ष की याचिका पर सुनवाई नहीं होनी चाहिए। लेकिन कोर्ट ने अब कहा है कि याचिका पर सुनवाई संभव है। यही कारण है कि मुस्लिम पक्ष की याचिका को खारिज कर दिया गया है।

इससे पहले ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी परिसर में वीडियोग्राफी सर्वे के दौरान मिले कथित शिवलिंग की पूजा-अर्चना की अनुमति देने और परिसर में मुसलमानों के प्रवेश पर पाबंदी का आदेश देने का आग्रह करने वाली याचिका की पोषणीयता (सुनवाई करने या नहीं करने) पर वाराणसी की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 17 नवंबर को अपना सुनाने की बात कही थी। वादी ने अपनी याचिका में ज्ञानवापी परिसर में मुसलमानों का प्रवेश निषेध, परिसर हिंदुओं को सौंपने के साथ ही परिसर में मिले कथित शिवलिंग की नियमित तौर पूजा-अर्चना करने का अधिकार देने का अनुरोध किया गया है। इससे पहले, इसी साल मई में दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) की अदालत के आदेश पर ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी परिसर का वीडियोग्राफी सर्वेक्षण कराया गया था।

# नोटबंदी सोच-विचार करके लिए गया फैसला



### -केंद्र सरकार ने किया सुप्रीम कोर्ट में फैसले का बचाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2016 में की गई नोटबंदी एक बहुत ही सोच-विचार करके लिए गया फैसला था और यह जाली नोट, आतंकवाद के वित्तपोषण, काले धन और कर चोरी जैसी समस्याओं से निपटने की बड़ी रणनीति का हिस्सा था। यह कहना है केंद्र सरकार का।

केंद्र ने उच्चतम न्यायालय में अपने इस फैसले का बचाव करते हुए कहा कि 500 और 1000 के नोटों को चलन से बाहर करने और नोटबंदी का यह निर्णय भारतीय रिजर्व बैंक के साथ गहन विचार- विमर्श के बाद लिया गया था और नोटबंदी से पहले इसकी सारी तैयारियां कर ली गई थीं।केंद्र ने नोटबंदी के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं के जवाब में दायर हलफनामे में यह बात कही है। इसमें केंद्र सरकार ने कहा, ''नोटबंदी करना जाली करेंसी, आतंक के वित्तपोषण, काले धन और कर चोरी की समस्याओं से निपटने की एक बड़ी रणनीति का हिस्सा और एक प्रभावी उपाय था। लेकिन यह केवल इतने तक सीमित नहीं था। परिवर्तनकारी आर्थिक नीतिगत कदमों की श्रृंखला में यह अहम कदमों में से एक था।'

हलफनामे में केंद्र सरकार ने कहा कि नोटबंदी का निर्णय रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल की विशेष अनुशंसा पर लिया गया था और आरबीआई ने इसके क्रियान्वयन के लिए योजना के मसौदे का प्रस्ताव भी दिया था। पीठ ऐसी 58 याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है जिनमें केंद्र के आठ नवंबर, 2016 को लिए गए नोटबंदी के फैसले को चुनौती दी गई है।इस मामले पर सुनवाई पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ कर रही है और अब अगली सुनवाई 24 नवंबर को होगी।

# प्रदूषण को लेकर नीतीश सरकार पर बरसे प्रशांत किशोर, कहा- प्रदूषण मापने वालों को ज्ञान ही नहीं

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भले ही बिहार में महागठबंधन की सरकार स्थिरता के साथ चल रही है लेकिन कहीं ना कहीं प्रसाद शोर जबरदस्त तरीके से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमलावर एक बार फिर से प्रशांत किशोर ने प्रदूषण को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा है उन्होंने अपने जन सुराज यात्रा के दौरान साफ तौर पर कहा कि बिहार में प्रदूषण मापने वालों को कोई भी ज्ञान नहीं है प्रशांत किशोर ने कहा कि सभी जगह दिल्ली में वायु प्रदूषण की चर्चा हो रही है लेकिन देश के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में 7 बिहार में है उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार में प्रदूषण मापने वालों को कोई ज्ञान नहीं है या फिर सरकार की होम डिलीवरी वाली शराबबंदी से नाराज होकर अधिकारी गलत आंकड़े दे रहे हैं




प्रशांत किशोर ने यह बातें अपनी ट्वीट में लिखी है। प्रशांत किशोर ने लिखा कि दिल्ली के वायु प्रदूषण की चर्चा है, जबकि देश के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में 7 शहर बिहार के हैं। नीतीश कुमार जी लगता है, प्रदूषण नापने वालों को भी कोई ज्ञान नहीं हैं या फिर सब आपके Home Delivery वाले शराबबंदी से नाराज होकर गलत आँकड़े दे रहे हैं! आपको बता दें कि प्रशांत किशोर लगातार बिहार के मुख्यमंत्री पद हमलावर है। बिहार में 13 शहरों में वायु प्रदूषण खराब श्रेणी में है। इसमें सीवान, बेतिया, बेगूसराय, पूर्णिया समेत कई जिले हैं। लोगों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। इससे पहले प्रशांत किशोर ने खुद के चुनाव लड़ने की संभावना से इनकार किया था लेकिन अपने गृह राज्य बिहार के लिए एक ''बेहतर विकल्प'' बनाने की अपनी प्रतिज्ञा दोहराई।

प्रशांत किशोर राज्य की 3500 किलोमीटर लंबी पद यात्रा पर हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी जिलों में इसी तरह से जनता से राय ली जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। जदयू के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने दावा किया कि अगर मैं नीतीश कुमार के राजनीतिक उद्यम में शामिल हो जाता हूं तो वह एक बार फिर से मुझ पर मेहरबान दिखेंगे। चूंकि मैंने अपने लिए एक अलग रास्ता चुना इसलिए वह और उनके समर्थक मुझसे नाखुश हैं। किशोर ने जदयू के नेताओं पर प्रहार करते हुए कहा कि उन्हें नीतीश कुमार से पूछना चाहिए ÷अगर मेरी कोई राजनीतिक समझ नहीं थी तो मैं दो साल तक उनके आवास पर क्या कर रहा था।

## उद्धव ठाकरे और परिवार की बेहिसाबी संपत्ति के खिलाफ याचिका पर सुनवाई 22 नवंबर तक स्थगित

मुंबई। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ बेहिसाब संपत्ति जमा करने को लेकर बुधवार को बॉम्बे हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका पर सुनवाई हुई. दादर निवासी गौरी भिड़े और उनके पिता अभय भिड़े ने यह याचिका दायर की है. इस पर न्यायमूर्ति एस. गंगापुरवाला और न्यायमूर्ति डिगे की पीठ के समक्ष सुनवाई हुई। हालांकि, ठाकरे के वकीलों ने फिर हाईकोर्ट में शिकायत की कि गौरी भिड़े द्वारा उनकी याचिका पर उठाई गई आपत्तियों को अभी तक दूर नहीं किया गया है। भिड़े ने दावा किया कि चूंकि कोई वकील उनकी याचिका को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है, वे अदालत के समक्ष तर्क के लिए खड़े हुए हैं। लेकिन उनके लिए हलफनामे पर यह पेश करना जरूरी है कि वे खुद बहस करने में सक्षम हैं, याचिका के पीछे उनका कोई स्वार्थ नहीं है और उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामले नहीं है और हलफनामे पर मामलों को प्रस्तुत करने की आवश्यकता है, उन्होंने इन चीजों को पूरा किया है। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को अगली सुनवाई से पहले हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार से मिलने का निर्देश देते हुए सुनवाई 22 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी। चूंकि ठाकरे की आय और उनकी संपत्ति मेल नहीं खाती, इसलिए इस याचिका की मुख्य मांग सीबीआई और ईडी के माध्यम से मामले की जांच करना है।

# समुद्री सुरक्षा के प्रति बेहद गंभीर है भारत, मालाबार युद्धाभ्यास के साथ ही तटरेखा पर अभ्यास ने दहलाया दुश्मनों का दिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** । चतुर्भुज सुरक्षा संवाद यानि क्वॉड देशों की नौसेनाओं के बीच समुद्री अभ्यास मालाबार का 26वां संस्करण काफी सफल रहा। जापान के योकोसूका में आयोजित किये गये बहुराष्ट्रीय युद्धाभ्यास में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की नौसेनाओं ने हिस्सा लिया और अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। इस युद्धाभ्यास पर चीन की नजर भी बनी हुई थी क्योंकि उसका मानना है कि क्वॉड समूह का गठन ही चीन विरोध के लिए हुआ है।

जापान मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स द्वारा आयोजित इस युद्धाभ्यास में भारतीय नौसेना का प्रतिनिधित्व शिवालिक और कमोर्ता नामक जंगी जहाजों ने किया। इसके अलावा टोही विमान, हेलीकॉप्टर और अन्य पनडुब्बियां भी अभ्यास में भारत की ओर से शामिल हुईं। भारत के दोनों जंगी जहाजों की खासियत की बात करें तो आईएनएस शिवालिक जहां ब्रह्मोस जैसी ताकतवर मिसाइलों से लैस है तो साथ ही यह पानी की गहराई में भी दुश्मनों को खोज निकाल कर उन्हें तबाह करने की क्षमता रखता है। पानी पर 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ने वाले आईएनएस शिवालिक ने मालाबार युद्धाभ्यास के दौरान जिस तरह के हैरतअंगेज कारनामे दिखाये उससे दुश्मन देशों के माथे पर पसीना आना वाजिब है। वहीं अगर आईएनएस कमोर्ता की विशेषताओं पर नजर डालें तो यह जहां एक ओर परमाणु, रासायनिक और जैविक युद्ध लड़ने में सक्षम है वहीं यह दुश्मन के रडार से पूरी तरह बचने में भी माहिर है। 6500 किमी की रेंज वाला आईएनएस कमोर्ता का 90 फीसदी हिस्सा भारत में ही बनाया गया है इसलिए यह मेक इन इंडिया की भी बड़ी मिसाल है।

हम आपको यह भी बता दें कि साल 1992 में मालाबार अभ्यास की शुरुआत हुई थी लेकिन उस समय यह भारत और अमेरिका की नौसेनाओं के बीच ही होता था। साल 2015 में जापान इसका हिस्सा बना और फिर साल 2020 में आस्ट्रेलिया भी इससे जुड़ गया जिससे इस युद्धाभ्यास पर दुनिया भर की नजरें टिकी रहती हैं। इस बार के युद्धाभ्यास में आज के दौर की जटिलताओं से निबटने के कौशल का प्रदर्शन किया गया साथ ही उच्च तकनीकों का उपयोग कर दुश्मनों के दिल को दहलाया गया। इसके अलावा मालाबार युद्धाभ्यास के दौरान चारों देशों के युद्धपोतों के बीच सी-राइडर्स का आदान-प्रदान भी किया गया। युद्धाभ्यास के दौरान चारों नौसेनाओं ने एक दूसरे की परिचालन क्षमता को जाना और समझा और समुद्री चुनौतियों से एक साथ निबटने के प्रयासों का प्रदर्शन किया। साथ ही





इस दौरान इस बात की भी परख की गयी कि युद्ध की स्थिति में मित्र देश कैसे एक दूसरे के युद्धपोतों में ईंधन भर सकते हैं। देखा जाये तो भारत समुद्री सुरक्षा पर काफी ध्यान दे रहा है इसीलिए बहुराष्ट्रीय युद्धाभ्यास के अलावा खुद से भी अभ्यास कर रहा है। इस सप्ताह भारत ने अपनी तटरेखा और विशेष आर्थिक क्षेत्र को कवर करते हुए दो दिवसीय सैन्य अभ्यास किया। इस अभ्यास का मकसद किसी भी स्थिति से निपटने में विभिन्न एजेंसियों की तैयारियों की जांच करना तथा समुद्री सुरक्षा को मजबूत करना था। हम आपको बता दें कि मुंबई आतंकी हमलों के बाद समुद्री सुरक्षा बढ़ाने के लिए किये गए विभिन्न उपायों की मंजूरी के लिए इस तरह के अभ्यास के संबंध में 2018 में विचार किया गया था। समुद्री निगरानी का पहला अभ्यास जनवरी 2019 में हुआ था।


स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

## अरविंद केजरीवाल की खोखा खोखा राजनीति की पोल खुली : आदेश गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि विधायक अखिलेश ति त्रिपाठी के साले की 33 लाख रुपये जैसी बड़ी नकद राशि के साथ गिरफ्तारी के बाद अरविंद केजरीवाल की खोखा खोखा राजनीति की पोल खुल गई है। केजरीवाल अक्सर भाजपा पर पैसे से राजनीति का आरोप लगाते थे पर आज साबित हो गया की खुद अरविंद केजरीवाल एक एक खोखे में निगम वार्ड टिकट बिकवा रहे हैं। गुप्ता ने मांग की है की केजरीवाल अविलंब विधायक अखिलेशपति त्रिपाठी एवं राजेश गुप्ता को आम आदमी पार्टी से निष्कासित करें। वहीं दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल जिसके मंत्री एवं प्रमुख नेता जेल में हैं और विधायक टिकट बेच कर वारे नारे कर रहे हैं। उसके कार्यकलापों के चलते दिल्ली वाले शर्मसार हैं। उन्होंने कहा है कि दिल्ली की जनता इस भ्रष्टाचार के लिए आम आदमी पार्टी को कभी माफ नहीं करेगी। वहीं दिल्ली भाजपा के मीडिया रिलेशन प्रभारी हरीश खुराना ने कहा है कि जो अरविंद केजरीवाल राजनीतिक परिवर्तन की बात कर सत्ता में आए थे, उन्होंने सही में राजनीति को बदल दिया है। आजादी के 75 साल में पहली बार दिल्ली के मंत्री जेल जा रहे हैं विधायक भ्रष्टाचार में गिरफ्तार हो रहे हैं।



## आईजीआई एयरपोर्ट पर महिला ने बच्चे को दिया जन्म

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर एक महिला यात्री ने विमान पर चढ़ने से पहले आईजीआई के टर्मिनल 3 पर एक बच्चे को जन्म दिया। सबसे कम उम्र के यात्री का आईजीआई के टर्मिनल 3 पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। फिलहाल मां और उसके नवजात दोनों को एयरपोर्ट कॉम्प्लेक्स में मेदांता फैसिलिटी में भर्ती कराया गया है। बच्चा और मां दोनों स्वस्थ है। जानकारी के अनुसार महिला अपने पति के साथ दिल्ली से हुबली जाने के लिए एयरपोर्ट पर पहुंची थी। आईजीआई अधिकारियों ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर नवजात शिशु की तस्वीर पोस्ट किया है, जिसे, अब तक के सबसे कम उम्र के यात्री का स्वागत! कैप्शन दिया गया है। आईजीआई ने ट्वीट करते हुए लिखा है, टर्मिनल 3 के मेदांता फैसिलिटी में पहले बच्चे के आगमन का जश्न मनाया जा रहा है. मां और बच्चे, दोनों स्वस्थ हैं।




टर्मिनल 3 पर वेल-ट्रेंड डॉक्टर और पैरामेडिक्स को किसी भी मेडिकल इमरजेंसी से निपटने के लिए स्टैंडबाई मोड पर रखा जाता है। दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल मेदांता मेडिकल सेंटर, इमरजेंसी मेडिकल ट्रीटमेंट की सुविधाओं से युक्त हैं। टर्मिनल 3 पर भी मेडिकल फैसिलिटी है, जिसे फोर्टिस ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स संचालित करता है।

## ड्रंक एण्ड ड्राइव अभियान के तहत 203 वाहनों का चालान

**गाजियाबाद।** बढ़ते हुए हादसों पर लगाम लगाने और लोगो को सतर्क करने के लिए गाजियाबाद पुलिस की ओर से ड्रंक एंड ड्राइव प्रोग्राम चलाया जा रहा है। इसके तहत गाजियाबाद के सार्वजनिक स्थलों, रोड, पार्कों की देर रात चेकिंग की जाती है और नियमों का उल्लंघन करने वालो पर करवाई भी की जाती है। इसी कड़ी में बीती रात पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्र में चेकिंग की और शराब पीकर वाहन चलाने वाले वालों पर कार्रवाई भी की। इस दौरान पुलिस ने 774 वाहनों एवं 1115 व्यक्तियों की चेकिंग करते हुए 203 वाहनों का चालान कर 5 वाहनों को सीज किया है और 132 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की।



# टिकट बंटवारे के नाम पर करोड़ों रुपये की उगाही कर रही है आप : चौ. अनिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि आम आदमी पार्टी निगम में टिकट बंटवारे के नाम पर करोड़ों रुपये की उगाही और भ्रष्टाचार कर रही है। चौधरी ने एक बयान जारी कर कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) में भ्रष्टाचार कोई नई बात नहीं है। भ्रष्टाचार के चलते निगम चुनावों में टिकटों की बोली के सौदे का खुलासा होने के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) जल्द ही मॉडल टाउन विधायक अखिलेश त्रिपाठी और वजीरपुर के विधायक राजेश गुप्ता को गिरफ्तार करेगी, क्योंकि इन पर एफ.आई.आर. भी दर्ज हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि निगम चुनावों में टिकट बिकवाने के मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने मॉडल टाउन के विधायक के पीए सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनसे 33 लाख की बरामदगी की गई है। केजरीवाल के संरक्षण में निगम चुनावों के लिए मोटी बोली लगाने वालों को ही टिकट दिया गया है, जिसमें एक वार्ड का टिकट 90 लाख रुपये तक में बेचने के आरोप साबित भी हुए हैं, जबकि अखिलेश त्रिपाठी पर 35 लाख रुपये लेने और राजेश गुप्ता पर 20 लाख रुपये एडवांस लेने का आरोप है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली नगर निगम चुनाव को लेकर टिकट वितरण में रिश्वतखोरी का मामला सामने आया है। इसमें बड़ी कार्रवाई करते हुए एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक शाखा) ने मॉडल टाउन से आप विधायक अखिलेश त्रिपाठी के साले ओम सिंह और पीए शिवशंकर पांडेय उर्फ विशाल पांडेय समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। तीसरे आरोपित की पहचान प्रिंस रघुवंशी के रूप में हुई है। आरोप है कि अखिलेश त्रिपाठी ने दिल्ली नगर निगम चुनाव में शिकायतकर्ता ने 90 लाख रुपये रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। गोपाल खारी ने यह शिकायत सोमवार को एसीबी से की थी, जिसके बाद कार्रवाई करते हुए एसीबी ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## कुत्ता काटने पर मालिक पर पहली बार लगा 10 हजार जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लॉ रेजिडेंशिया सोसाइटी में मंगलवार को लिफ्ट के अंदर एक बच्चे को पालतू कुत्ते ने काट लिया था। इसके बाद उसका वीडियो सामने आया था। इस वीडियो के सामने आने के बाद ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी की एक टीम ने सोसाइटी में जाकर घटना की जांच की और इसे सही पाया। इस पर उन्होंने कुत्ते के मालिक पर 10 हजार का जुर्माना लगाया, जिसे 7 दिन के अंदर उसे अथॉरिटी में जमा करना होगा। साथ ही उसे आदेश दिए गए हैं कि वह घायल बच्चे के इलाज का पूरा खर्च भी वहन करे। दरअसल ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लॉ रेजिडेंशिया सोसाइटी में शिवम प्रदर्शनी अपने परिवार के साथ रहते हैं उनकी पत्नी अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने जा रही थी। सोसाइटी में रहने वाले एक शख्स अपने पालतू कुत्ते के साथ लिफ्ट में सवार था। बच्चा भी अपनी मां के साथ लिफ्ट में सवार हो गया। जब वह उतरने वाला था, तभी कुत्ते ने बच्चों पर हमला कर दिया। इसके बाद बच्चा मां के पीछे छुप कर बचने की कोशिश करने लगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य प्रभारी डॉ प्रेमचंद्र ने बताया है कि कुत्ते के मालिक कार्तिक गांधी पर 10 हजार का जुर्माना लगाया गया है और उनसे कहा गया है कि वह बच्चे के इलाज का पूरा खर्च उठाएंगे। अगर 7 दिन के अंदर अथॉरिटी में जुर्माना जमा नहीं करवाया गया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**दरअसल ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लॉ रेजिडेंशिया सोसाइटी में शिवम प्रदर्शनी अपने परिवार के साथ रहते हैं उनकी पत्नी अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने जा रही थी।**

# चुनाव आयोग के दफ्तर के बाहर धरने पर बैठे सिसोदिया

**नई दिल्ली।** उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सूरत से पार्टी की प्रत्याशी कंचन जरीवाला का अपहरण होने का दावा किया था। प्रेस वार्ता करने के बाद मनीष सिसोदिया चुनाव आयोग के दफ्तर के बाहर धरने पर बैठ गए। इस दौरान सिसोदिया ने कहा कि आप प्रत्याशी का अपहरण हो गया।

हथियार के बल पर उसका नामांकन वापस कराया गया। चुनाव आयोग के लिए इससे बड़ी इमरजेंसी क्या हो सकती है? इसीलिए तुरंत एक्शन की प्रार्थना लेकर हम लोग केंद्रीय चुनाव आयोग के दरवाजे पर आए हैं। उन्हें उम्मीद है आयोग इस मामले में निष्पक्ष होकर सही फैसला करेगा।

वहीं सिसोदिया का कहना है कि आप के गुजरात उम्मीदवारों का अपहरण कर, जबरदस्ती उनसे नामांकन रद्द करवाकर भाजपा लोकतंत्र की हत्या कर रही है। इसके विरुद्ध अपील करने मुख्य चुनाव आयोग आया हूं। इससे पहले प्रेस वार्ता करके मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा था कि गुजरात में भाजपा ने गुंडों के दम पर सूरत ईस्ट से आप उम्मीदवार कंचन जरीवाला का अपहरण करवाया और फिर पुलिस के दम पर नामांकन वापस करवाया। ऐसे में चुनाव कराए जाने का औचित्य ही क्या है।

इसी बीच चुनाव आयोग की प्रवक्ता के अनुसार मनीष सिसोदिया के नेतृत्व में आप के 4 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से आज आयोग ने मुलाकात की। उनका अभ्यावेदन को सूरत पूर्व के उम्मीदवार पर अपनी उम्मीदवारी वापस लेने के लिए कथित रूप से दबाव डालने और एक अज्ञात स्थान पर ले जाने के बारे में था।

गुजरात के सीईओ को पूछताछ करने और वारंट के रूप में कार्रवाई करने के लिए प्रतिनिधित्व भेजा गया है।

***सिसोदिया चुनाव आयोग के दफ्तर के बाहर धरने पर बैठ गए। इस दौरान सिसोदिया ने कहा कि आप प्रत्याशी का अपहरण हो गया।***

## मादीपुर से कांग्रेस नेता हरीश सुवासिया आम आदमी पार्टी में शामिल

**नई दिल्ली।** मादीपुर से कांग्रेस नेता हरीश सुवासिया अपने समर्थकों के साथ आज आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। 'आप' विधायक एवं एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने टोपी-पटका पहनाकर सभी का पार्टी में स्वागत किया। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता, विधायक एवं एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि अरविंद केजरीवाल द्वारा तमाम क्षेत्रों में किए जा रहे ऐतिहासिक कार्यों से प्रभावित होकर आज मादीपुर से कांग्रेस के सैंकड़ों नेता आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। मुख्य रूप से कांग्रेस नेता हरीश सुवासिया ने पार्टी का दामन थामा। हरीश सुवासिया 2007-12 तक कांग्रेस के पार्षद रहे हैं। एससीएसटी बोर्ड मेंबर रह चुके हैं। इसके अलावा उन्हें श्रेष्ठ पार्षद से सम्मान से भी नवाजा जा चुका है।



**निम्नलिखित लोग शामिलः** राजीव मिश्रा, समाजसेवी, जय ढाका, कांग्रेस यूथ मेंबर, अंकित यादव, कांग्रेस यूथ मेंबर, रमेश, कांग्रेस यूथ मेंबर, राकेश, कांग्रेस यूथ मेंबर, जतिन कुमार, कांग्रेस, सनी सूद, कांग्रेस, पीयूष, कांग्रेस, कमल, कांग्रेस, हर्ष सूद, कांग्रेस और दीप नाहर, कांग्रेस शामिल है।

# डीसीडब्ल्यू ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया

**पुलिस थानों और पुलिस चौकियों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की स्थिति की जानकारी मांगी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर पुलिस थानों और पुलिस चौकियों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की स्थिति की जानकारी मांगी है। मालीवाल के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय ने 2020 में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था कि देश के हर पुलिस स्टेशन में नाइट विजन और ऑडियो रिकॉर्डिंग के साथ सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। पुलिस के कामकाज में अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए न्यायालय द्वारा यह निर्देश दिया गया था।

दिल्ली के पुलिस थानों और पुलिस चौकियों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की स्थिति का पता लगाने के लिए मालीवाल ने सभी जिलों के पुलिस उपायुक्त को नोटिस जारी किया है। डीसीडब्ल्यू ने प्रत्येक थाने और पुलिस चौकी में कमरों की संख्या के साथ सीसीटीवी लगाने की संख्या के संबंध में जानकारी मांगी है। डीसीडब्ल्यू ने ऑडियो रिकॉर्डिंग और नाइट विजन की सुविधा वाले सीसीटीवी कैमरों की संख्या का ब्योरा मांगा है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार, सभी प्रवेश और निकास बिंदुओं, पुलिस स्टेशन के मुख्य द्वार, सभी लॉक-अप, सभी कॉरिडोर, लॉबी / स्वागत क्षेत्र, सभी बरामदे / आउटहाउस, इंस्पेक्टर का कमरा, सब इंस्पेक्टर का कमरा, लॉक-अप रूम के बाहर का क्षेत्र; स्टेशन हॉल; थाना परिसर के सामने; वाशरूम/शौचालय के बाहर (अंदर नहीं) ; ड्यूटी अधिकारी का कमरा; पुलिस थाने का पिछला हिस्सा इन स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने चाहिए।

*दिल्ली के पुलिस थानों और पुलिस चौकियों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की स्थिति का पता लगाने के लिए मालीवाल ने सभी जिलों के पुलिस उपायुक्त को नोटिस जारी किया है।*

डीसीडब्ल्यू ने यह पता लगाने का प्रयास किया है कि क्या ये सभी स्थान दिल्ली के सभी पुलिस स्टेशनों में सीसीटीवी में कवर हो जाते हो जाते हैं या नहीं? यदि कैमरे नहीं हैं, तो डीसीडब्ल्यू ने कैमरे लगाने की समयरेखा मांगी है।

डीसीडब्ल्यू ने खराब सीसीटीवी कैमरों और दिल्ली पुलिस द्वारा उन्हें क्रियाशील बनाने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी भी मांगी है। साथ ही डीसीडब्ल्यू ने सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग की अवधि की जानकारी भी मांगी है।

डीसीडब्ल्यू ने पुलिस थानों से जुड़ी पुलिस चौकियों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की भी ऐसी ही जानकारी मांगी है। इसके अलावा, डीसीडब्ल्यू ने दिल्ली पुलिस से सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए पुलिस स्टेशनों द्वारा किए गए किसी भी लंबित अनुरोध और उसी की वर्तमान स्थिति के बारे में पूछा है।

# पुरुष नसबंदी पखवाड़ा 21 नवम्बर से दो चरणों में चलेगा पखवाड़ा, पहला मोबेलाइजेशन, दूसरा सेवा प्रदायगी

**नोएडा।** अब पुरुष निभाएंगे जिम्मेदारी, परिवार नियोजन अपना कर दिखाएंगे अपनी भागीदारी। इस थीम पर चलेगा इसबार पुरुष नसबंदी पखवाड़ा। 21 नवम्बर से चार दिसम्बर तक पखवाड़ा दो चरणों में चलेगा। पहला चरण 21 नवम्बर से 27 नवम्बर तक मोबेलाइजेशन फेज। दूसरा सेवा प्रदायगी फेज 28 नवम्बर से चार दिसम्बर तक चलेगा। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार शर्मा ने दी।

उन्होंने कहा- दम्पति में प्रजनन स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए पुरुषों की सहभागिता बहुत महत्वपूर्ण है। प्रजनन स्वास्थ्य के दृष्टिगत पुरुष नसबंदी बहुत ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह एक मामूली शल्य क्रिया है तथा महिला नसबंदी की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित है। पुरुष नसबंदी के लिए न्यूनतम संसाधनों एवं बुनियादी ढांचे की आवश्यकता होती है। पिछले कुछ वर्षों से किये जा रहे अथक प्रयासों के बावजूद वर्तमान में पुरुष नसबदी की स्वीकृति दर बहुत कम है। उन्होंने बताया- परुष नसबंदी पखवाड़ा संचालन के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश की निदेशक अपर्णा उपाध्याय ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों, मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पत्र भेज कर निर्देश जारी किये हैं।

परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. भारत भूषण ने बताया- पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के प्रथम चरण (मोबेलाइजेशन फेज) के दौरान जनपद में एएनएम / आशा कार्यकर्ता समुदाय में गृह भ्रमण करते हुए पुरुषों से सम्पर्क करेंगी। इच्छुक पुरुषों की पहचान एवं संवेदीकरण करते हुए उनका प्री-रजिस्ट्रेशन करेंगी। इस दौरान परिवार नियोजन में पुरुष भागीदारी और इसके साथ जुड़े विभिन्न मिथकों को बताते हुए सार्वजनिक स्थलों, स्वास्थ्य इकाइयों में प्रचार-प्रसार सामग्री को प्रदर्शित किया जाएगा। परिवार नियोजन के क्षेत्र में कार्यरत हेल्थ पार्टनर्स और अन्य स्वयं सेवी संस्थाओं-संगठनों का समुदाय में पुरुष नसबन्दी की सेवाओं को बढ़ावा देने में सहयोग लिया जाएगा। पुरुष नसबन्दी की स्वीकार्यता बढ़ाये जाने के लिए पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों का संवेदीकरण किया जाएगा।

पुरुष नसबन्दी चैम्पियन्स होंगे चिन्हित

इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अर्न्तविभागीय समन्वयन के लिए एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में निजी क्षेत्र में कार्यरत अधिकृत चिकित्सालयों के प्रतिनिधि एवं सेवा प्रदाता तथा निजी क्षेत्र के चिकित्सकों के स्वैच्छिक संगठनों, नेहरू युवा केन्द्र के स्वयं सेवकों, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), ) नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) आदि को भी सम्मिलित किया जाएगा। पुरुष नसबन्दी पखवाड़ा अभियान के दौरान समुदाय के मध्य संचार, संवाद स्थापित किये जाने के लिए पुरुष नसबंदी के स्वीकारकर्ता पुरुष नसबन्दी चैम्पियन्स को चिन्हित किया जाएगा और उनको समुदाय के मध्य आदर्श दम्पत्ति के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

सेवा प्रदायगी चरण 28 नवम्बर से

डा. भारत भूषण ने बताया जारी दिशा-निर्देश के अनुसार 28 नवम्बर से चार दिसम्बर तक चलने वाले सेवा प्रदायगी चरण में इच्छुक लाभार्थियों को नसबंदी की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। जनपद स्तरीय चिकित्सालय के अतिरिक्त क्रियाशील ऑपरेशन थियेटर (ओटी) वाले फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) अथवा ब्लाक स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) पर पुरुष नसबन्दी की जाएगी।

18 नवम्बर से पूर्व होगी जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक

मिशन निदेशक के निर्देशानुसार जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पुरुष नसबन्दी पखवाड़े के सफल आयोजन के लिए 18 नवम्बर से पूर्व अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया जाएगा । पखवाड़े के दौरान आशा एवं एएनएम द्वारा चिन्हित इच्छुक दम्पति को सेवायें 21 नवम्बर से पूर्व प्रदान किये जाने के लिए प्री रजिस्ट्रेशन कार्ड / स्लिप उपलब्ध करायी जाएगी।

## ग्रेटर नोएडा के तुगलकपुर में भीषण आग से दस दुकानें राख, बड़े नुकसान की आशंका



**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के तुगलकपुर गांव में भीषण आग लगने से दस दुकानें जलकर राख हो गई हैं। दमकल की कई गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

बताया गया कि ग्रेटर नोएडा के तुगलकपुर गांव में रात में अचानक भीषण आग लग गई। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। आग की विकरालता को देखते हुए बड़े नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

स्थानीय लोगों ने जान पर खेलकर आग को बुझाने का प्रयास किया। ग्रेटर नोएडा के इस गांव में ज्यादातर दुकानें स्थानीय लोगों की हैं। मौके पर कई गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया है।

नॉलेज पार्क कोतवाली प्रभारी ने बताया कि रात तुगलकपुर मार्केट की फर्नीचर की दुकानों में आग लगने से हड़कंप मच गया है। दमकल की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर करीब एक घंटे बाद आग पर काबू पाया है।

# आईआईएसएसएमका दो दिवसीय 32वां वार्षिक ग्लोबल कॉन्क्लेव 18 और 19 नवम्बर को

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटी एंड सेफ्टी मैनेजमेंट (आईआईएसएसएम) का 32वां वार्षिक ग्लोबल कॉन्क्लेव 18 और 19 नवंबर 2022 को हाइब्रिड मोड में आयोजित किया जाएगा। यह कॉन्क्लेव होटल क्राउन प्लाजा, ओखला फेज 1, नई दिल्ली में और इसके साथ ही वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर भी आयोजित होगा। इस दो दिवसीय अन्तराष्ट्रीय कॉन्क्लेव में देश-विदेश के एक हजार से अधिक विभिन्न व्यवसाय से जुड़े प्रोफेशनल, विशेषज्ञ और विद्वान चर्चा करेंगे। इस सम्मेलन के विचार-विमर्श एवं सुझाव इस कॉन्क्लेव में शामिल सभी पेशेवरों को मदद करेंगे और साथ ही नई रणनीतियों को तैयार करने में सहायक होंगे। आईआईएसएसएम की स्थापना आरके सिन्हा, पूर्व संसद सदस्य (राज्य सभा) ने की थी। आईआईएसएसएम इन्डियन सोसाइटी एक्ट के तहत 1992 में पंजीकृत एक गैर-लाभकारी शैक्षिक संस्थान है। आईआईएसएसएम तीन दशकों से सुरक्षा, सुरक्षा और हानि निवारण उद्योग में शिक्षा और व्यावसायिकता के प्रसार में लगा हुआ है। आईआईएसएसएम एक आईएसओ 9001¬2015 प्रमाणित संस्थान है। यह सुरक्षा पेशेवरों के लिए विषयगत और अनुकूलित पाठ्यक्रम चलाता है और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और सेमिनार आयोजित करता है। यह सुरक्षा और सुरक्षा लेखा परीक्षा आयोजित करता है और भारत सरकार और कॉर्पोरेट्स को परामर्श सेवाएं प्रदान करता है। जानकारी के अनुसार समारोह का उद्घाटन 18 नवंबर 2022 को 10बजे होगा। इसके बाद कॉन्क्लेव में 2 मुख्य भाषण और 2 पैनलों की चर्चा होगी। इसमें पहले पैनल में राष्ट्र निर्माण में सुरक्षा, सुरक्षा और हानि निवारण की भूमिका विषय पर और दूसरे पैनल में तकनीकी प्रगति और सुरक्षा, सुरक्षा और हानि निवारण उद्योग में उनका अनुप्रयोग पर भाषण होंगे। इसी तरह 19 नवंबर 2022 को दो पैनल की चर्चा होगी।

# विवेक ने धारावी बैंक के लिए बढ़ाया 10 किलो वजन

बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय, जो अपने स्ट्रीमिंग शो धारावी बैंक की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, ने ओटीटी शो के लिए अपने फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन के बारे में बात की है। अपने शोध के दौरान, उन्होंने महसूस किया कि वह जिस पुलिस वाले की भूमिका निभा रहे हैं, उसकी फिजीक उनकी खुद की फिजीक से बहुत अलग होगी। उन्हें एक नया रूप धारण करने की आवश्यकता थी। अभिनेता ने सही आहार और सही व्यायाम के संयोजन के साथ 10 किलो वजन बढ़ाया। उन्होंने कहा, मैंने एक अच्छी तरह से एक रूटीन का पालन किया। हमने वास्तविक जीवन के पुलिस से संदर्भ लिए। जबकि नाटक शो का अभिन्न अंग है, हम चाहते थे कि लुक और फील जितना संभव हो उतना वास्तविक और विश्वसनीय हो। संतुलित भोजन, जैसा कि मेरे पोषण विशेषज्ञ द्वारा निर्धारित किया गया था, शुरूआती बिंदु था। यह प्रोटीन के साथ कार्ब्स का एक स्वस्थ संयोजन था। वर्कआउट के मोर्चे पर, उन्होंने कार्डियो और वेट ट्रेनिंग को बराबर भागों में किया। उन्होंने कहा, मुझे बड़ा दिखना था, लेकिन फुर्ती भी चाहिए, जिसे हमने सफलतापूर्वक हासिल किया। समित कक्कड़ द्वारा निर्देशित इस सीरीज का प्रीमियर 19 नवंबर को एमएक्स प्लेयर पर होगा।





## हर कलाकार ऐसा समय चाहता है दो शो के बीच संतुलन बनाने पर अनुराधा सिंह

अभिनेत्री अनुराधा सिंह फिलहाल पुष्पा इम्पॉसिबल और इमली समेत दो टीवी शो का हिस्सा हैं। अभिनेत्री का कहना है कि हालांकि दोनों को संतुलित करना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन वह इसे पसंद कर रही हैं। वह कहती हैं, शुरूआत में मेरे लिए यह बहुत मुश्किल था क्योंकि दोनों शो की टाइमिंग टकराती थी और उस दौरान के सभी सीक्वेंस महत्वपूर्ण थे। इन मुद्दों को संभालना बहुत मुश्किल था। लेकिन मुझे लगता है कि हर कलाकार अपने करियर में एक समय देखना चाहता है। जहां उनके पास समय नहीं है क्योंकि वे लगातार काम कर रहे हैं। मैं इस तरह के महान काम और चरित्रों से धन्य हूं। शो के बारे में बात करते हुए, वह कहती हैं, पुष्पा इम्पॉसिबल में मेरी भूमिका भावना की है। कहानी मुंबई की एक चॉल और लोगों के सामने आने वाली समस्याओं के बारे में है। पुष्पा (करुणा पांडे वैद्य) और भावना बहुत अच्छे और करीबी हैं। दोस्तों लेकिन जब तुलना की बात आती है, तो भावना कभी-कभी उसे बहुत दबंग पाती है। भावना का परिवार अच्छा चल रहा है और वास्तव में, उस क्षेत्र में उनकी कई दुकानें हैं और इसलिए उन्हें लगता है कि वह पुष्पा का रवैया क्यों अपनाए। मुझे लगता है, केवल मैं ही नहीं, हर कोई इस चरित्र से संबंधित होगा क्योंकि हम सभी के दिल में प्यार और नफरत की भावनाएं हैं। हमारे सभी जीवन में और दूसरों के साथ हमारे संबंधों में उतार-चढ़ाव आते हैं। वह आगे

में अथर्व (करण वोहरा) की चाची (चाची) हूं। यह एक हास्य नकारात्मक चरित्र है। कई बार ऐसा होता है जब मैं नहीं सोचती कि मुझे क्या कहना है। मुझे लगता है कि मैंने वास्तविक जीवन में भी गलती से ऐसा किया है। तो, इस तरह मैं चरित्र से संबंधित हूं। ऐसे समय होते हैं जब आप काफी सहज होते हैं और बाद में, आपको एहसास होता है कि ये बातें नहीं कही जानी चाहिए थीं।

## आफताब के लिए कविता कौशिक ने मांगी सजा-ए-मौत



प्यार, धोखा, मर्डर... मुंबई के लड़की-लड़का मिले, बातें बढ़ी..प्यार हुआ और फिर देश की राजधानी दिल्ली में लव स्टोरी का दर्दननाक अंत हो गया। सुनने में तो किसी फिल्म की कहानी लगती है लेकिन घटी असल जिंदगी में। लिव-इन पार्टनर आफताब पूनावाला द्वारा श्रद्धा वाकर का बेहरमी से मर्डर कर दिया गया। आफताब पूनावाला ने अपनी प्रेमिका मर्डर करने के बाद उसके शरीर के 35 टुकड़े कर दिए। इस घटना ने दिल्ली ही नहीं, बल्कि पूरा देश में लोगों को हैरान कर दिया। इस मर्डर के हर किसी को झकझोर कर रख दिया। इस दिल दहला देने वाली घटना पर आम इंसान से लेकर सेलेब्स तक अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। अब टीवी की चंद्रमुखी चौटाला यानी कविता कौशिक ने अपना गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने पोस्ट शेयर कर आफताब के लिए फांसी की मांग की। कविता कौशिक ने लिखा-इस लड़के को फांसी होनी चाहिए। इस जघन्य अपराध के लिए कोई और सजा नहीं है। बता दें कि दिल्ली पुलिस की हिरासत में मौजूद आफताब ने श्रद्धा की हत्या की बात कबूल कर ली है। पुलिस की पूछताछ में आफताब ने बताया कि उसे श्रद्धा को मारने का आइडिया वेब सीरीज डेक्सटर से आया था। उसने श्रद्धा के शव के टुकड़ों को फ्रिज में रख दिया था। वह हर रात 2 बजे लाश के टुकड़ों को फेंकने के लिए महरौली के जंगल में जाया करता था। वहीं अब श्रद्धा पाल्कर के पिता ने आफताब पूनावाला के लिए फांसी की सजा की मांग की है।



## अंजलि अपने सभी विचार मुझसे साझा करती रहती हैं: नित्या मेनन

अभिनेत्री नित्या मेनन, जो वर्तमान में अपनी आगामी स्ट्रीमिंग फिल्म वंडर वुमेन की रिलीज का इंतजार कर रही हैं, ने साझा किया है कि फिल्म निर्माता अंजलि मेनन उनके विचारों को हमेशा मुझे बताती रहती हैं। अंजलि की पहली फिल्म केरल कैफे के बाद से दोनों के बीच इस प्रथा के कारण वंडर वुमन भी निथ्या के रास्ते में आ गई। बात करते हुए, नित्या ने कहा, हमारा जुड़ाव बहुत पुराना है। केरल कैफे को 13 साल हो गए हैं और हमारी दोस्ती पहले से कहीं ज्यादा मजबूत है। अंजलि कहानी निर्माण प्रक्रिया के प्रारंभिक स्तर पर मेरे साथ अपने विचार साझा करती रहती है। हम इस पर चर्चा करते हैं और अपने संबंधित इनपुट जोड़ते हैं। वंडर वुमन भी इसी प्रथा के कारण बनी। गर्भवती

सामान्यीकृत विचार था। वंडर वुमन 18 नवंबर को सोनी लाइव पर रिलीज हो रही है।



## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जैकलीन को राहत

एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पटियाला हाउस कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। उन्हें कोर्ट ने मंगलवार (15 नवंबर) को 2 लाख रुपए के निजी मुचलके पर जमानत दे दी है। इसके साथ ही कोर्ट ने शर्त रखी है कि एक्ट्रेस बिना कोर्ट की इजाजत के देश छोड़कर बाहर नहीं जा सकती।

## साउथ की तरह हमें भी अपनी संस्कृति से जुड़े रहना है तभी झारखंड की पहचान बचेगी: अंशु शिखा लकड़ा

अंशु शिखा लकड़ा पिछले काफी समय से झॉलीवुड में सक्रिय हैं. वह कहती हैं कि झारखंड का संगीत कानों को सुकून देने वाला है. रैप सांग भी झॉलीवुड में बनने लगे हैं. सादरी, कुडुख और मुंडारी में भी रैप बन रहे हैं. इसमें समय के अनुसार बदलाव होता रहा है, जो अच्छा संकेत है.



झारखंड स्थापना दिवस 15 नवंबर को मनाया गया. इसी दिन बिहार से अलग होकर झारखंड अस्तित्व में आया था. खनिज संपदा से परिपूर्ण इस राज्य में कई पर्यटन स्थल हैं. प्रकृति ने झारखंड को जो नेमत दी है, फिल्म मेकर्स को हमेशा से उसकी तलाश रहती है. फिल्म जगत के लोगों को जंगल, पहाड़ और झरना हमेशा से आकर्षित करते रहे हैं. झारखंड में इसकी भरमार है.

**-झॉलीवुड में देखे गये हैं कई बदलाव**

झारखंड में कई बॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है. राज्य का अपना क्षेत्रीय सिनेमा उद्योग भी है, जिसे झॉलीवुड इंडस्ट्री कहा जाता है. इसमें भी समय के साथ-साथ काफी बदलाव देखा गया है. इस इंडस्ट्री के बारे में झारखंड की आदिवासी मॉडल और एक्ट्रेस अंशु शिखा लकड़ा कहती हैं कि समय के साथ हमने कदम से कदम मिलाना सीख लिया है. अंशु शिखा लकड़ा पिछले काफी समय से झॉलीवुड में सक्रिय हैं. वह कहती हैं कि झारखंड का संगीत कानों को सुकून देने वाला है. रैप सांग भी झॉलीवुड में बनने लगे हैं. सादरी, कुडुख और मुंडारी में भी रैप बन रहे हैं. इसमें समय के अनुसार बदलाव होता रहा है, जो अच्छा संकेत है. अपनी संस्कृति को दर्शाने वाले गाने भी बन रहे हैं. युवा यहां की कई भाषाओं में गीत लिख रहे हैं, अलबम बना रहे हैं. इससे युवा अपनी भाषा से जुड़ रहे हैं. अपनी जड़ों से जुड़ रहे हैं.

**-यूट्यूब ने सभी को दिया है बेहतरीन मंच**

झारखंड की फिल्म इंडस्ट्री की कमी के बारे में पूछने पर अंशु शिखा लकड़ा कहती हैं कि यूट्यूब ने सभी को एक बेहतरीन मंच दिया है. लेकिन, किसी भी विषय पर काम करने से पहले उसके बारे में जानकारी लेनी चाहिए. अभी ऐसा भी देखा जा रहा है कि मंच मिला है, तो कुछ भी परोस दिया जा रहा है. इस पर कंट्रोल करने की जरूरत है. आपको ध्यान रखना चाहिए कि आप जो कुछ भी कर रहे हैं, उसे पूरी दुनिया देखती है. तब वह आपका आकलन करती है. इसी के आधार पर आपकी इंडस्ट्री का भी आकलन होता है.

**-झारखंड में फिल्म सिटी बने तो बेहतर**

अंशु शिखा लकड़ा कहती हैं कि ऐसा कहा जा रहा था कि अपने झारखंड में फिल्म सिटी बनने जा रही है. अगर ऐसा होता है, तो यह बेहतर होगा. हमें अपनी संस्कृति से जुड़े रहना है. साथ ही नये कॉन्सेप्ट और थीम पर काम करना है. स्थानीय लोगों को इसको प्रमोट करना चाहिए. साउथ में हर तरह की फिल्में बनती हैं, लेकिन वे अपनी जमीन से जुड़े रहते हैं.

## नसीर की बहू बनेंगी करिश्मा!



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह के बेटे विवान शाह इन दिनों अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। बीते कई दिनों से खबरें आ रही है कि विवान एक्ट्रेस करिश्मा शर्मा को डेट कर रहे हैं। दोनों के रिलेशनशिप को 1 साल से अधिक समय हो गया है। हालांकि विवान और करिश्मा शर्मा ने अपने रिश्ते को ऑफिशियली स्वीकार नहीं किया है। हाल ही में करिश्मा शर्मा ने विवान शाह संग अपने रिश्ते को लेकर बात की है। एक इंटरव्यू के दौरान जब करिश्मा से विवान के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने बताया, पिछले साल, जब मेरे पिता का निधन हुआ, वह और उनका परिवार मेरे लिए वहां मौजूद थे। करिश्मा ने कहा, उनका परिवार मेरे परिवार जैसा है। वह मेरे जीवन में एक प्रिय, मेरे सबसे अच्छे दोस्त और एक आशीर्वाद हैं और मेरी मां उन्हें बहुत पसंद करती हैं। विवान को लेकर करिश्मा ने कहा, वह काफी प्यारे हैं, मेरे बेस्ट फ्रेंड और मेरे लिए ऊपरवाले की आशीर्वाद की तरह हैं। **हालांकि, जब भी** विवान से इसके बारे में पूछा गया है, तो उन्होंने इस बारे में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया और कहा कि वे इस बारे में अभी बात करने के लिए तैयार नहीं हैं। बता दें कि विवान शाह दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह और रत्ना पाठक के बेटे हैं। उन्होंने फिल्म 7 खून माफ से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। वह फिल्म हैप्पी न्यू ईयर में भी नजर आ चुके हैं।

## मानव गोहिल ने अपने मेकअप रूम को लेकर साझा किया अपना अनुभव

टीवी सीरियल मैं हूं अपराजिता के अभिनेता मानव गोहिल अपने टाइट शूटिंग शेड्यूल के कारण मेकअप रूम को अपने दूसरे घर में बदलने के बारे में बात कर रहे हैं। इसको लेकर अभिनेता का कहना है कि, मेकअप रुम निस्संदेह शो के सेट पर प्रत्येक अभिनेता के लिए सबसे महत्वपूर्ण तत्वों में से एक है। जब से मैंने इसे रूपांतरित किया है तब से मुझे अपना मेकअप रुम ज्याद पसंद है और अब यह मेरे दूसरे घर जैसा लगता है, एक ऐसी जगह जहां मैं हर बार सहज महसूस करता हूं। घर से दूर एक घर। 48 वर्षीय अभिनेता, जो कहानी घर घर की, सी.आई.डी., तेनाली रामा, अगले जनम मोहे बिटिया ही कीजो और कई अन्य का हिस्सा रह चुके हैं और आगे बताते हैं कि उनकी सभी पसंदीदा चीजें क्या हैं जिसे उन्होंने अपने मेकअप रूम में क्वालिटी टाइम बिताने के लिए रखा है। अभिनेता ने कहा, सुधार के हिस्से के रूप में, मैंने एक भूरे रंग की झुकनेवाला कुर्सी रखी है जो आराम करने के लिए एक आदर्श स्थान के रूप में कार्य करती है, एक बुकशेल्फ जिसमें कुछ पढ़ने के लिए बहुत सारे उपन्यास हैं, कुछ डम्बल और मेरी सुबह बनाने के लिए प्रेरक उद्धरण तैयार किए गए हैं, सकारात्मक वाइब्स से भरा हुआ। हर अभिनेता की तरह मेरा दिन भी तैयार होने और अपने मेकअप रूम में समय बिताने के साथ शुरू होता है, जिसमें ज्यादातर दृश्यों के लिए तैयार होना और रिहर्सल करना शामिल होता है। इसलिए, मैं कमरे को अपनी आरामदायक जगह में बदलना चाहता था। यह शो अपराजिता (श्वेता तिवारी द्वारा अभिनीत) के जीवन पर केंद्रित है, जो तीन बेटियों की मां है और मानव को उसके पूर्व पति अक्षय के रूप में देखा जाता है और श्वेता उसकी दूसरी पत्नी मोहिनी की भूमिका निभाती है। मैं हूं अपराजिता जी टीवी पर प्रसारित होता है।



## फातिमा सना शेख ने मिर्गी से लड़ाई की दास्तां साझा की

बॉलीवुड अभिनेत्री फातिमा सना शेख, जिन्हें जल्द ही सैम बहादुर में इंदिरा गांधी के रूप में देखा जाएगा, ने हाल ही में मिर्गी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए अपने सोशल मीडिया का सहारा लिया, जिससे वह भी पीड़ित हैं। नवंबर को मिर्गी जागरूकता माह के रूप में जाना जाता है। फातिमा सना शेख लोगों के बीच इसे संबोधित करने और उसी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं। अभिनेत्री ने इस कारण को संबोधित किया, जबकि उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर लोगों से अपनी कहानियों, संघर्षों और चुनौतियों को साझा करने के लिए बातचीत शुरू की। अपने इंस्टाग्राम के कहानी खंड में ले जाते हुए उन्होंने लिखा, यह मिर्गी का महीना है। अपनी कहानी, संघर्ष, चुनौतियां साझा करें या बस पूछें। उन्होंने यह भी बताया कि दंगल की तैयारी के दौरान उन्हें इस विकार के बारे में पता चला। उनके एक अनुयायी द्वारा यह पूछे जाने पर कि उन्हें इसके बारे में कब पता चला, अभिनेत्री ने लिखा, विकार का निदान तब हुआ, जब मैं दंगल के लिए प्रशिक्षण ले रही थी। मुझे एक एपिसोड मिला और मैं सीधे अस्पताल में जाग गई .. (मैं) पहले (पांच साल के लिए) इनकार में थी और अब, मैंने इसे गले लगाना, काम करना और इसके साथ रहना सीख लिया है। ऐसी हालात में वह कैसे काम कर रही हैं, इस पर फातिमा ने लिखा कि वह अपने सभी निर्देशकों को सूचित करती हैं कि उन्हें मिर्गी है। वे हमेशा बहुत सहायक और समझदार रहे हैं। वे उन चुनौतियों के बारे में जानते हैं, जिनका मुझे एपिसोड मिलने के दिनों में सामना करना पड़ सकता है।



Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# योगी आदित्यनाथ के आगमन से पहले सूरत में बुलडोजर के साथ कार्यकर्ताओं ने किया प्रचार

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

सूरत,गुजरात चुनाव का काउंट डाउन शुरू हो गया है और नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया खत्म होने के बाद कल से राजनीतिक दल प्रचार-प्रसार में जुट जाएंगे। भाजपा ने गुजरात चुनाव के प्रचार अभियान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों समेत राष्ट्रीय संगठन के नेताओं की फौज उतार दी। उत्तर प्रदेश के



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को चुनाव प्रचार के लिए गुजरात आ रहे हैं। योगी के आने से पहले बुलडोजर लेकर प्रचार तेज हो गया है। गुरुवार को सूरत की चौर्यासी निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत गोडादरा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुलडोजर लेकर प्रचार किया और कल होनेवाली योगी की जनसभा में शामिल होने की लोगों से अपील की। सूरत में शुक्रवार को भाजपा के 7-8 दिग्गज नेताओं की जनसभा का आयोजन किया गया है। जिसमें भाजपा शासित दो राज्यों के मुख्यमंत्री और एक उप मुख्यमंत्री समेत नेता अलग अलग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में जनसभा करेंगे। उत्तर प्रदेश समेत देशभर में बुलडोजर बाबा के नाम से विख्यात योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को सूरत के चौर्यासी निर्वाचन क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। योगी के आने से पहले स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता बुलडोजर में सवार होकर निकले और योगी की जनसभा में आने की अपील की। बता दें कि सूरत का चौर्यासी निर्वाचन क्षेत्र में बड़ी संख्या में हिन्दीभाषी लोग रहते हैं। हिन्दीभाषी वोटरो रिझाने के लिए भाजपा ने योगी आदित्यनाथ को मैदान में उतारा है। योगी की जनसभा में लोगों को आमंत्रित करने के लिए भाजपा की महिला समेत कार्यकर्ताओं ने बुलडोजर का उपयोग किया।

# पिता के समर्थन में आखिर पीछे हटा बेटा झगडिया सीट से नाम लिया वापस

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

भरूच,भरूच जिले की झगडिया की राजनीति में नया मोड़ आ गया है। पिता-पुत्र के बीच विवाद का सुखद समाधान हो गया है। भारतीय ट्रायबल पार्टी (बीटीपी) प्रमुख महेश वसावा ने झगडिया सीट से अपना नाम वापस ले लिया है। महेश वसावा ने अपने पिता छोटू वसावा के समर्थन में यह फैसला किया है। बता दें कि झगडिया सीट छोटू वसावा की परंपरागत सीट रही है। लेकिन अबकी बार बीटीपी प्रमुख महेश वसावा ने अपने पिता छोटू वसावा का टिकट काटकर खुद को झगडिया से उम्मीदवार घोषित कर दिया था। टिकट ना मिलने से नाराज छोटू वसावा ने निर्दलीय उम्मीदवारी दर्ज करा दी। छोटू वसावा के छोटे बेटे दिलीप वसावा ने भी अपना झगडिया से निर्दलीय नामांकन दाखिल कर दिया। दिलीप वसावा ने बीटीपी में अपने पिता का अपमान होते देख पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था और निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया था। हांलाकि बीते दिन दिलीप वसावा ने अपने पिता के समर्थन में नाम वापस ले लिया था। अब महेश वसावा ने छोटू वसावा के समर्थन में अपना नाम वापस ले लिया है। पारिवारिक विवाद के चलते चुनाव में झगडिया सीट चर्चा में आई थी। झगडिया के मौजूदा विधायक छोटू वसावा पिछले 7 टर्म से लगातार इस सीट से प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। बावजूद इसके महेश वसावा ने झगडिया सीट से खुद को उम्मीदवार घोषित कर दिया था। हांलाकि अंतिम क्षण में बाप-बेटे के बीच सुखद समाधान हो गया है। वर्ना पारिवारिक लड़ाई में तीसरे को फायदा हो सकता था।

# पीएम मोदी सीमा पर खड़े हो जाएं तो चीन को पीछे भागना पड़ेगा : सीआर पाटील

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

मेहसाणा,गुजरात चुनाव के लिए राज्य में सियासी हलचल तेज हो गई है। दोनों चरणों के लिए नामांकन प्रक्रिया आज खत्म हो गई और सभी राजनीतिक दल कल प्रचार-प्रसार पर जोर लगाएंगे। आज मेहसाणा पहुंचे गुजरात प्रदेश भाजपा प्रमुख सीआर पाटील ने पड़ौसी देशों को लेकर बड़ा बयान दिया। पाटील ने कहा कि पीएम मोदी ने पाकिस्तान के घर में घुसकर उसको मुंहतोड़ जवाब दिया है। चीन भी आगे बढ़ने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा। मोदी जी अगर सीमा पर खड़े हो जाएं चीन को पीछे भागना पड़ जाएगा। चीन अगर देश की सीमा में घुसा तो उसका शव वापस जाता है। मेहसाणा के खेरालू में उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने वलसाड में कहा



था कि मैं चुनाव अपना ही रिकार्ड तोड़ने के लिए लड़ता हूं। ऐसे में हमे पीएम मोदी को भरासा दिलाना है कि हम अपने सभी रिकार्ड तोड़ देंगे। भाजपा कार्यकर्ता जीतता है और सत्ता प्राप्त कर जनता की सेवा करता है। सत्ता का सदुपयोग करने वाला कभी असफल नहीं होता और चुनाव में भाजपा और पांच साल के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। आज विरोधी भी मान रहे हैं कि गुजरात में फिर एक बार भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और अमित शाह ने एक एक कार्यकर्ता को ढूंढ ढूंढ कर टिकट दिया है, जिसमें कोई बिल्डर या बड़ा आदमी नहीं है। भाजपा के ही कार्यकर्ताओं को चुनाव मैदान में उतारा गया है। पाटील ने कहा कि अपना संगठन बड़ा है तो कम सीटें नहीं चलेंगे, कम से कम 150 सीट तो चुनाव में जीतना ही है। भाजपा को ऐसे कार्यकर्ता चाहिए जो चुनाव जिता सके। खेरालु क्षेत्र में 30000 पन्ना समिति के सदस्य हैं। जहां एक घर के ३ वोटों को जोड़ें तो 90000 वोट होते हैं। डेढ़ लाख में से 90000 वोट भाजपा को मिलते हैं तो हमारी जीत सुनिश्चित है। इस मौके पर पाटील ने विपक्षी दलों पर कड़े प्रहार करते हुए रेवडीवाले से सभी सतर्क रहें। साथ ही कहा कि 8 दिसंबर के बाद के टिकट कैंसल करवा देना, क्योंकि 8 दिसंबर के बाद रेवडीवाला को कहीं जाने की जरूत नहीं होगी। उन्होंने अरविंद केजरीवाल का नाम लिए बगैर उन्हें रेवडीवाला और महाठग बताया। साथ ही कहा कि उनका नाम मत लो केवल महाठग कहो। गुजरात में जितनी रेवडियां बांटी हैं उनकी गिनती करो तो राज्य का बजट भी कम पड़ जाएगा। बाकी के पैसे कहां से आएंगे इसका जवाब रेवडीवाले को देना चाहिए। सीआर पाटील ने कहा कि भ्रष्टाचार की बात कर केजरीवाल लोगों को गुमराह कर रहे हैं। जबकि उनके कई मंत्री जेल में बंद हैं। ऐसा लगता है कि कुछ दिनों के बाद केजरीवाल को कैबिनेट की बैठक भी जेल में बुलानी पड़ेगी। ऐसे लोगों पर गुजरात के लोग भरोसा ना करें। उन्होंने कहा कि क्षेत्रिय पार्टियों को वोट देने से अपने वोट बर्बाद होते हैं और देश असुरक्षित हो जाता है। कांग्रेस राष्ट्रीय पार्टी थी और दावा करती थी कि खंभा भी चुनाव मैदान में खड़ा हो जाए तो वह जीत जाती थी। लेकिन आज कांग्रेस एक पारिवारिक पार्टी बन गई है। जिसमें मां, बेटा और जमाई है। चाचा, मामा और पौत्र सभी उनके ही हैं। जबकि भाजपा में परिवारवाद की कोई जगह नहीं है।

# मोरबी पुल हादसा उच्चतम स्तर की धोखाधड़ी का कृत्य - दिग्विजय सिंह

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने मोरबी पुल हादसे को लेकर दावा किया कि यह उच्चतम स्तर की धोखाधड़ी का कृत्य है। गुजरात में विधानसभा चुनाव से पहले संवाददाताओं को संबोधित कर रहे राज्यसभा सदस्य सिंह ने कहा कि पिछले महीने हुए पुल हादसे से बड़ी कोई प्रशासनिक विफलता नहीं हो सकती और मुख्यमंत्री पटेल को इस घटना के बाद इस्तीफा दे देना चाहिए था। पुल हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी। मोरबी में मच्छु नदी पर बना झूलता पुल 30 अक्टूबर को अधिक संख्या में लोगों के चढ़ने के बाद गिर गया था। इसे हादसे से चार दिन पहले ही पुल को मरम्मत के बाद खोला गया था।

सिंह ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में एक पुल हादसे पर तृणमूल कांग्रेस के एक नेता की 'एक्ट ऑफ गॉड (ईश्वर का कृत्य)' की टिप्पणी के जवाब में उसे 'एक्ट ऑफ फ्रॉड (धोखधड़ी भरा कृत्य)' बताया था। मोदीजी मोरबी हादसा एक्ट ऑफ गॉड था या एक्ट ऑफ फ्रॉड?'' मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया, ''यह उच्चतम स्तर की धोखधड़ी थी और मोदीजी, आप जिम्मेदार और जवाबदेह हैं।'' सिंह ने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को इस घटना के बाद इस्तीफा दे देना चाहिए।

उन्होंने आरोप लगाया, ''एक विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाया गया है, लेकिन आज तक कोई अधिसूचना जारी नहीं की गयी। एसआईटी क्यों बनाई गयी? एसआईटी आरोपी अपराधियों को बचाने का सबसे आसान तरीका है।''कांग्रेस नेता ने दावा किया, ''यह नरेंद्र मोदी और (केंद्रीय गृह मंत्री) अमित शाह तथा गुजरात के मुख्यमंत्री के शासन का मॉडल है जिन्हें रिमोट से संचालित किया जा रहा है।'' उन्होंने प्रधानमंत्री को राजनीति के अपराधीकरण के लिए जिम्मेदार ठहराया। सिंह ने कहा कि मोदी ने आपराधिक पृष्ठभूमि वाले जनप्रतिनिधियों के खिलाफ कार्रवाई का वादा किया था लेकिन कुछ नहीं बदला।

उन्होंने मोरबी पुल ढहने से संबंधित प्राथमिकी में अजंता मैन्युफैक्चरिंग या ओरेवा समूह (जिसने पुल की मरम्मत की थी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का नाम नहीं होने पर भी सवाल उठाया और कहा कि उनके खिलाफ अभी तक कोई लुकआउट नोटिस जारी नहीं किया गया है। सिंह ने दावा किया, ''यह मोदी के संरक्षण की वजह से है। यह अपराधीकरण, भ्रष्टाचार और कमीशन का सबसे बड़ा उदाहरण है। अगर किसी दूसरे राज्य में ऐसा होता तो पूरे देश में हाहाकार मच जाता।''

